चैत्र कृष्ण पक्ष द्वादशी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 6 अप्रैल 2024
वर्ष 4, अंक 48, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

हल्द्वानी
एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



भ्रमित करने वाले एक हजार तारों की खोज 14
सोनाक्षी सिन्हा ने रिकॉर्ड ब्रेकिंग में पूरा किया शॉट 13

पढ़ते रहिये...
अमृत विचार
फेस्टिवल ऑफर
₹5/- प्रतिदिन

## एक नजर

### महिला दरोगा से छेड़छाड़ करने के आरोप में रेंजर निलंबित

**रामनगर।** कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के ढेला रेंज के वन क्षेत्राधिकारी (रेंजर) अजय कुमार ध्यानी को प्रमुख वन संरक्षक (हॉफ) अनूप मलिक ने निलंबित कर दिया है। रेंजर ध्यानी पर महिला वन दरोगा के साथ लैंगिक उत्पीड़न करने का आरोप लगा था। शिकायतकर्ता ने ध्यानी पर कई गंभीर प्रवृत्ति के आरोप लगाए। जिस पर कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के निदेशक ने शिकायत को उच्चाधिकारियों को भेजा। मामले में प्रमुख वन संरक्षक ने जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाते हुए रेंजर अजय कुमार ध्यानी को प्रथम दृष्टया दोषी पाए जाने पर उत्तराखंड राज्य कर्मचारी आचरण नियमावली के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। निलंबन की अवधि में अजय कुमार ध्यानी वन क्षेत्राधिकारी प्रभागीय वनाधिकारी कालागढ़ टाइगर रिजर्व प्रभाग लैंसडाउन के कार्यालय से संबद्ध रहेंगे।

### भोजशाला : याचिकाकर्ता के सर्वे में शामिल होने की मंजूरी से कोर्ट का इनकार

**इंदौर।** मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने धार के भोजशाला विवाद के मुकदमे के पक्षकारों में से एक को भोजशाला-कमाल मौला मस्जिद परिसर में जारी सर्वे में शामिल होने की अनुमति देने से इनकार कर दिया है। कोर्ट ने कहा कि इसका कोई आधार नहीं बनता है। हाईकोर्ट के आदेश पर एएसआई भोजशाला के विवादित परिसर में 22 मार्च से सर्वे कर रहा है। सर्वे का आदेश भोजशाला से जुड़े विचाराधीन मुकदमे के पक्षकारों में शामिल संगठन हिंदू फ्रंट फॉर जस्टिस के आवेदन पर दिया गया था। हाईकोर्ट हिंदू और मुस्लिम पक्षों की चार याचिकाओं पर एक साथ सुनवाई कर रहा है। न्यायमूर्ति एस ए धर्माधिकारी और न्यायमूर्ति गजेंद्र सिंह ने इनमें से एक याचिका दायर करने वाले लोगों में से कुलदीप तिवारी की अर्जी सभी संबद्ध पक्षों की दलीलें सुनने के बाद रद कर दी है।

# मदरसा शिक्षा : इलाहाबाद उच्च न्यायालय के फैसले पर सुप्रीम कोर्ट की रोक

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ के 22 मार्च के मदरसा बोर्ड के संबंध में दिए गए फैसले पर रोक लगा दी। लखनऊ पीठ ने उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा बोर्ड अधिनियम 2004 को असंवैधानिक और धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांत का उल्लंघन करने वाला करार दिया गया था। इस पर रोक लगने से करीब 17 लाख मदरसा छात्रों को राहत मिलेगी।

तीन-सदस्यीय पीठ ने हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ दायर याचिकाओं में उठाए मुद्दों पर विचार करने योग्य पाया तथा केंद्र, उत्तर प्रदेश सरकार और अन्य को नोटिस जारी किए। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने हाईकोर्ट के फैसले में '2004 अधिनियम की प्रथम दृष्ट्या गलत व्याख्या' मानते हुए कहा कि हाईकोर्ट का निर्देश 17 लाख छात्रों के अधिकारों पर आघात करेगा, क्योंकि विशेष शिक्षा का चयन करना हमेशा छात्रों और उनके माता-पिता की पसंद रही है। यह सुनिश्चित करने में राज्यों के वाजिब हित हैं कि छात्र गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से वंचित न रहें।

पीठ ने अपने आदेश में कहा कि हाईकोर्ट इस निष्कर्ष पर पहुंचा है कि 2004 का अधिनियम धर्मनिरपेक्षता, बुनियादी ढांचे और मौलिक अधिकारों का उल्लंघन करता है। ये निष्कर्ष हालांकि मदरसा बोर्ड को सौंपी नियामक शक्ति से मेल खाते हैं। संविधान के अनुच्छेद 28(1) में प्रावधान है कि सरकार से पूर्ण सहायता प्राप्त संस्थानों में कोई धार्मिक शिक्षा नहीं दी जाएगी। प्रदेश सरकार ने दलील दी कि 17 लाख छात्रों को नियमित संस्थानों में समायोजित किया जा सकता है और फैसले पर रोक लगाई गई तो राज्य को 1096 करोड़ रुपये का वित्तीय बोझ उठाना पड़ेगा।



सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि उच्च न्यायालय ने मदरसा अधिनियम के प्रावधानों को रद्द करते हुए छात्रों को स्थानांतरित करने का निर्देश दिया। इससे 17 लाख छात्र प्रभावित होंगे...हमारा मानना है कि छात्रों को अन्य स्कूलों में स्थानांतरित करने का निर्देश उचित नहीं था। राज्य 30 जून, 2024 तक जवाब दायर करेगा। एसएलपी को जून 2024 के दूसरे सप्ताह में अंतिम निपटान के लिए सूचीबद्ध किया जाएगा। उच्च न्यायालय के 22 मार्च, 2024 के आक्षेपित आदेश और फैसले पर रोक रहेगी।

### 1,096 करोड़ खर्च करती है सरकार

उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल के.एम. नटराज ने कहा कि प्रदेश सरकार मदरसों पर हर साल 1,096 करोड़ का वित्तीय बोझ उठाती है। अटॉर्नी जनरल के. वेंकटरमणी ने कहा कि हाईकोर्ट के फैसले का मदरसों के पंगु होने पर प्रभाव नहीं पड़ेगा और इसका एकमात्र परिणाम यह होगा कि उन्हें कोई सरकारी सहायता नहीं मिलेगी।

### मदरसों की तरफ से क्या दी गई दलील

याचिकाकर्ताओं की तरफ से कहा गया कि मदरसों में गणित, विज्ञान, हिंदी, अंग्रेजी और अन्य विषय पढ़ाए जाते हैं। यह मानना गलत है कि मदरसों में केवल धार्मिक शिक्षा दी जाती है। हरिद्वार और ऋषिकेश में भी बहुत प्रसिद्ध गुरुकुल हैं जो बहुत अच्छा काम कर रहे हैं। क्या आप उन्हें यह कहकर बंद कर देंगे कि वे धार्मिक शिक्षा के स्थान हैं?

### मदरसा अधिनियम रद करना समाधान नहीं

सुप्रीम कोर्ट ने कहा, प्रथम दृष्टया इलाहाबाद उच्च न्यायालय की यह बात सही नहीं प्रतीत होती कि बोर्ड का गठन धर्मनिरपेक्षता का उल्लंघन होगा। प्रथम दृष्टया उच्च न्यायालय ने 2004 के अधिनियम के प्रावधानों के गलत अर्थ निकाले, जो (अधिनियम) किसी भी धार्मिक निर्देश का प्रावधान नहीं करता है। मदरसा अधिनियम रद करना समाधान नहीं, बल्कि यह सुनिश्चित करने के लिए उपयुक्त निर्देश जारी करना होगा कि छात्र गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से वंचित न रहें।

# सातवीं बार रेपो दर 6.5 प्रतिशत पर कायम

## चालू वित्त वर्ष की पहली द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा, ईएमआई में नहीं होगा बदलाव

मुंबई, एजेंसी

- 2024-25 में वृद्धि दर सात प्रतिशत रहने का अनुमान
- मकान, वाहन समेत ईएमआई में बदलाव की संभावना कम

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को चालू वित्त वर्ष की पहली द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा में लगातार सातवीं बार नीतिगत दर रेपो में कोई बदलाव नहीं किया और इसे 6.5 प्रतिशत पर बरकरार रखा। महंगाई को चार प्रतिशत पर लाने और वैश्विक अनिश्चितता के बीच आर्थिक वृद्धि को गति देने के मकसद से नीतिगत दर को यथावत रखा गया है। केंद्रीय बैंक ने 2024-25 के लिए जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) वृद्धि दर के सात प्रतिशत और खुदरा मुद्रास्फीति के अनुमान को भी 4.5 प्रतिशत पर बरकरार रखा गया है। रेपो वह ब्याज दर है, जिसपर वाणिज्यिक बैंक अपनी तात्कालिक जरूरतों को पूरा करने के लिये केंद्रीय बैंक से कर्ज लेते हैं। आरबीआई मुद्रास्फीति को काबू में रखने के लिये इसका उपयोग करता है।

रेपो दर को 6.5 प्रतिशत पर बरकरार रखने का मतलब है कि मकान, वाहन समेत विभिन्न कर्जों ईएमआई में बदलाव की संभावना कम है। आरबीआई को खुदरा मुद्रास्फीति दो प्रतिशत घट-बढ़ के साथ चार प्रतिशत पर रखने की जिम्मेदारी मिली हुई है। आरबीआई के गवर्नर शक्तिकान्त दास ने मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) के इन निर्णय की जानकारी दी। एमपीसी के छह सदस्यों में से पांच...डॉ. शशांक भिड़े, डॉ. आशिमा गोयल, डॉ. राजीव रंजन, डॉ. माइकल देबब्रत पात्रा और शक्तिकांत दास ने नीतिगत रेपो दर को बरकरार रखने के पक्ष में मतदान किया जबकि प्रो. जयंत आर वर्मा ने इसमें 0.25 प्रतिशत कमी के पक्ष में मत दिया।

एमपीसी सदस्यों ने लक्ष्य के अनुरूप खुदरा महंगाई को लाने के लिए उदार रुख को वापस लेने के अपने निर्णय को भी कायम रखने का फैसला किया है। दास ने कहा, आर्थिक वृद्धि की मजबूत संभावनाएं इस बात की गुंजाइश देती हैं कि केंद्रीय बैंक मुद्रास्फीति को चार प्रतिशत पर लाने के अपने लक्ष्य पर ध्यान दे सके। चूंकि खाद्य पदार्थों की कीमतों में अनिश्चितताएं लगातार चुनौतियां बनी हुई हैं, ऐसे में एमपीसी महंगाई बढ़ने के जोखिम को लेकर सतर्क है।'' आर्थिक वृद्धि का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा, ''ग्रामीण मांग में मजबूती, रोजगार तथा असंगठित क्षेत्र की स्थिति में सुधार, मुद्रास्फीतिक दबाव कम होने और विनिर्माण तथा सेवा क्षेत्र की गतिविधियों के रफ्तार पकड़ने से निजी उपभोग बढ़ेगा। आरबीआई गवर्नर ने कहा हमारा अनुमान है कि कि देश की सकल घरेलू उत्पाद की वास्तविक वृद्धि दर 2024-25 में सात प्रतिशत रहेगी। जून तिमाही में आर्थिक वृद्धि दर सात प्रतिशत, सितंबर तिमाही में 6.9 प्रतिशत रहने का अनुमान है। चालू वित्त वर्ष की तीसरी और चौथी तिमाही में अर्थव्यवस्था के सात प्रतिशत की दर से बढ़ने की उम्मीद है।

### सब्जियों की दर पर नजर रखेंगे : दास

**मुंबई।** आरबीआई के गवर्नर शक्तिकान्त दास ने शुक्रवार को कहा कि केंद्रीय बैंक सब्जियों की कीमतों पर नजर बनाए रखेगा जो बढ़ती गर्मी से प्रभावित हो सकती हैं। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने देश के कई हिस्सों में इस साल गर्मी के मौसम (अप्रैल से जून) में लू चलने का पूर्वानुमान लगाया है। दास ने कहा कि गेहूं की उपलब्धता पर उतना असर नहीं पड़ेगा जितना दो साल पहले पड़ा था जब मार्च से काफी लू चली थी। उन्होंने कहा कि मुद्रास्फीति कम होने का अंतिम पड़ाव हमेशा चुनौतीपूर्ण और मुश्किल होता है।




### स्वर्ण भंडार तैयार करने में जुटा भारत

**मुंबई।** दास ने नीतिगत समीक्षा बैठक के बाद कहा, हम सोने का भंडार बना रहे हैं जो हमारे मुद्रा भंडार नियोजन का एक हिस्सा है। हालांकि, उन्होंने इस भंडार के लिए खरीदे गए सोने की मात्रा के बारे में कोई जानकारी नहीं दी, लेकिन आधिकारिक आंकड़ों की ओर इशारा किया जो स्वर्ण भंडार के मूल्य में वृद्धि को दर्शाता है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, 22 मार्च को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार में सोने का मूल्य 51.48 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक था। यह मार्च, 2023 के अंत के मूल्य से 6.28 अरब अमेरिकी डॉलर अधिक है। हाल ही में आई एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, आरबीआई ने सिर्फ जनवरी महीने में 8.7 टन सोना खरीदा जो दो साल में सबसे अधिक है।

### यूपीआई से जमा कर सकेंगे नकदी

**नयी दिल्ली।** आरबीआई यूपीआई से नकदी जमा करने वाली मशीन की सुविधा देगा। पीपीआई (प्रीपेड पेमेंट इंस्ट्रूमेंट्स) कार्ड धारकों को बैंक खाताधारकों की तरह तीसरे पक्ष के यूपीआई ऐप से यूपीआई भुगतान की सुविधा देने का भी प्रस्ताव है। वर्तमान में नकद जमा करने की मशीन में पैसा जमा करने के लिए मुख्य रूप से डेबिट कार्ड का उपयोग किया जाता है।

# कांग्रेस ने जनगणना समेत किए कई वादे

नई दिल्ली, एजेंसी

**घोषणापत्र जारी**

- पार्टी ने अपने घोषणा पत्र को 'न्याय पत्र' नाम दिया जो पांच 'न्याय' और 25 'गारंटी' पर आधारित

कांग्रेस ने लोस चुनाव के लिए शुक्रवार को घोषणापत्र जारी किया, जिसमें उसने जाति जनगणना कराने, आरक्षण की सीमा बढ़ाकर 50 प्रतिशत से अधिक करने, किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी देने और नई शिक्षा नीति में संशोधन करने समेत कई वादे किए हैं। पार्टी ने घोषणा पत्र को 'न्याय पत्र' नाम दिया है। यह पांच 'न्याय' और 25 'गारंटी' पर आधारित है।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि घोषणा पत्र में भविष्य के भारत की तस्वीर है। राहुल गांधी ने कहा कि यह चुनाव, संविधान और लोकतंत्र को नष्ट करने का प्रयास करने वालों और इन्हें बचाने की कोशिश करने वालों के बीच होने जा रहा है। कांग्रेस मुख्यालय में पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी और राहुल गांधी की मौजूदगी में घोषणापत्र जारी हुआ। संगठन महासचिव के सी वेणुगोपाल, महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा, घोषणा पत्र समिति के प्रमुख और पूर्व वित्त मंत्री पी चिदंबरम आदि भी मौजूद थे।

पार्टी ने वादा किया है कि उसकी सरकार बनने पर वह जाति आधारित जनगणना कराएगी और आरक्षण की अधिकतम सीमा को 50 प्रतिशत से बढ़ाया जाएगा। आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के 10 प्रतिशत आरक्षण को सभी वर्ग के गरीबों के लिए लागू करेगी। नई शिक्षा नीति पर राज्य सरकारों के साथ परामर्श कर संशोधन होगा।

### कांग्रेस का घोषणापत्र 'झूठ का पुलिंदा' : भाजपा

भाजपा ने कांग्रेस के घोषणापत्र को 'झूठ का पुलिंदा' करार देते हुए आरोप लगाया कि कांग्रेस ने विधानसभा और लोकसभा चुनाव के लिए अपने घोषणापत्र में किए किसी भी वादे को पूरा नहीं किया। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि मतदाताओं के बीच भ्रम पैदा करने के लिए कांग्रेस इस तरह का घोषणापत्र लेकर आई है। कांग्रेस का घोषणापत्र झूठ का पुलिंदा है।

# आरओ/एआरओ परीक्षा पेपर लीक का आरोपी गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- सिपाही भर्ती परीक्षा पेपर लीक कराने वाले मास्टर माइंड की निशानदेही पर हुई कार्रवाई

**अमृत विचार :** समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी (आरओ/एआरओ) परीक्षा-2023 का प्रश्नपत्र लीक कराने वाले मुख्य आरोपी को एसटीएफ ने गिरफ्तार कर लिया है। एसटीएफ को यह कामयाबी तब मिली जब सिपाही भर्ती पेपर लीक के मास्टर माइंड राजीव नयन मिश्रा से पूछताछ की गई। राजीव की निशानदेही पर आरओ/एआरओ परीक्षा पेपर लीक कराने वाले अमित सिंह को एसटीएफ मुख्यालय बुलाया गया। इसी के बाद एसटीएफ ने ये मामला भी खोल दिया।

अमित लखनऊ के गाजीपुर थाना क्षेत्र के इंदिरानगर में रहता है। वह पूरे वैस पुरवा करनैलगंज, गोंडा का निवासी है। वह लखनऊ के गोमतीनगर में कामर्स की कोचिंग चलाता था। बलिया के दीपक दुबे के माध्यम से अमित राजीव से मिला। डील के बाद अमित ने राजीव को टीजीटी परीक्षा– 2020, 2021 का पेपर पढ़ाने को 20 लाख दिया था। उसने कई परीक्षाओं में राजीव को अभ्यर्थी दिए। एसटीएफ के पुलिस उपाधीक्षक लाल प्रताप सिंह के नेतृत्व में मामले की जांच की जा रही है।

# रामनवमी पर 20 घंटे होंगे रामलला के दर्शन, प्रसार भारती करेगा प्रसारण

अयोध्या कार्यालय

- सात लाइन से पहुंचेंगे श्रद्धालु, श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की बैठक में लिया गया निर्णय

**अमृत विचार :** रामनवमी पर राम मंदिर में श्रद्धालुओं को रामलला के 20 घंटे दर्शन सात लाइन के जरिए होंगे। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की बैठक शुक्रवार को अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास के आश्रम मणिराम दास छावनी में हुई। इसमें ट्रस्ट के महासचिव चंपतराय ने बताया कि रामलला के जन्मोत्सव का प्रसारण प्रसार भारती करेगा। श्रद्धालुओं की संख्या का आकलन अभी संभव नहीं है। उन्होंने अभी 20 घंटे दर्शन की तिथि और समय नहीं बताया है। उनका कहना है कि परिस्थितियों को देखकर निर्णय लिया जाएगा।

उन्होंने कहा कि राम मंदिर में बालकराम के श्रृंगार, भोग, आरती के लिए चार घंटा लग रहा है। किसी भी परिस्थिति में समय का परिवर्तन नहीं हो सकता है, लेकिन बाकी समय श्रद्धालु दर्शन से वंचित न रहे इसकी व्यवस्था होगी। वर्तमान में 14 घंटे दर्शन हो रहे हैं। सुबह साढ़े छह से रात साढ़े नौ बजे तक दर्शन होते हैं। बीच में दोपहर 12 से एक बजे तक दर्शन बंद रहता है।

### 15 से 18 तक पास निरस्त

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने निर्णय लिया है कि रामनवमी पर आने वाली भीड़ को देखते हुए 15 से 18 अप्रैल तक किसी भी प्रकार का विशेष पास जारी नहीं किया जाएगा। पूर्व में ऑनलाइन के माध्यम से जारी हुए पास भी निरस्त होंगे।

# नेपाल में अमरजीत, ढाका में सर्वजीत छिपा

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** नानकमत्ता डेरा कार सेवा प्रमुख बाबा तरसेम सिंह हत्याकांड के चार मददगारों की गिरफ्तारी के बाद अब सभी टीमें दोनों हत्या आरोपियों की तलाश में जुट गई हैं। सूत्र बताते हैं कि दोनों हत्या आरोपियों की लोकेशन ट्रेस हो गई है। पुलिस का दावा है कि शीघ्र ही उन्हें पकड़ लिया जाएगा। इधर, पुलिस कप्तान ने हत्या आरोपियों पर इनाम राशि बढ़ाकर एक-एक लाख रुपये घोषित करने की सिफारिश की है।

नानकमत्ता डेरा कार सेवा प्रमुख बाबा तरसेम की 28 मार्च को हत्या करने के बाद हत्यारे अमरजीत सिंह और सर्वजीत सिंह बिलासपुर, रामपुर, बरेली और शाहजहांपुर में छिपे थे। बीते दिवस पकड़े गए चारों मददगारों ने उनकी आर्थिक और साधन मुहैया कराकर मदद की थी। इन मददगारों से पुलिस को कई महत्वपूर्ण जानकारियां मिली हैं। जिनके आधार पर पुलिस टीमें दबिशें दे रही हैं। हत्या आरोपी लगातार अपना ठिकाना बदल रहे हैं। इस दौरान उन्होंने पंजाब में भी कई स्थानों पर पनाह ली। सूत्र बताते हैं कि पुलिस का दबाव बढ़ने पर पंजाब से दोनों हत्या आरोपी अलग हो गए। सर्वजीत सिंह के बांग्ला देश की राजधानी ढाका में छिपे होने की बात कही जा रही है। वहीं अमरजीत सिंह नेपाल पहुंच गया है।



- एसटीएफ को मिली दोनों की सही लोकेशन, बार-बार बदल रहे बाबा तरसेम के हत्यारे अपना ठिकाना

### पुलिस की टीमें नेपाल प्रहरी की मदद से दे रही हैं दबिश

जानकारियों को पुष्ट करने के लिए पुलिस व एसटीएफ ने नेपाल में डेरा डाल दिया है। ये टीमें नेपाल प्रहरी की मदद से वहां दबिशें दे रही हैं। लेकिन लगातार ठिकाना बदलने की वजह से वह पकड़ में नहीं आ पा रहा है। उधर, सर्वजीत की तलाश में भी टीमें जुटी हैं। स्थानीय पुलिस ढाका पुलिस के संपर्क में है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मंजूनाथ टीसी का कहना है कि टीमों को महत्वपूर्ण जानकारियां मिली हैं। कोशिश है कि हत्यारोपियों को शीघ्र पकड़ लिया जाएगा। दोनों हत्या आरोपियों पर इनाम राशि बढ़ाने को भी पुलिस मुख्यालय को लिखा गया है।

# निर्वाचन आयोग ने भाजपा संबंधी बयान पर आतिशी को नोटिस दिया

नई दिल्ली, एजेंसी



- आतिशी के भाजपा में शामिल होने के लिए संपर्क के बयान पर आयोग सख्त

निर्वाचन आयोग ने आप नेता आतिशी को शुक्रवार को कारण बताओ नोटिस जारी किया और उनसे इस बयान का तथ्यों के साथ समर्थन करने के लिए कहा कि भाजपा ने पार्टी में शामिल होने के लिए उनसे संपर्क किया था। भाजपा ने आतिशी के झूठे बयान पर एक दिन पहले आयोग का रुख किया था, जिस पर आयोग सख्त है।

आयोग की नोटिस में कहा कि आतिशी दिल्ली सरकार में मंत्री हैं और एक राष्ट्रीय पार्टी की नेता हैं। सार्वजनिक मंच से नेताओं द्वारा जो भी कहा जाता है उस पर मतदाता विश्वास करते हैं और इस तरह से उनके दिए बयान प्रचार विमर्श को प्रभावित करते हैं। वह अपेक्षा करते है कि आप नेता के दिए बयानों का तथ्यात्मक आधार होना चाहिए। आतिशी ने दो अप्रैल को दावा किया था कि भाजपा ने उनसे पार्टी में शामिल होने या एक महीने में गिरफ्तार होने के लिए तैयार रहने को संपर्क किया था। उन्होंने कहा था, भाजपा ने मेरे करीबी व्यक्ति के माध्यम से मुझसे संपर्क किया।

### आयोग क्या भाजपा का सहायक संगठनः आतिशी

आप नेता आतिशी ने कारण बताओ नोटिस मिलने के बाद निर्वाचन आयोग से सवाल किया कि क्या यह भाजपा का सहायक संगठन है। आतिशी ने आरोप लगाया कि आयोग से उन्हें नोटिस का ईमेल भेजे जाने से एक घंटे पहले भाजपा ने इसे मीडिया में लीक कर दिया। मुख्यमंत्री केजरीवाल की गिरफ्तारी और चुनाव से पहले कांग्रेस के बैंक खाते को फ्रीज किए जाने के बाद आयोग ने केंद्रीय एजेंसियों को नोटिस क्यों नहीं जारी किया। भाजपा के आपत्तिजनक पोस्टर पर आयोग को पत्र लिखे, कार्रवाई नहीं हुई।

**अनियमित जीवनशैली** | विशेषज्ञों के अनुसार बच्चों में मधुमेह का माता-पिता से सीधा कनेक्शन, 5 से 17 साल तक के बच्चे हो रहे शिकार

# ...अपनी ही ममता को बांटा जा रहा मिठास भरा दर्द

अंकित चौहान, बरेली

**एक्सक्लूसिव**



- जिला अस्पताल आने वालों बच्चों में दस फीसदी टाइप 1 मधुमेह से पीड़ित
- परिजनों से 70% बच्चों को जन्मजात मधुमेह होने का होता है खतरा

**अमृत विचारः** माता पिता की खराब जीवन शैली और दिनचर्या के कारण व्यस्क तो डायबीटिज के शिकार तो हो ही रहे, इसके कारण अपनी संतान का भी जिंदगी भर का दर्द दे रहे हैं। विशेषज्ञों की मानें तो बच्चों में डायबीटिज का माता पिता से सीधा कनेक्शन है। अकेले बरेली शहर में हर माह 5 से 10 बच्चे टाइप वन डायबीटिज पीड़ित मिल रहे हैं। सबसे बड़ी समस्या ये है कि बच्चों की टाइप वन डायबीटिज के इलाज के नाम पर इंसुलिन लेना ही है।

हर मां-पिता चाहते हैं कि उनके बच्चे कभी बीमार न पड़े। बच्चों को स्वस्थ रखने के लिए हर समय उनका ख्याल रखते हैं। उनको चौंकाने बात ये हो सकती है कि उनके खराब लाइफ स्टाइल का फर्क उनके साथ साथ उनके बच्चों का जीवन खराब कर सकता है। जिला अस्पताल स्थित एनसीडी यानि गैर संचारी रोग केंद्र पर 5 से 17 साल तक ऐसे मरीज पहुंच रहे हैं जो कि मधुमेह टाइप 1 से ग्रसित हैं। टाइप 1 के सर्वाधिक मामलों में कारण अनुवांशिक होता है।

**शरीर में नहीं बनता इंसुलिन :** वरिष्ठ फिजिशियन डॉ. अनुपम शर्मा ने बताया कि जिन बच्चों के माता-पिता दोनों मधुमेह से ग्रसित हैं तो उनके बच्चों को मधुमेह होने का खतरा 70 फीसदी तक होता है, वहीं अगर माता-पिता में अगर किसी एक को मधुमेह है तो बच्चों को इसका खतरा 30 फीसदी तक होता है। दरअसल, मधुमेह टाइप 1 अनुवांशिक होता है। इसका होने का मुख्य कारण यह है कि शरीर में इंसुलिन नहीं बनता है इसलिए बच्चे को जीवन भर इंसुलिन लगवाना पड़ता है।

### दस फीसदी तक बच्चों में हो रही मधुमेह टाइप 1 की पुष्टि

एनसीडी क्लीनिक प्रभारी डॉ. मयंक के अनुसार हर माह यहां आने वाले 100 मरीजों में 5 से 10 ऐसे बच्चें हैं जो कि मधुमेह टाइप 1 से ग्रसित मिल रहे हैं। इन मरीजों में 5 से 18 साल तक के मरीज शामिल हैं। हालांकि मरीजों के इलाज के लिए पर्याप्त दवाएं, इंसुलिन समेत अन्य संसाधन मौजूद हैं। हालांकि हर कुछ बच्चे जिनका इलाज निजी अस्पताल में चल रहा है वह भी केंद्र पर आकर इंसुलिन लगवा रहे हैं।

### इन बातों का रखें ध्यान, फौरन लें डॉक्टर की सलाह

बार बार पेशाब जाना कई प्रकार की स्वास्थ्य समस्याओं को संकेत माना जाता है, पर अगर अत्यधिक प्यास के साथ बार-बार पेशाब आने की समस्या महसूस होती है तो ये मधुमेह का संकेत हो सकता है। बच्चे में इस तरह के लक्षणों पर जरूर ध्यान दें। कई बार टाइप-1 डायबिटीज के संकेत बहुत स्पष्ट नहीं होते हैं, इसलिए इन लक्षणों पर ध्यान देकर आप गंभीर जटिलताओं के खतरे को कम कर सकते हैं।

# ग्रामीणों ने लगाए रोड नहीं तो वोट नहीं के पोस्टर

## 20 वर्षों से सड़क की मांग कर रहे हैं चकलुवा रामपुर के लोग, सड़क पर उतरकर किया प्रदर्शन, नारे लगाए

प्रदर्शन

संवाददाता, कालाढूंगी

**अमृत विचार :** चकलुवा रामपुर के ग्रामीणों ने लोकसभा चुनाव का बहिष्कार करने का ऐलान किया है। उन्होंने क्षेत्र में रोड नहीं तो वोट नहीं के पोस्टर भी लगाए हैं। शुक्रवार को आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क पर उतरकर प्रदर्शन करते हुए जमकर नारेबाजी की। ग्रामीणों का कहना है कि वे 20 वर्षों से सड़क की मांग कर रहे हैं, लेकिन अभी तक किसी भी जिम्मेदारी अधिकारी और जनप्रतिनिधि ने उनकी सुध नहीं ली है।

ग्रामीण चंदन साह ने बताया कि सड़क न बनने से ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। वर्ष 2004 में लोनिवि ने सड़क का सर्वे किया था, लेकिन भूमि विवाद के चलते कार्य नहीं हो पाया। जिसके बाद वर्ष 2014 में कोर्ट केस जीतने के बाद ग्रामीणों ने स्थानीय विधायक व अधिकारियों से सड़क बनाने की गुहार लगाई, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हो पाई। स्थानीय निवासी सोमवती ने कहा कि आज पहाड़ के दूरस्थ क्षेत्रों में सड़क पहुंच रही है, लेकिन उनके क्षेत्र में 300 मीटर सड़क नहीं बन पा रही है।

ग्राम प्रधान जोगेन्द्र प्रसाद ने कहा कि सड़क न बनने से लोग परेशान हैं। सड़क बनवाने के लिए पूरे प्रयास किये जा रहे हैं। प्रदर्शन करने वालों चंद्रबल्लभ जोशी, किशन साह, गोविन्द साह, मदन दिगारी, गोपाल साह, प्रताप सैनी, राकेश, चंदन कन्याल, दिनेश कन्याल, कलावती जोशी, बाबू लाल सैनी, चंद्रा साह, बबली देवी आदि शामिल रहे।



सड़क की मांग को लेकर प्रदर्शन करते चकलुवा रामपुर के ग्रामीण। ● अमृत विचार

### बोले जनप्रतिनिधि और ग्रामीण

"वर्ष 2008 में क्षेत्र पंचायत सदस्य चुना गया। उसके बाद मेरी पत्नी प्रधान बनी तब से रोड की मांग की जा रही पर कोई कार्यवाही नहीं की गई।"
**–कुंदन जंतवाल**, पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य

"25 वर्ष से सड़क की मांग कर रहे हैं। बरसात में खासी परेशानी उठानी पड़ती है। स्कूली बच्चों को लाने और ले जाने के लिए परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।"
**–कलावती जोशी**, स्थानीय ग्रामीण

"आजादी के बाद भी क्षेत्र में सड़क का न होना दुर्भाग्यपूर्ण है। कई बार जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों से गुहार लगाई, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।"
**–पार्वती देवी**, स्थानीय ग्रामीण

### चुनाव बहिष्कार वापस कराने के प्रयास तेज

**भीमताल, अमृत विचार :** विकासखंड ओखलकांडा के ग्राम कूकना के ग्रामीण क्षेत्र में विकास न होने के कारण चुनाव बहिष्कार का ऐलान कर चुके हैं। ऐसे में ग्रामीणों के चुनाव बहिष्कार को वापस कराने के प्रयास तेज हो गये हैं। ग्रामीणों की मांग सुनने के बाद विभागीय अधिकारियों ने ग्रामीण जनप्रतिनिधियों से वार्ता की और चुनाव बहिष्कार का निर्णय वापस लेने को कहा। राजीव गांधी सेवा केंद्र में बैठक के दौरान कूकना के पूर्व ग्राम प्रधान मदन नौलिया ने अधिकारियों के सामने पशु प्रसार अधिकारी की तैनाती करने, कैड़ागांव में विद्यालय का उच्चीकरण कर शिक्षकों की तैनाती करने व सिंचाई संबंधी समस्याओं को रखा। जिस पर अधिकारियों ने ग्रामीणों को तुरंत कार्यवाही करने का आश्वासन दिया। पूर्व प्रधान ने बताया कि शनिवार को सीडीओ के साथ बैठक के बाद ही चुनाव बहिष्कार पर निर्णय लिया जाएगा। इस दौरान खंड शिक्षा अधिकारी ओखलकांडा सुहित नेगी, पंचायती राज अधिकारी ललित कुमार, प्रकाश, अरुण कुमार लोशाली, विनोद भट्ट, तेज सिंह नेगी, देवेंद्र कुमार, विपिन कुमार, नरेश कुमार, मदन सिंह, प्रदीप आर्य, वीरेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### विभिन्न समस्याओं को लेकर ईओ को सौंपा ज्ञापन

**भीमताल :** नगर पालिका के अतंर्गत व्याप्त समस्याओं को लेकर सामाजिक कार्यकर्ता पूरन बृजवासी ने अधिशासी अधिकारी (ईओ) उदयवीर सिंह को ज्ञापन सौंपा और समस्याओं के शीघ्र निराकरण की मांग की। उन्होंने ज्ञापन के माध्यम से ग्रीष्मकालीन सीजन को देखते हुए पिकनिक स्पॉट, पार्कों व शहर की सड़कों की सफाई व्यवस्था नियमित करने, डांठ मार्केट, ब्लॉक रोड, मल्लीताल मार्केट में नालियों को नियमित साफ करने, नवनिर्वाचित वार्ड 3 व 4 की सड़क के दोनों ओर फैले कूड़े का निस्तारण करने की मांग की। जिस पर ईओ ने बताया कि कर्मचारियों के चुनाव संबंधित कार्यों में व्यस्त होने के कारण जनहित के कार्य रुके हुए हैं। शीघ्र ही उन्हें पूरा कराया जाएगा।


ईओ को ज्ञापन सौंपते पूरन बृजवासी।

### नुक्कड़ नाटक और रैली से किया जागरूक

**भीमताल :** मतदाता जागरूकता अभियान के तहत ओखलकांडा और कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक का मंचन किया। साथ ही खनस्यूं बाजार में जागरूकता रैली भी निकाली और मतदाताओं को लोकसभा चुनाव के लिए मतदान करने की शपथ दिलाई गई। इस दौरान इंद्र कुमार आर्य, उदय शंकर, लीला रुवाल, वार्डन सुशीला जोशी, थाना प्रभारी रोहिताश सागर, क्षेत्र पंचायत सदस्य रवि गोस्वामी आदि मौजूद रहे।

### पूर्व कांग्रेस नेता चौधरी के निधन पर शोक

**भीमताल :** कांग्रेस के पूर्व नगर अध्यक्ष और समाजसेवी मनोहर लाल चौधरी का बीते गुरुवार की शाम निधन हो गया। 84 वर्षीय चौधरी लंबे समय तक कांग्रेस में रहे। उन्होंने कई क्षेत्रीय आंदोलनों में सक्रिय भूमिका भी निभाई। उनके निधन पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शोक व्यक्त कर श्रद्धांजलि अर्पित की। शोक व्यक्त करने वालों में कांग्रेस नगर अध्यक्ष डीके डालाकोटी, ब्लॉक प्रमुख डॉ. हरीश सिंह बिष्ट, देवेंद्र सिंह चनोतिया, सतीश लाल वर्मा, इंद्रजीत बिष्ट समेत कई लोग शामिल रहे।

### आस्था अधिकारी का असिस्टेंट प्रोफेसर पद पर चयन



**नैनीताल :** कुमाऊं विश्वविद्यालय डीएसबी परिसर के वाणिज्य विभाग की शोध छात्रा आस्था अधिकारी का लोक सेवा आयोग उत्तराखंड से असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर चयन हुआ है। आस्था वाणिज्य विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. अतुल जोशी के निर्देशन में शोध कार्य कर रही हैं तथा यूजीसी के एसआरएफ पर चयनित हैं। उनकी इस उपलब्धि पर कुलपति प्रो. दीवान एस रावत, प्रो. नीता बोरा शर्मा, डीएसडब्लू प्रो. संजय पंत, प्रो. ललित तिवारी, डॉ. आरती पंत, डॉ. विजय कुमार, डॉ. ममता जोशी, डॉ. निधि वर्मा, डॉ. हिमानी जलाल, डॉ. जीवन उपाध्याय, डॉ. विनोद जोशी, अंकिता आर्या, डॉ. तेज प्रकाश, डॉ. पूजा जोशी, डॉ. गौतम रावत, पंकज भट्ट, प्रीति ने बधाई दी है।

# स्थानीय मुद्दे उठाकर वोट मांग रहे प्रकाश

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** नैनीताल लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी ने अपना चुनाव प्रचार तेज कर दिया है। वह रोजाना चुनाव प्रचार से संबंधित चार से पांच कार्यक्रमों में भाग ले रहे हैं। कांग्रेस प्रत्याशी ने फिलहाल अपने चुनाव प्रचार को छोटी सभाओं, स्थानीय मुद्दों को उठाने पर केंद्रित किया है।

नैनीताल लोकसभा सीट से कांग्रेस ने जब प्रकाश जोशी को अपना उम्मीदवार बनाया तो पार्टी में काफी विरोध हुआ। टिकट न मिलने से नाराज होकर पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता दीपक बल्यूटिया ने त्याग पत्र तक दे दिया। हालांकि बाद में उन्हें पार्टी में शामिल कर लिया गया। इसी तरह कालाढूंगी विधानसभा सीट के बड़े कांग्रेसी नेता ने भी कांग्रेस को छोड़ दिया और भाजपा का दामन थाम लिया। इन विरोधों के बीच प्रकाश जोशी ने अपना चुनाव प्रचार शुरू किया। प्रकाश जोशी ने मैदान में बने रहने के लिए साधारण तरीके से ही चुनाव लड़ना बेहतर समझा है। प्रकाश जोशी जहां भी चुनावी सभा कर रहे हैं वहां बड़े मुद्दों के साथ उस क्षेत्र के मुद्दों को उठा रहे हैं। जैसे कि भीमताल विधानसभा क्षेत्र में उन्होंने लघु किसानों को फसल उचित मुआवजा दिलाए जाने और जंगली जानवरों की समस्या से निजात दिलाए जाने का वादा किया। लदफोड़ा में बिना सहमति के जमीनों की खरीद का मुद्दा उठाया। हल्द्वानी में सड़कों को ठीक करने की बात कर रहे हैं। साथ ही वह छोटी नुक्कड़ सभाओं पर जोर दे रहे हैं। कांग्रेस के स्थानीय नेताओं का कहना है कि छोटी जनसभा में प्रत्याशी जनता को आसानी से अपनी बात समझा पाता है। चूंकि प्रकाश जोशी का टिकट समय पर घोषित हो गया था इसलिए वह पूरे लोकसभा क्षेत्र में छोटी-छोटी नुक्कड़ सभाएं करने पर जोर दे रहे हैं। इधर, कांग्रेस ने भी राज्य के लिए स्टार प्रचारकों की सूची जारी कर दी है। जल्द ही पार्टी के बड़े नेताओं की भी सभाएं होंगी।


कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी।

### कांग्रेस प्रत्याशी ने किया चुनाव प्रचार

**हल्द्वानी :** कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी ने शुक्रवार को चुनाव प्रचार किया। उन्होंने भाजपा पर महंगाई, भ्रष्टाचार बढ़ाने का आरोप लगाया। उनके समर्थन में विधायक सुमित हृदयेश, पूर्व विधायक संजीव आर्या ने भी चुनाव प्रचार किया। दमुवाढूंगा, मानपुर पश्चिम, नारायण नगर, राजपुरा आदि इलाकों में कांग्रेसियों ने उनके पक्ष में वोट मांगे।

## भाजपा को सत्ता से उखाड़ फेंकने का लिया संकल्प

**गरमपानी, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव की तिथि नजदीक आने के साथ ही कांग्रेस पार्टी ने चुनाव प्रचार तेज कर दिया है। गरमपानी व बेतालघाट में चुनाव कार्यालय का शुभारंभ कर ग्रामीण क्षेत्रों में प्रचार की रणनीति तैयार की गई। कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंप सांसद प्रत्याशी प्रकाश जोशी को रिकार्ड मतों से जीत दिलाने का आह्वान किया।

ब्लॉक अध्यक्ष शेखर दानी ने कार्यकर्ताओं से भाजपा को सत्ता से उखाड़ फेंकने का आह्वान किया। कहा कि समस्यायों से आमजन परेशान हो चुका है। कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने सांसद प्रत्याशी जोशी को रिकार्ड मतों से जीत दिलाने का संकल्प लिया। इस दौरान पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष मोहित पंत, पूरन चंद्र, दयाल राम, मनोहर सिंह बिष्ट आदि मौजूद रहे।

# कांग्रेस को झंडा उठाने के लिए नहीं मिल रहे कार्यकर्ता: अजय

संवाददाता, कालाढूंगी

**अमृत विचार :** नैनीताल-ऊधमसिंह नगर लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट ने शुक्रवार को कालाढूंगी, बैलपड़ाव व कोटाबाग में चुनाव प्रचार किया। इससे पूर्व कार्यकर्ताओं ने अजय भट्ट का फूलमालाओं से जोरदार स्वागत किया। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए भट्ट ने कहा कि कांग्रेस डूबता जहाज है। भाजपा के कार्यकर्ता पूरी लोकसभा में चुनाव प्रचार कर रहे हैं, लेकिन कांग्रेस को झंडा उठाने के लिए कार्यकर्ता नहीं मिल रहे हैं।

भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार ने तराई भाबर के लिए अति महत्वाकांक्षी जमरानी बांध परियोजना के निर्माण को वित्तीय स्वीकृति प्रदान कर काश्तकारों की लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि 19 अप्रैल को कमल चुनाव चिन्ह का बटन दबाकर प्रधानमंत्री मोदी को लगातार तीसरी बार देश का नेतृत्व सौंपना है। उन्होंने कांग्रेस से भाजपा में शामिल हुए महेश शर्मा के साथ प्रधान व लोगों का स्वागत भी किया। इस दौरान जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, विधायक बंशीधर भगत, प्रदेश मंत्री राकेश नैनवाल, महामंत्री रंजन बर्गली, नवीन भट्ट, प्रदेश प्रवक्ता विकास भगत, देवेंद्र ढैला, विक्रम जंतवाल, जोगा सिंह मेहरा, रवि कन्याल, विनोद बधानी, मुकेश वर्मा, मयंक तिवारी, हरीश मेहरा, गोधन सिंह, भगवान तिवारी, मोहन पाल, गंगा सामंत समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।


कालाढूंगी में सांसद प्रत्याशी अजय भट्ट का स्वागत करते कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

## क्षेत्रीय दल ही जनता का भला कर सकते हैं: ऐरी



**हल्द्वानी, अमृत विचार :** उत्तराखंड क्रांति दल (उक्रांद) के मुखानी स्थित कार्यालय में शुक्रवार को पत्रकार वार्ता आयोजित की गई। पूर्व केंद्रीय अध्यक्ष काशी सिंह ऐरी ने बताया कि पार्टी ने पौड़ी से आशुतोष नेगी, हरिद्वार सीट से मोहन असवाल और नैनीताल से शिव सिंह रावत (पूर्व सैनिक) को अपने प्रत्याशी घोषित किया है। उन्होंने कहा कि अल्मोड़ा सीट पर उत्तराखंड परिवर्तन पार्टी (उपपा) और टिहरी में बेरोजगार संघ के अध्यक्ष बॉबी पंवार को उक्रांद अपना समर्थन दे रही है। राष्ट्रीय दलों के पास बड़ा तामझाम है, जनता उनके भ्रम में आ रही है लेकिन क्षेत्रीय दल ही उनका भला कर सकते हैं। हम बार-बार जनता को यह बता रहे हैं। कहा कि जब विधायक ही यह कहने लगे कि गैरसैंण में सत्र मत करो तो यह राज्य के लिए चिंताजनक है। नैनीताल सीट से पार्टी प्रत्याशी शिव सिंह रावत ने कहा कि जिन खेतों से हमारे पूर्वज पूरे परिवार का पेट पालते थे, सही नीतियां न होने से आज वे बंजर हो गए और लोग पहाड़ से पलायन करने लगे। इस दौरान सुशील उनियाल, दिनेश चंद्र भट्ट, आनंद सिंह, मोहन कांडपाल, रवि वाल्मीकि आदि उपस्थित रहे।

## कांग्रेस ने घर-घर तिरंगा अभियान चलाया

**रामनगर, अमृत विचार :** पूर्व विधायक रणजीत रावत के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने रामनगर शहर में जगह-जगह घर-घर तिरंगा झंडा अभियान चलाया। पंपापुर, भारतपुरी, दुर्गापुर लखनपुरी में घर-घर हाथ का तिरंगा झंडा लहराकर सेल्फी ली गई। कार्यकर्ताओं ने सोशल मीडिया पर गणेश गोदियाल के पक्ष में मतदान करने की अपील की। साथ ही साथ फॉरेस्ट कंपाउंड कैनाल कॉलोनी हनुमान गढ़ी में जनसंपर्क अभियान भी किया। इस दौरान भुवन चंद्र शर्मा, नवीन सुनेजा, भारत बन्धु रावत, वीना रावत, ममता आर्य, मनवर सिंह रावत, प्रताप सिंह रौतेला मौजूद रहे।

## भाजपा को नहीं मोदी को किया है ज्वाइन: कृष्णान

**रामनगर, अमृत विचार :** धर्मगुरु आचार्य प्रमोद कृष्णन शुक्रवार को रामनगर में पूर्व ब्लॉक प्रमुख संजय नेगी के आवास पर पहुंचे। जहां संजय नेगी सहित उनके समर्थकों ने आचार्य कृष्णन का जोरदार स्वागत किया। कांग्रेस से निष्कासित आचार्य कृष्णन ने कांग्रेस पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि आज देश में कोई चुनाव नहीं है। पूरा देश मोदी के साथ है। देश में जो चुनाव हो रहा है, उसमें विपक्ष में न नेता हैं न नीति है और न ही नीयत है। जिसका फायदा पूरी तरह भाजपा को मिल रहा है। भाजपा में शामिल होने के सवाल पर उन्होंने कहा कि मैंने भाजपा को ज्वाइन नहीं किया है, बल्कि मोदी को ज्वाइन किया है। कांग्रेस महात्मा गांधी के मार्ग से हटकर अब वामपंथ के मार्ग पर जा रही है।


आचार्य कृष्णन का स्वागत करते संजय नेगी व उनकी पत्नी मंजू नेगी।

# अधिकारियों से लगाई फरियाद फिर भी नहीं सुधरे मार्ग के हालात

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** एक ओर प्रदेश सरकार सड़कों को गड्ढा मुक्त बनाने का दावा कर रही है, लेकिन धरातल पर हकीकत कुछ और ही कहानी बयां कर रही है। सरोवर नगरी नैनीताल में कई आतंरिक मार्ग बदहाल पड़े हैं। इन मार्गों के गड्ढे हादसों को न्योता दे रहे हैं।

शहर के बिरला मार्ग में जगह-जगह गड्ढे हो गये हैं। जिसमें वाहन चलना तो दूर लोगों का पैदल चलना भी दूभर हो गया है। स्थानीय लोग कई बार मार्ग को ठीक करने की मांग को लेकर लोक निर्माण विभाग और नगर पालिका के अधिकारियों से फरियाद लगा चुके हैं, लेकिन आज तक मार्ग को दूरस्थ नहीं किया गया है। स्थानीय निवासी आनंद बताते हैं कि दिन में मार्ग के गड्ढे दिख जाते हैं। मगर रात के समय गड्ढे नहीं दिखाई देते। जिस वजह से कई बार रात को बाइक सवार गिरकर घायल हो जाते हैं। स्थानीय निवासी अंकित कहते हैं कि मार्ग पैदल यात्रियों के लिए बेहद खतरनाक हो गया है। कई बार गड्ढों में गिरकर लोग घायल भी हो चुके हैं। बीते चार साल से मार्ग खराब पड़ा है।

कई बार मार्ग को ठीक करने की मांग को लेकर लोनिवि और नगर पालिका के अधिकारियों को पत्र भेजा है पर कोई कार्रवाई नहीं हो पाई।


बदहाल बिरला मार्ग।

"शहर की सड़कों और आंतरिक मार्गों की स्थिति सुधारने के लिए 19 करोड़ का बजट मिला है। प्रथम चरण में बारापत्थर, मालरोड की सड़कों को दुरुस्त किया जा रहा है। 5 अप्रैल से जू मार्ग और बिरला मार्ग के सुधारीकरण का काम किया जाएगा।"
**–रत्नेश सक्सेना**, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग नैनीताल













## एक नजर

### दंपति के शव परिजनों को सौंपे, निदा अब भी गंभीर

**हल्द्वानी** : टांडा जंगल में सड़क हादसे में मृत दंपत्ति के शव परिजनों के सुपुर्द कर दिए गए। बता दें कि गुरुवार को खेड़ा रुद्रपुर निवासी जहूर अहमद कार से अपनी पत्नी राशिदा और बेटी निदा के साथ अपने भाई के घर नैनीताल जा रहे थे। बेलबाबा मंदिर और एस मोड़ के बीच कार पेड़ से टकरा गई। हादसे में दंपति की मौत हो गई। शुक्रवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सौंप दिए गए। इधर, एक निजी अस्पताल में निदा की हालत अब भी नाजुक बनी हुई है।

### बिजली के पोल में लगी आग, आपूर्ति की बंद

**हल्द्वानी** : शुक्रवार दोपहर नैनीताल रोड स्थित बाटा शोरूम के पास बिजली के पोल में आग लग गई। जिसके चलते बिजली के तार सड़क पर आ गिर पड़े और बिजली विभाग को बिजली आपूर्ति थोड़ी देर के लिए बंद करनी पड़ी। बिजली विभाग के ईई प्रदीप बिष्ट ने बताया कि बिजली के पोल से जियो फाइबर की केबल गुजर रही थी जिसमें स्पार्किंग के चलते आग लग गई। फायर ब्रिगेड ने आग बुझाई।

### रोडवेज में यात्री का पर्स चुरा रहे जेबकतरे को धुना

**हल्द्वानी** : हल्द्वानी रोडवेज परिसर में शुक्रवार को एक यात्री का पर्स चुराने के आरोप में लोगों ने युवक को पकड़ लिया और जमकर धुना। उत्तरांचल रोडवेज कर्मचारी यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष कमल पपनै ने बताया कि एक यात्री यात्री काउंटर रूम के सामने बस का इंतजार कर रहा था। तभी जेबकतरे ने उसका पर्स उड़ा लिया। यात्री के शोर करने पर लोगों की भीड़ जमा हो गई और लोगों ने आरोपी को धर दबोचा। भीड़ ने उसकी पिटाई की और चेतावनी देकर छोड़ दिया।

### निर्माणधीन मकान में चोरी, सामान उड़ाया

**हल्द्वानी** : बिन्दुखत्ता निवासी हीरा सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि उसका जयदेवपुर गोकुल धाम में मकान बन रहा है। बीती 4 अप्रैल को वह जब काम देखने के गया तो गेट का ताला टूटा था और पानी की मोटर आदि सामान गायब था।

### मोटे मुनाफे के चक्कर में खुलेआम हो रही महंगी दवाओं की बिक्री, इन केंद्रों में अन्य कंपनियों की दवाएं रखने की नहीं है अनुमति

# जन औषधि केंद्र के नाम पर हो रहा ब्रांडेड दवाओं का धंधा

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार** : आमजन को सस्ती दवाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्रों की शुरूआत की गई। इन केंद्रों में जेनरिक दवाएं बेहद ही सस्ते दामों में मिलती हैं। रक्तचाप, मधुमेह, कॉलस्ट्रॉल, एलर्जी, गठिया आदि बीमारियों की दवाएं ब्रांडेड दवाओं के मुकाबले कम दाम पर उपलब्ध रहती हैं। शहर में भी कई जगहों पर प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र खोले गए हैं लेकिन समस्या यह है कि जन औषधि केंद्रों के नाम पर इनमें से कुछ केंद्रों पर ब्रांडेड दवाएं बेचे जाने का धंधा चल रहा है। कुछ पीएम जन औषधि केंद्रों के बाहर बोर्ड तो प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र का लगा हुआ है लेकिन अंदर जन औषधि के साथ ही ब्रांडेड दवाएं भी रखी गईं हैं, जबकि नियम के तहत जन औषधि केंद्रों के अंदर ब्रांडेड दवाएं नहीं रखी जा सकतीं हैं। इसके बावजूद यह काम खुलेआम हो रहा है। पूर्व में एक शहर के कुछ जन औषधि केंद्रों पर ब्रांडेड दवाएं बेचे जाने पर कार्रवाई भी हुई थी। सजा के तौर पर इनको अपना केंद्र कुछ दिन बंद रखना पड़ा था लेकिन बाद में फिर से केंद्रों में फिर से ब्रांडेड दवाएं बेची जाने लगीं।

#### यह है फर्क

| सॉल्ट का नाम | बीमारी | दाम (जन औषधि) | दाम (ब्रांड) |
|---|---|---|---|
| -टेल्मीसर्तन -डाइसोडियम | रक्तचाप | 19 रुपये | 70 से 100 रुपये |
| हाइड्रोजन साइट्रेट सिरप | यूरीन इंफेक्शन | 22 रुपये | 70 से 90 रुपये |
| -लिवो सिट्राजिन एंड मोंट्रूक्लॉस | एलर्जी | 30 रुपये | 50 से 70 रुपये |
| -पैनटॉप | गैस | 22 रुपये | 90 से 100 रुपये |
| -ग्लिमेपिराइड मेटफॉर्मिन | मधुमेह | 24 रुपये | 50 से 70 रुपये |
| -मल्टी विटॉमिन | ताकत | 30 रुपये | 100 से 150 रुपये |



#### यूं कमाते हैं लाभ

जन औषधि केंद्र की दवा के दाम काफी कम होते हैं। साथ ही इनको बेचने में अधिकतम लाभ 30 प्रतिशत तक होता है। रक्तचाप की आने वाली दवा मेटोप्रोलोल 50 एमजी का एक पत्ता जन औषधि केंद्र में नौ रुपये तक मिलता है। जिसको बेचने में अधिकतम 2.70 रुपये बचेंगे। वहीं अन्य ब्रांड जो सस्ते दामों में दवा बेचते हैं, उसमें 40 से 50 रुपये तक के दाम होंगे और दुकानदार को करीब 10 से 15 रुपये तक का लाभ होगा। ग्राहक बस यहीं फंसता है कि मेटोप्रोजोल 50 एमजी को प्रचलित ब्रांडों को लेने में यह दवा 70 से 90 रुपये तक में आती है।



#### बोले औषधि नियंत्रक

जन औषधि केंद्र में ब्रांडेड दवाओं की बिक्री को लेकर संबंधित संस्थान से पत्राचार किया गया है। वहां से उत्तर आने का इंतजार है।
**-मीनाक्षी बिष्ट**, औषधि नियंत्रक, हल्द्वानी

#### इस तरह से होता है खेल

ग्राहक जब जन औषधि केंद्रों पर दवा लेने पहुंचते हैं तो उसे बताया जाता है कि वह जो दवा लेने आया है वह खत्म हो गई है और उसे उसकी जगह ब्रांडेड दवा पकड़ा दी जाती है। अमूमन उन ब्रांडों की दवा दी जाती है जो जन औषधि के दामों से तो महंगी होती हैं लेकिन बाजार में प्रचलित ब्रांडों से सस्ती होती हैं। कभी-कभी तो ग्राहक को यह भी नहीं बताया जाता है कि दवा खत्म हुई है या नहीं और उसे सीधे ही ब्रांडेड दवा दी जाती है। इस खेल में ग्राहक को फंसाने के लिए हमेशा इसी बात का ध्यान रखा जाता है कि उसे उसी ब्रांड की दवा दी जाए जिसमें भारी छूट देने की गुंजाइश हो।

# संकट: एसटीएच में हेपेटाइटिस की दवा खत्म होने से मरीज परेशान

### सीएमओ कार्यालय से होती है दवा की आपूर्ति, एसटीएच में खोला गया है मॉडल ट्रीटमेंट सेंटर

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार**: सुशीला तिवारी अस्पताल (एसटीएच) में हेपेटाइटिस की दवा खत्म हो गई है। सीएमओ कार्यालय का कहना है कि शीघ्र ही दवा की आपूर्ति करवा दी जाएगी। फिलहाल दवा नहीं होने से मरीज परेशान हैं।

हेपेटाइटिस लीवर से जुड़ी बीमारी है। यह गंभीर बीमारी होती है। जिसमें रोगी की मृत्यु होने का भी खतरा रहता है। हेपेटाइटिस के निशुल्क उपचार के लिए एसटीएच में मॉडल ट्रीटमेंट सेंटर खोला गया है। यहां रोजाना 15 से 20 मरीज हेपेटाइटिस के पहुंच रहे हैं। हर माह 50 से 100 नए हेपेटाइटिस के मरीज अस्पताल में पहुंचते हैं। शुक्रवार को अस्पताल में हेपेटाइटिस की दवा खत्म हो गई। यहां आने वाले रोगियों में उत्तर प्रदेश के रोगियों की भी बड़ी संख्या है। एसटीएच में दवा की आपूर्ति सीएमओ कार्यालय नैनीताल से होती है तथा मुख्य चिकित्साधीक्षक (सीएमओ) कार्यालय में दवा की आपूर्ति देहरादून से होती है। देहरादून में हेपेटाइटिस की दवा केंद्रीय स्वास्थ्य विभाग की ओर से भेजी जाती है। हर माह दवा की आपूर्ति के लिए एसटीएच में बने सेंटर से मांग पत्र सीएमओ कार्यालय को भेजा जाता है। इस बार भी मांग पत्र सीएमओ कार्यालय को भेजा गया है लेकिन सीएमओ कार्यालय में देहरादून से दवा नहीं आने की वजह से दवा की आपूर्ति शुक्रवार सुबह तक नहीं हो पाई। फिलहाल अस्पताल में हेपेटाइटिस के मरीजों को बिना दवा के ही लौटना पड़ा है। सीएमओ कार्यालय से जानकारी मिली है कि हेपेटाइटिस की दवाओं की आपूर्ति शीघ्र हो जाएगी।



#### टीबी की दवा की आपूर्ति होगी शीघ्र

एसटीएच की टीबी की निशुल्क मिलने वाली दवाओं की आपूर्ति बंद हो गई है। राजकीय मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अरुण जोशी ने बताया कि दवा की आपूर्ति जल्द करवा दी जाएगी। इसके लिए प्रयास किए जा रहे हैं।

हेपेटाइटिस की दवा केंद्रीय स्वास्थ्य विभाग से राज्य में भेजी जाती है। हमने मांग पत्र भेज दिया है। जल्द ही हेपेटाइटिस की दवा आ जाएगी। -डॉ. श्वेता भंडारी, सीएमओ, नैनीताल

#### निजी अस्पतालों में हर माह खर्च होते हैं 40 हजार

**हल्द्वानी** : हेपेटाइटिस का निशुल्क उपचार स्वास्थ्य विभाग की ओर से किया जाता है। प्राइवेट अस्पतालों में हेपेटाइटिस के उपचार के लिए आने वाली दवाओं की कीमत प्रतिमाह 40 हजार रुपये तक पड़ती है। इसका उपचार भी लंबे समय तक चलता है। डॉक्टरों का कहना है कि मेडिकल स्टोरों पर हेपेटाइटिस के उपचार में इस्तेमाल होने वाले एक इंजेक्शन की कीमत 15 हजार रुपये तक होती है। एसटीएच में नोडल ऑफिसर डॉ. सुभाष जोशी ने बताया कि हेपेटाइटिस की निशुल्क दवा से मरीजों को काफी राहत पहुंचती है।

#### एसटीएच की सीटी स्कैन मशीन ठीक

**हल्द्वानी** : बेस अस्पताल और एसटीएच दोनों ही जगह सीटी स्कैन मशीन खराब होने से मरीजों को परेशानी हो रही थी। दोनों अस्पतालों के प्रबंधन मशीनों को ठीक कराने के प्रयास में लगे हुए थे। इनमें एसटीएच की सीटी स्कैन मशीन शुक्रवार देर शाम ठीक हो गई है। एसटीएच के एमएस डॉ. जीएस तितियाल ने बताया कि अस्पताल में सीटी स्कैन मशीन में जो पाट्र्स खराब हुआ था उसकी जगह दूसरा मंगा लिया गया था। इधर बेस अस्पताल में सीटी स्कैन मशीन को ठीक करने के लिए स्वास्थ्य विभाग के मुख्यालय को पत्र भेजा गया है। यहां मशीन ठीक होने में अभी एक सप्ताह का समय लग सकता है। अस्पताल प्रबंधन के अनुसार सीटी स्कैन मशीन ठीक कराने के लिए जरूरी पत्राचार करा दिए गए हैं।

## कॉर्बेट के कालागढ़ रेंज में हाथी के बीमार बच्चे की मौत



**रामनगर, अमृत विचार** : कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के कालागढ़ रेंज स्थित हाथीशाला में उपचार के दौरान हाथी के बच्चे ने दम तोड़ दिया। उसकी उम्र 23 माह 5 दिन बताई जा रही है। उसका बिसरा जांच के लिए सुरक्षित रखा है।

कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के मीडिया सेल से मिली जानकारी के अनुसार हाथी का बच्चा लंबे समय से बीमार था। उसका वरिष्ठ पशु चिकित्साधिकारी डॉ. दुष्यंत शर्मा की देखरेख में उपचार चल रहा था। शुक्रवार को विभागीय अधिकारियों की उपस्थिति में हाथी के बच्चे का शव विच्छेदन कराया गया। बिसरा व आंतरिक अंगों के सैंपल को परीक्षण के लिए आईवीआरआई इज्जतनगर बरेली भेजा गया है। इस दौरान कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के निदेशक डॉ. धीरज पांडे, साइंटिस्ट डॉ. एम करिकलन, वरिष्ठ पशु चिकित्साधिकारी डॉ. दुष्यंत शर्मा, डॉ. राहुल सती, डॉ. आयुष उनियाल समेत स्थानीय एनजीओ के सदस्य विरेन्द्र अग्रवाल, नन्दन सिंह अधिकारी, प्रकाश चन्द्र मठपाल, ललित मोहन चौधरी आदि मौजूद रहे।

# नबी रजा खां की मौत के राज खोलेगी साफिया


कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार** : कंपनी बाग (मलिक का बगीचा) से जुड़े मामले में नामजद साफिया मलिक जेल में है। पुलिस साफिया को रिमांड पर लेने की तैयारी कर रही है। सवालों की सूची तैयार कर ली है और कई सवालों में से एक सवाल नबी रजा खां की मौत से भी जुड़ा है।

बता दें कि अंग्रेजों ने कंपनी बाग को नबी रजा खां को लीज पर दिया था। नगर निगम की ओर से दर्ज मुकदमे में लिखा है कि वर्ष 1988 में नबी रजा खां की मौत गई थी। मौत के बाद नबी के नाम से नगर निगम और जिलाधिकारी से लेकर कोर्ट तक अब्दुल मलिक और उसकी पत्नी साफिया मलिक पैरवी करते रहे। नबी रजा खां के मरने के बाद उसके नाम से कोर्ट में मुकदमा दायर किया गया। आरोपियों ने कंपनी बाग में लगे पेड़ उजाड़ दिए और जमीन को 10 रुपये से लेकर 100 रुपये के स्टांप में बेच दिया।

साफिया मलिक के साथ सईदा बेगम पत्नी नबी रजा खां, सलीम रजा खां पुत्र नबी रजा खां, अख्तरी बेगम पत्नी नन्हें खां ने वर्ष 1991 में अध्यक्ष नगर पालिका परिषद हल्द्वानी में एक शपथ पत्र दिया था। उसमें लिखा था कि नबी रजा खां की मृत्यु तीन अक्तूबर 1988 को हो गई थी। हालांकि न तो नबी की मृत्यु का प्रमाण पत्र है और न ही ये पता है कि उन्हें कहां दफनाया गया।





साफिया और अब्दुल मलिक।

#### पड़ताल

- कंपनी बाग की जमीन के मामले में जेल में बंद है साफिया मलिक
- साफिया को रिमांड पर लेने की हो रही तैयारी

मामले में अब्दुल मलिक और साफिया मलिक समेत छह लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। अब्दुल मलिक और साफिया जेल में हैं। पुलिस साफिया को रिमांड पर लेने की तैयारी कर रही है। जिसके बाद नबी की मौत समेत अन्य कई राज से पर्दा उठेगा। अब्दुल मलिक से भी मामले में पूछताछ हो सकती है। एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा ने बताया कि मामले की जांच को आगे बढ़ाया गया है। जल्द ही कई राज से पर्दा उठेगा। मामले में शामिल किसी भी आरोपी को छोड़ानहीं जाएगा।

# डीएफओ के खिलाफ दायर चार्जशीट पर रोक

विधि संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार** : हाईकोर्ट ने तराई केंद्रीय वन डिवीजन की तत्कालीन डीएफओ डॉ. अभिलाषा के खिलाफ ऊधमसिंह नगर के तत्कालीन डीएम की ओर से की गई अनुशासनात्मक कार्यवाही और उन्हें दी गई चार्जशीट के खिलाफ लगाई याचिका पर सुनवाई की।

मुख्य न्यायाधीश रितु बाहरी व न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की खंडपीठ ने चार्जशीट पर रोक लगाते हुए राज्य सरकार से स्पष्टीकरण मांगा है कि डॉ. अभिलाषा पर लगाए आरोपों के दस्तावेज अनुशासनात्मक कार्यवाही से पूर्व उन्हें उपलब्ध कराए गए थे या नहीं। अब इस मामले की सुनवाई 9 मई को होगी।

मामले के अनुसार तराई केंद्रीय वन डिवीजन की तत्कालीन डीएफओ डॉ. अभिलाषा ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर कहा कि जब वह गर्भवती थीं उस दौरान शासकीय कार्यों में प्रतिभाग नहीं करने पर ऊधमसिंह नगर के तत्कालीन डीएम ने अनुशासनात्मक कार्यवाही करते हुए कारण बताओ नोटिस दिया था। बाद में उनके खिलाफ चार्जशीट लगा दी गई। उन्होंने इस चार्जशीट को कैट में चुनौती दी थी लेकिन कैट ने चार्जशीट को निरस्त नहीं किया था।

## टेम्पो यूनियन अध्यक्ष की दुर्घटना में मौत

**रामनगर, अमृत विचार** : पीरूमदारा टैम्पो यूनियन के अध्यक्ष जयपाल रावत की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। उनके निधन से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गयी।

देवीपुर गांव निवासी जयपाल रावत (50) गुरुवार की रात करीब दस बजे किसी कार्य से गुमानपुरा चौराहा आये थे। तभी उनकी बाइक गाय से टकरा गई। हादसे में जयपाल का सिर सड़क से टकरा गया। जिससे उन्हें गंभीर चोट आई। उन्हें राजकीय अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उनके निधन पर विधायक दीवान सिंह बिष्ट, जगमोहन सिंह बिष्ट, पूर्व ब्लॉक प्रमुख संजय नेगी, पूरन शर्मा, किशोर शर्मा, मुकेश रावत आदि ने शोक जताया है।

# बाथरूम में गिरा मिला जिम से लौटा युवक, मृत घोषित

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार** : जिम से लौटने के बाद एक युवक की मौत हो गई। वह फ्रेश होने के लिए बाथरूम में गया था और वहीं गिर गया। परिजन उसे अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।

पुलिस के मुताबिक चौधरी कालोनी दमुवाढूंगा काठगोदाम निवासी वैभव प्रसाद (25) गुरुवार सुबह घर के पास स्थित जिम पर गया था। करीब 9 बजे वह कसरत कर घर वापस लौटा और फ्रेश होने के लिए सीधे बाथरूम में चला गया। तभी बाथरूम से कुछ आवाज आई। इस पर परिजन वहां पहुंचे तो वैभव बाथरूम में गिरा पड़ा था। आनन-फानन में उसे पहले नैनीताल रोड स्थित एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने हाथ खड़े कर दिए। परिजन उसे बेस अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

#### दुखद

- जिम से लौटते ही फ्रेश होने के लिए गया था घर के बाथरूम में
- परिजन ले गए बेस अस्पताल, डॉक्टरों ने मृत घोषित किया

# फैक्ट्री में फायर उपकरण तो थे लेकिन प्रशिक्षित नहीं थे श्रमिक

फॉलोअप

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार** : लीसा फैक्ट्री में लगी आग के मामले में दमकल की जांच जैसे-जैसे आगे बढ़ रही वैसे-वैसे लापरवाही उजागर हो रही है।

बता दें कि बीते मंगलवार को रामपुर रोड बेलबाबा मंदिर के पास स्थित उमेश चंद्र डालाकोटी की डालाकोटी पेंट्स एंड केमिकल के नाम से संचालित लीसा फैक्ट्री में आग लग गई थी। आग बुझाने में दमकल की 18 गाड़ियां लगीं। मामले की जांच दमकल के अधिकारियों ने शुरू की तो पाया कि लीसे को विद्युत पैनल के पास रखने की वजह से फैक्ट्री में आग लगी।

अब एक और लापरवाही उजागर हुई है। मुख्य अग्निशमन अधिकारी गौरव किरार का कहना है कि फैक्ट्री में फायर एक्सटिंग्विशर (आग बुझाने वाला सिलेंडर) तो मौजूद था, लेकिन वहां मौजूद श्रमिकों को एक्सटिंग्विशर का उपयोग करना नहीं आता था। यदि समय रहते एक्सटिंग्विशर का इस्तेमाल हो जाता तो आग भयावह रूप न लेती।

#### शहर में तीन स्थानों पर लगी आग

**हल्द्वानी** : गर्मी की दस्तक के साथ ही आग लगने की घटनाएं बढ़ने लगी हैं। गुरुवार को तीन अलग-अलग स्थानों पर आग लगी। दमकल के अधिकारियों के मुताबिक सुबह नैनीताल रोड स्थित विशाल मेगा मार्ट के एक बिजली के पोल में आग लग गई। जगतपुर गौलापार में एक पेड़ में आग लगी और दोपहर बरेली रोड पर अब्दुल्ला बिल्डिंग के पास खाली पड़े प्लाट में कूड़े के ढेर में आग लगी। सूचना मिलते ही दमकल तीनों स्थानों पर मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया।

**पढ़ाई-लिखाई** न्यूनतम आयु के नये मानक ने बढ़ाई परेशानी, कक्षा एक में न्यूनतम आयु 6 साल होने से कई बच्चों को नहीं मिल रहा प्रवेश

# अभिभावकों को सता रहा बच्चे का साल बर्बाद होने का डर

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार**: बाल शिक्षा के अधिकार के तहत कक्षा एक में प्रवेश के लिए न्यूनतम आयु 6 साल कर दी गई है। नए शिक्षा सत्र में इससे कम उम्र के बच्चों को विद्यालयों में प्रवेश नहीं मिलेगा। नियम प्रभावी होने से नए शिक्षा सत्र में इसका असर दिखने लगा है। कई स्कूलों में यूकेजी कक्षा से पास हुए बच्चों को पहली कक्षा में प्रवेश नहीं मिल पा रहा है। इस कारण अभिभावकों की परेशानियां बढ़ गई हैं।

अभिभावकों में न्यूनतम उम्र को लेकर नियम में किए गए संशोधन को लेकर काफी नाराजगी है। उनका कहना है कि इस नियम में छूट दी जानी चाहिए जिससे बच्चे की पढ़ाई प्रभावित न हो। स्कूलों से मिली जानकारी के अनुसार नए नियम के बाद कई बच्चों को प्रवेश नहीं मिल पा रहा है, जिससे अभिभावक वापस लौट रहे हैं। हालांकि सभी स्कूल प्रबंधन का कहना है कि पूर्व में आदेश जारी होने पर उन्होंने अभिभावकों को इस संबंध में अवगत करा दिया था। स्कूलों ने भी नियम में छूट देने का अनुरोध किया है जिससे विद्यार्थियों का साल बर्बाद न हो।

#### पब्लिक स्कूल एसोसिएशन करेगी पत्राचार

पब्लिक स्कूल एसोसिएशन के अध्यक्ष कैलाश भगत ने बताया कि व्यावहारिक तौर पर यह नियम लागू नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि न्यूनतम उम्र में छूट दी जानी चाहिए जिससे नर्सरी और एल केजी में पढ़ रहे विद्यार्थियों का साल बर्बाद न हो। बताया कि एसोसिएशन शासन स्तर पत्राचार कर नियम में संशोधन करने का अनुरोध करेगा। कहा कि त्वरित आदेश जारी कर विद्यार्थियों पर इसे थोपा नहीं जा सकता है।



शासन स्तर से ही नियम में संशोधन किया गया है। व्यावहारिक तौर पर अभिभावकों को दिक्कतें आ रही हैं लेकिन जिला स्तर से इस पर कोई कार्रवाई नहीं की जा सकती है।
**- जेएम सोनी**, मुख्य शिक्षा अधिकारी, नैनीताल

#### कुछ माह की छूट देने का किया अनुरोध

बच्चे को प्रवेश न मिलने पर अभिभावकों के सामने भी विपरीत परिस्थितियां पैदा हो गई हैं। उन्हें बच्चे को या तो उसी कक्षा में दोबारा पढ़ाने को कहा जा रहा है या एक साल रूकने के लिए कहा जा रहा है जिससे अभिभावकों को बच्चे की पढ़ाई को लेकर चिंता सता रही है।

## रामनगर बार एसो. का चुनाव अब 8 को होगा

**रामनगर, अमृत विचार** : बार एसोसिएशन रामनगर के चुनाव को लेकर मुख्य चुनाव अधिकारी जगदीश कुमार मासीवाल की अध्यक्षता में बैठक हुई। जिसमें बताया कि एसोसिएशन का द्विवार्षिक चुनाव 9 जून 2023 को संपन्न होना था, लेकिन चुनाव विरुद्ध पूरन चंद्र पांडे ने एक याचिका उच्च न्यायालय नैनीताल में दायर कर चुनाव पर स्थगन प्राप्त किया था। अब याचिका पर उच्च न्यायालय ने सुनवाई करते हुए पूरन चंद पांडे की याचिका खारिज कर दी है। इसलिए एसोसिएशन का चुनाव 8 अप्रैल को कराने का निर्णय लिया गया है। मतदान सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक मतदान होगा।

# पहाड़ों में बर्फबारी के आसार, मैदान में गर्मी

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार**: उत्तराखंड के पर्वतीय क्षेत्रों में तेजी के साथ मौसम बदलने वाला है। मौसम विभाग के अनुसार पर्वतीय जिलों में ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी के भी आसार हैं। इधर मैदानी इलाकों में तेज धूप निकल रही है।

मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी कर कहा है कि देहरादून, उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर, अल्मोड़ा और पिथौरागढ़ जिलों में गरज के साथ बारिश होने के आसार हैं। साथ ही 4000 मीटर से ज्यादा ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी के भी आसार हैं। इधर हल्द्वानी समेत अन्य इलाकों में दिन के समय तेज धूप निकल रही है और गर्मी पड़ रही है।

अधिकतम तापमान 34 डिग्री और न्यूनतम तापमान 14.3 डिग्री दर्ज किया गया है। हल्द्वानी में दिन के समय धूल भरी हवाएं भी चली हैं।

#### मौसम का मिजाज

- उत्तराखंड के सात जिलों में बदलेगा मौसम
- मैदानी इलाकों में चली धूल भरी हवाएं

# शहर में पेयजल टैंकरों का टोटा, जनता परेशान

## जल संस्थान ने 10 में से 5 टैंकर चुनाव ड्यूटी में तैनात किये, आठ हजार की आबादी को नहीं मिल पा रहा पानी

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** जल संस्थान के पास मौजूदा समय में खुद के 10 पानी के टैंकर उपलब्ध हैं। इन टैंकरों के माध्यम से विभाग संकटग्रस्त इलाकों में पानी की आपूर्ति पूरी कराता है। लेकिन वर्तमान समय में जल संस्थान के 10 टैंकर में से 5 टैंकर चुनाव ड्यूटी में तैनात कर दिए गए हैं। जिसके चलते शहर के पानी संकट वाले इलाकों में लोगों को पर्याप्त पानी की आपूर्ति नहीं हो पा रही है।

जल संस्थान के सामने पहले से ही पानी संकट वाले इलाकों में जल आपूर्ति कराने की चुनौती बनी हुई है। इसके उलट चुनावी ड्यूटी में विभाग के 5 टैंकर लगने से अन्य इलाकों में जहां पानी का संकट छाया हुआ वहां पर पर्याप्त पानी की आपूर्ति नहीं हो पा रही है। इसमें भगवानपुर, इंदिरा नगर, गौजाजाली, हिम्मतपुर समेत कई इलाकों में जल संस्थान टैंकरों के माध्यम से पानी की आपूर्ति कराता हैं। लेकिन बीते कई दिनों से इन इलाकों में लोगों को पर्याप्त पानी मुहैया नहीं हो पा रहा है। जिसके चलते करीब 8 हजार की आबादी के सामने पानी का संकट छाया हुआ है।



तिकोनिया स्थित जल संस्थान में टैंकर में पानी भरता चालक। ● अमृत विचार

### टैंकर की कमी के चलते नहीं मिल रहा पानी

**हल्द्वानी :** दमुवाढूंगा के मल्ला प्लाट इलाके में विगत कई सालों से पानी की समस्या बनी हुई है। इलाके में ऊंचाई वाले घरों में पानी के लाइन से लोगों को पानी नहीं मिल पाने के चलते जल संस्थान यहां पर टैंकरों के जरिए पेयजल आपूर्ति पूरी कराता है। लेकिन विभाग के पास टैंकरों की कमी के चलते यहां पर लोगों को पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा है। जिसके चलते लोगों के सामने पानी की समस्या बनी हुई है।

### निजी टैंकरों के लिए नहीं हुए अब तक टेंडर

**हल्द्वानी :** जल संस्थान पानी के टैंकरों की कमी को पूरा करने के लिए विभाग निजी टैंकरों पर निर्भर रहता है। इसके लिए विभाग निजी पानी के टैंकरों की पूर्ति के लिए टेंडर प्रक्रिया के चलते टैंकरों को अधिग्रहण करता है। लेकिन विभाग की ओर से अभी तक निजी टैंकरों के लिए निविदा का आमंत्रण निजी टैंकरों को नहीं दिया गया है, जिसके चलते विभाग पानी के टैंकरों की समस्या से जूझ रहा है।

विभाग की ओर से चुनावी ड्यूटी में पानी के टैंकर लगाए गए हैं, जिन इलाकों में पानी की दिक्कत बनी हुई है। वहां पर टैंकरों के जरिए पेयजल आपूर्ति कराई जा रही है। पानी के मांग के अनरूप टैंकरों को अतिरिक्त फेरों पर लगाया जाता है।
**-आरएस लोशाली**, ईई जल संस्थान

# बूंद-बूंद पानी को तरस रहे जूनियर हाईस्कूल के छात्र

संवाददाता, गरमपानी

**अमृत विचार :** सुयालबाड़ी स्थित राजकीय कन्या जूनियर हाईस्कूल के छात्र बूंद-बूंद पानी को तरस रहे हैं। हलक तर करने के लिए छात्रों को विद्यालय से करीब 200 मीटर दूर जाना पड़ रहा है। वहीं भोजन बनाने के लिए भोजनमाता सिर पर बर्तन रखकर दूरदराज से पानी ढोकर विद्यालय पहुंच रही हैं। अभिभावकों ने पेयजल व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग उठाई है।

विद्यालय में पेयजल संकट से नौनिहालों के साथ-साथ शिक्षिकाओं व अन्य कर्मचारियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्रवासियों ने विद्यालय की सुध न लिए जाने पर नाराजगी जताई है। उन्होंने आरोप लगाया कि नौनिहालों की जिंदगी से खिलवाड़ किया जा रहा है। इधर, शिक्षक अभिभावक संघ के अध्यक्ष खीमा नंद सुयाल ने बताया कि कई बार पेयजल व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग उठाई गई, लेकिन अब तक कोई सुनवाई नहीं हो पाई है। कहा कि यदि जल्द व्यवस्था दुरुस्त नहीं की गई तो आंदोलन की रणनीति तैयार की जाएगी।

### ओखिंना गांव में दो माह से पानी का संकट

**गरमपानी :** अल्मोड़ा-हल्द्वानी हाइवे से सटे ओखिंना गांव में दो माह से पेयजल आपूर्ति ठप है। जिस कारण ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पेयजल संकट गहराने से ग्रामीण दूरदराज से पानी ढोने को मजबूर हैं। ग्राम प्रधान जीवन सिंह ने विभागीय अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर नाराजगी जताई है। उन्होंने आरोप लगाया कि कई बार विभागीय अधिकारियों को पेयजल संकट के संबंध में जानकारी दी गई, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हो पाई है। ग्रामीणों ने दो टूक चेतावनी दी है की यदि उपेक्षा की गई तो आंदोलन की रणनीति तैयार की जाएगी।

# पति और सास को छह माह की सजा

**रामनगर, अमृत विचार :** दहेज उत्पीड़न के मामले में न्यायिक मजिस्ट्रेट (सिविल जज) की अदालत ने आरोपी पति और सास को छह-छह माह कैद की सजा सुनाई है। साथ ही अभियुक्तों को एक-एक हजार रुपये के जुर्माने से भी दंडित किया है। अर्थदंड न दे पाने पर 15-15 दिन की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी।

पम्मी खोलिया निवासी शांतिकुंज कॉलोनी पीरूमदारा का विवाह संजय खोलिया निवासी भवानीपुर खुल्बे पीरूमदारा से 3 दिसंबर 2016 को हुआ था। कुछ समय बाद पति संजय, ससुर गोविंद खोलिया, सास राधा और देवर राजेश खोलिया कम दहेज लाने की बात पर पम्मी के साथ मारपीट करने लगे। पम्मी ने 24 अप्रैल 2017 को कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने जांच के बाद 6 फरवरी 2018 को कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल किया। अप्रैल 2018 में गोविंद खोलिया की मौत के कारण उसका नाम चार्जशीट से हटा दिया गया। बीती 1 अप्रैल को न्यायिक मजिस्ट्रेट (सिविल जज) कुलदीप नारायण की कोर्ट ने संजय खोलिया और राधा खोलिया को दहेज प्रतिषेध अधिनियम की धारा-4 और आईपीसी की धारा 499ए, 504 और 506 में दोषी पाते हुए सजा सुनाई है।

## सार-संक्षेप



नैनीताल रोड पर मशाल जुलूस निकालते अधिकारी व कर्मचारी। ● अमृत विचार

### मतदाता जागरुकता को निकाला मशाल जुलूस

**हल्द्वानी :** आगामी लोकसभा चुनाव में मतदाताओं को मतदान करने के लिए नैनीताल स्वीप टीम की ओर से लगातार जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। शुक्रवार को कोतवाली से तिकोनिया तक पैदल मशाल जुलूस निकाला गया। इसमें अधिकारियों, सैकड़ों पुलिस कर्मियों, एसएसबी के जवानों, नए मतदाताओं व महिलाओं ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर सभी को मतदान की शपथ दिलाई गई, जिसके बाद मशाल जुलूस निकाला गया। स्वीप टीम के जिला समन्वयक सुरेंद्र अधिकारी ने बताया कि निर्वाचन आयोग के 75 प्रतिशत मतदान के लक्ष्य को पूरा करने के लिए जिले में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी, एसएसपी, नगर निगम आयुक्त आदि ने प्रतिभाग किया।

### रानीखेत क्रिकेटर्स ने 9 विकेट से जीता मैच

**हल्द्वानी :** क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ अल्मोड़ा की अगुवाई में जीएनजी क्रिकेट मैदान में अंडर-19 बालक वर्ग के लीग मैच खेले गए। पहले मैच में रानीखेत क्रिकेटर्स ने सर्विसेज अल्मोड़ा को 9 विकेट से मात दी। सर्विसेज की टीम पहले बल्लेबाजी हुए 35 .2 ओवर में 113 रन पर ऑल आउट हो गई। जवाब में उतरी रानीखेत क्रिकेटर्स ने 15 .2 ओवर में ही 1 विकेट के नुकसान से मैच अपने नाम कर लिया। एसोसिएशन के सचिव हर्ष गोयल ने बताया कि लीग में 6 टीमें भाग ले रही हैं।

### 16.55 ग्राम स्मैक के साथ युवक गिरफ्तार

**नैनीताल :** कोतवाली पुलिस ने 16 .55 ग्राम स्मैक के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। शुक्रवार की देर शाम मंगोली चौकी इंचार्ज भूपेंद्र सिंह मेहता टीम के साथ क्षेत्र में चेकिंग अभियान चला रहे थे तभी कालाढूंगी-नैनीताल मार्ग में नलनी के पास संदिग्ध युवक दिखाई दिया। तलाशी लेने पर युवक से पास से पुड़िया में स्मैक बरामद हुई। कोतवाल हरपाल सिंह ने बताया कि घटगड़ मंगोली निवासी संजय सिंह के पास से 16 .55 ग्राम स्मैक बरामद हुई है।

# रसायन युक्त दूध आपूर्ति मामले की सुनवाई अब 21 अगस्त को

विधि संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** हाईकोर्ट ने नैनीताल दुग्ध उत्पादक संघ लालकुआं में फर्जीवाड़े और रसायनयुक्त दूध की आपूर्ति के खिलाफ दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई करते हुए मुख्य न्यायाधीश रितु बाहरी व न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की खंडपीठ ने राज्य सरकार से पूछा है कि पूर्व में मंडलायुक्त की जांच में दोषी पाए गए लोगों के खिलाफ अब तक की गई कार्यवाही की विस्तृत रिपोर्ट पेश करें। इस प्रकरण की अंतिम सुनवाई 21 अगस्त को होगी।

मामले के अनुसार लालकुआं निवासी नरेंद्र सिंह कार्की व भुवन चन्द्र पोखरिया ने हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर कर कहा था कि नैनीताल दुग्ध संघ में चरम सीमा पर भ्रष्टाचार कर लोगों की सेहत से खिलवाड़ किया जा रहा है इससे प्रदेशवासियों को अधोमानक दूध की आपूर्ति की जा रही है। इसके पीने से लोगों के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ रहा है। आरोप है कि दुग्ध आपूर्ति के लिए जिन टैंकरों का उपयोग किया जा रहा है, उनका ठेका भाई के नाम से लिया हुआ है। शुक्रवार को हुई सुनवाई में भुवन चन्द्र पोखरिया ने शपथपत्र पेश कर कुमाऊं मंडलायुक्त की ओर से की गई जांच रिपोर्ट पेश की। इस रिपोर्ट में कहा गया कि मंडलायुक्त ने 19 अक्टूबर 2023 को इस मामले की जांच करके रिपोर्ट राज्य सरकार को भेज दी थी लेकिन अभी तक सरकार ने दोषियों के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं की न ही इसका संज्ञान लिया। रिपोर्ट में दूध के सारे सैंपल मानकों के विपरीत पाए गए। दूध में एल्कोहॉल, कास्टिक सोडा, मैलालाइन की मात्रा अधिक पाई गई थी।

# रोजेदारों ने मांगी अमन चैन की दुआ

संवाददाता, हल्द्वानी, नैनीताल, रामनगर

**अमृत विचार:** माह-ए-रमजान के आखिरी शुक्रवार को मुस्लिम समुदाय के लोगों ने मस्जिदों में अलविदा की नमाज अता की। शहर की विभिन्न मस्जिदों में अल्लाह की इबादत के लिए रोजेदारों ने सिर झुकाया। साथ ही देश की बेहतरी और अमन चैन के लिए दुआ मांगी। ईद के चांद से पहले का यह आखिरी जुमा होता है। अलविदा की नमाज के बाद ईद की तैयारियां शुरू होने लगी हैं। ईद के लिए मुस्लिम समाज के लोगों ने खरीदारी शुरू कर दी है। बाजारों में भीड़ उमड़ने के साथ ही खरीदारी भी होने लगी है।

उधर, नैनीताल में मल्लीताल व तल्लीताल की मस्जिदों में सैकड़ों रोजेदारों ने जुम्मे की नमाज अदा की और मुल्क की शांति व अमन के लिए दुआ मांगी। पर तल्लीताल मस्जिद के इमाम मौलाना मोईन साहब ने अलविदा की नमाज कराई। इस मौके पर अंजुमन इस्लामिया के सदर शुहेल समसी, महासचिव मो. हामिद, हारून खान पम्मी, युसूफ खान, वसी कुरैशी, मो. तैयब, नईम अहमद, मो. इमरान, जावेद हुसैन, इल्याज अहमद, अजमल हुसैन, मो. अरिश आदि मौजूद रहे।

इधर, रामनगर में भी शुक्रवार को अलविदा जुमे की नमाज में मुल्क व कौम की सलामती व तरक्की के लिये दुआ की गयी। शुक्रवार को दोपहर ढाई बजे शहर की जामा मस्जिद समेत आसपास के क्षेत्रों की सभी मस्जिदों में अलविदा जुमे की नमाज अता की गई। शहर पेश इमाम मुफ़्ती गुलाम मुस्तफा नईमी ने नमाज अता कराई। इस मौके पर पूर्व पालिकाध्यक्ष हाजी मोहम्मद अकरम, मस्जिद प्रशासक शकील खान, हाफिज मुजफ्फर, डॉ. जफर सैफी आदि मौजूद रहे।


हल्द्वानी की चिराग शाह अली बाबा की मजार पर नमाज अता करते लोग।

### दो पहिया वाहनों को भी नहीं मिला प्रवेश, जाम लगा

**हल्द्वानी :** जामा मस्जिद मुख्य बाजार में है। नमाज के दौरान किसी तरह की अव्यवस्था न हो इसके लिए पुलिस ने मुख्य बाजार का रास्ता बेरिकेडिंग लगाकर बंद कर दिया। दो पहिया वाहन भी बाजार में प्रवेश नहीं कर सके। ऐसे में वाहन सवारों को गलियों से निकलकर जाना पड़ा और गलियों में जाम लग गया। रामलीला मैदान से लगी गली में जाम लगने से दोपहिया वाहन तक नहीं निकल सके।

### चप्पे-चप्पे पर तैनात रही पुलिस

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** शुक्रवार को सुरक्षा बलों के साये में अलविदा जुमे की नमाज अता की गई। चप्पे-चप्पे पर पुलिस और एलआईयू की निगरानी में लगी रही। बनभूलपुरा हिंसा के बाद क्षेत्र बेहद संवेदनशील हो गया है। ऐसे में पुलिस ने अलविदा जुमे की नमाज के दौरान सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए थे। बनभूलपुरा क्षेत्र में शुक्रवार सुबह से ही चप्पे-चप्पे पर पुलिस तैनात की गई। दोपहर के समय मस्जिदों के आसपास सुरक्षा बल और पुलिस तैनात रही। एलआईयू भी पल-पल की जानकारी जुटाती रही। लाइन नंबर 17 स्थित गफ्फरान मस्जिद, लाइन नंबर 8, चोरगलिया रोड, रेलवे फाटक सहित सभी मस्जिदों के आस-पास पुलिस का कड़ा पहरा रहा।



शोरूम के उद्घाटन के दौरान एमडी घनश्याम ढोलकिया व अन्य। ● अमृत विचार

### किसना डायमंड एंड गोल्ड ज्वैलरी ने रखे उत्तराखंड में कदम

**हल्द्वानी :** किसना डायमंड एंड गोल्ड ज्वैलरी ने उत्तराखंड में अपना पहला शोरूम खोला है। नैनीताल रोड पर एक होटल के पास शोरूम स्थित है। प्रेस कांफ्रेस में शुक्रवार को हरी कृष्णा ग्रुप के फाउंडर और एमडी घनश्याम ढोलकिया ने कहा कि उत्तराखंड में यह उनका पहला शोरूम है। अब वह शीघ्र ही विस्तार कर अन्य शहरों में भी शोरूम खोलेंगे। ग्रुप के डायरेक्टर पराग शाह ने कहा कि शोरूम स्थानीय लोगों की पसंद और खरीदारी पूरी करने के लिए रणनीतिक रूप से तैयार किया गया है। फ्रेंचाइजी पार्टनर संजीव जैन, अंकुश जैन और तुषार जैन ने कहा कि किसना डायमंड एंड ज्वैलरी के साथ उनकी साझेदारी बहुत महत्वपूर्ण है। कहा कि शोरूम ग्राहकों को खूबसूरत और गुणवत्तापूर्ण उत्पाद देने के लिए पूरी तरह तैयार है।

### विद्यालय भवन की सुध न लेने पर ग्रामीणों में रोष

**गरमपानी :** राजकीय प्राथमिक विद्यालय सुनियाकोट के भवन की हालत दयनीय हो चुकी है। विद्यालय के टूटे दरवाजे, खिड़कियां और क्षतिग्रस्त फर्श दुर्दशा बयां कर रहे हैं। ग्रामीणों में शिक्षा विभाग की अनदेखी से रोष व्याप्त है। आरोप है कि अनदेखी के कारण बच्चों पर खतरा बढ़ता जा रहा है। इधर, ग्राम प्रधान नीमा देवी, उपप्रधान शांति देवी, पूर्व प्रधान राजेंद्र सिंह परिहार, डूंगर सिंह, नारायण सिंह, बचे सिंह, हरीश आदि ने विद्यालय की हालत में सुधार करने की मांग उठाई है, ताकी खतरा टाला जा सके।

### कार्यशाला में नई शिक्षा नीति के बारे में जाना

**नैनीताल :** ऑल सेंट्स कॉलेज में शुक्रवार को न्यूजीलैंड की मार्गेआ एजुकेशनल कंसल्टेंसी ने सोनरीसा टीचर एक्सपीरियंस कार्यशाला का आयोजन किया। जिसमें नई शिक्षा नीति के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। संचालन कॉलेज की पूर्व छात्रा और वर्तमान में मार्गेआ एजुकेशनल कंसल्टेंसी की निर्देशक अलीटा चॉफिन ने किया गया। उन्होंने नई शिक्षा नीति के अनुसार प्रायोगिक शिक्षण और अधिगम पर बल दिया।

# भरत मिलाप के मंचन ने मोहा मन

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** रामलीला में पांचवे दिन भरत मिलाप के मंचन ने दर्शकों का मन मोह लिया। पर्वतीय सांस्कृतिक उत्थान मंच हीरानगर में पुनर्नवा महिला समिति महिला रामलीला का आयोजन कर रही है।

शुक्रवार के रामलीला मंचन में दशरथ का पात्र अनुराधा, कैकई मीना राणा, राम मानसी, लक्ष्मण लक्षिता ,सीता तेजस्विनी, भरत दिव्यांशी, शत्रुघ्न सिद्धि, कौशल्या कमला रौतेला और सुमित्रा का पात्र शीला राणा ने निभाया। साथ ही केवट प्रेमा जोशी, सुमंत लीला मनराल, वशिष्ठ लता जोशी, निषाद हेमा हरबोला और मंथरा का पात्र रितु कांडपाल ने निभाया। इससे पहले नारायण पाल, कामिनी पाल, विजय पाल, करुणा पाल, बलवंत पाल, लक्ष्मीकांत पसपोला ने दीप प्रज्वलित कर रामलीला मंचन का शुभारंभ किया।

प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष नवीन वर्मा, जिला अध्यक्ष विपिन गुप्ता, कार्यकारी अध्यक्ष प्रमोद गोयल, प्रदेश मंत्री नवनीत राणा, नगर अध्यक्ष योगेश शर्मा, नगर महामंत्री मनोज जायसवाल ने पुनर्नवा महिला समिति को स्मृति चिन्ह और शॉल देकर सम्मानित किया। इस दौरान अध्यक्ष लता बोरा, उपाध्यक्ष यशोदा रावत, सचिव शांति जीना, प्रचार सचिव कल्पना रावत, प्रेमा बृजवासी, जानकी पोखरिया, अंजना बोरा, रेखा रावत, कुसुम बोरा, मंजू बनकोटी आदि रहे।


महिला रामलीला में राम बनवास की लीला का मंचन करते कलाकार।

# यूथ क्लब हल्द्वानी ने 4-3 से जीता मैच

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** गौलापार स्थित इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय खेल मैदान में शुक्रवार को जिला खेल कार्यालय की ओर से मतदाता जागरूकता अभियान के तहत फुटबॉल मैच का आयोजन किया गया। इसमें एचएन फुटबॉल क्लब और यूथ फुटबॉल क्लब हल्द्वानी के बीच मुकाबला खेला गया।

यूथ क्लब हल्द्वानी ने मुकाबले को 4-3 से जीतने में सफल रही। मुख्य अतिथि सिटी मजिस्ट्रेट एपी बाजपेयी ने सभी खिलाड़ियों को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई। विजेता टीम के खिलाड़ियों को सहायक खेल निदेशक रशिका सिद्दकी ने पुरस्कृत किया। इस मौके पर प्रभारी जिला क्रीड़ा अधिकारी वरुण बेलवाल, त्रिलोक सिंह जीना, गोविंद लटवाल आदि मौजूद रहे।



रामनगर के आर्मी पब्लिक स्कूल में सम्मानित छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

### आर्मी पब्लिक स्कूल में मेधावी बच्चे सम्मानित

**रामनगर, अमृत विचार :** आर्मी पब्लिक स्कूल हेमपुर में परीक्षा परिणाम और पुरस्कार वितरण समारोह के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि विद्यालय के चेयरमैन और स्थानीय आर्मी स्टेशन के कमांडेंट ब्रिगेडियर देवेंद्र कुमार ने मेधावियों को प्रमाणपत्र और स्मृति चिन्ह प्रदान किया। इसके अलावा कक्षा 9 की छात्रा खुशी पांडेय को कर्तव्य पथ नई दिल्ली में गणतंत्र दिवस समारोह में प्रतिभाग करने के लिए सम्मानित किया गया। साथ ही सीबीएसई और यूनिसेफ ने संयुक्त रूप से आयोजित कौशल विकास कार्यक्रम में विशिष्ट योगदान के लिए विद्यालय के शिक्षक डीएस रावत तथा अंतर्राष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बसंत वल्लभ को भी प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। प्रधानाचार्या डॉ. मालिनी शर्मा ने सभी छात्रों को बधाई दी।


पत्रकार वार्ता करते फिल्म के निर्माता व कलाकार। ● अमृत विचार

### नैनीताल और अल्मोड़ा में हो रही बायपास 33 की शूटिंग

**हल्द्वानी :** क्या हाल है मि. पांचाल फेम राहुल सिंह के निर्देशन में बन रही हिंदी फीचर फिल्म बायपास 33 की शूटिंग नैनीताल और अल्मोड़ा जिले में हो रही है। रानीबाग स्थित एक होटल में शुक्रवार को फिल्म की टीम ने प्रेस कांफ्रेस की। टीम ने कहा कि फिल्म की कहानी चंदन आर्यन और राहुल सिंह ने लिखी है। डिजिटल मीडिया टॉकीज के बैनर तले बन रही फिल्म की कहानी रहस्य से भरी एक रोमांचक कहानी है। फिल्म की पूरी शूटिंग उत्तराखंड में ही होगी। इसके मुख्य कलाकार परितोष त्रिपाठी, विक्रम कोचर, युक्ति कपूर, प्रियांशु सिंह, विश्वनाथ चटर्जी और माही सिंह हैं। फिल्म के निर्माता मणीपाल मिशल और सह निर्माता निरंजन सिन्हा हैं।

बागवानी | बौर से लकदक हुए बगानों में पेड़, उत्पादकों के चेहरे खिले, साढ़े पांच हजार मीट्रिक टन होता है उत्पादन

# मई से बाजार में घुलेगी रामनगर की लीची की मिठास

विनोद पपनै, रामनगर

**अमृत विचार :** फलों की रानी कही जाने वाली लीची के पेड़ इन दिनों बौर से लकदक हैं। रामनगर की लीची का नाम सुनते ही मुंह में पानी आना आम बात है। इस बार पेड़ों में अच्छी बौर देख लीची उत्पादकों के चेहरे पर चमक दिख रही है। लीची मई माह में बाजार में अपनी मिठास घोलेगी, लेकिन बाहर से लीची खरीदने वाले ठेकेदार अभी से बगीचों के चक्कर काटने लग गये हैं।

लीची के पेड़ों पर बौर देखे ठेकेदार उत्पादकों को नगद भुगतान कर फसल का सौदा करने को तैयार हैं। फल एवं उद्यान प्रभारी अर्जुन सिंह परवाल ने बताया कि रामनगर में 900 हेक्टेयर क्षेत्र में लीची का उत्पादन होता है। अगर आधी, तूफान, ओलावृष्टि नहीं हुई तो इस बार लीची उत्पादकों को काफी लाभ हो सकता है। रामनगर क्षेत्र में साढ़े पांच हजार मैट्रिक टन से छह हजार मीट्रिक टन लीची का उत्पादन होता है।



### जीआई टैग से मिलेंगे बेहतर दाम

रामनगर लीची ग्रोवर एसोसिएशन के अध्यक्ष श्वेतांशु चतुर्वेदी ने बताया कि एसोसिएशन को रामनगर- नैनीताल लीची का जीआई टैग प्राप्त है। कोई भी लीची उत्पादक जीआई टैग यूजर्स सर्टिफिकेट प्राप्त कर सकता है। इसके लिए बस एक साधारण फार्म भरना है और मात्र दस रुपये एसोसिएशन के पास जमा कराने हैं। उत्पादकों से प्राप्त धनराशि का ड्राफ्ट बनाकर एसोसिएशन जीआई टैग प्रदान करने वाली संस्था को भेज देगी। फिर उत्पादक को जीआई टैग यूजर सर्टिफिकेट मिल जाएगा। जिसे उत्पादक अपने उत्पाद पर प्रिंट करा सकता है। यह एक प्रकार से हॉल मार्क है। इसके लगने से लीची उत्पादक को अच्छे दाम बाजार में मिल सकते हैं।

### देश के विभिन्न स्थानों में होती है सप्लाई

रामनगर से दिल्ली, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, बंगाल, मध्यप्रदेश, राजस्थान, बिहार आदि अनेक स्थानों पर लीची की सप्लाई होती है। लीची के बगीचे ठेके पर लेने वाले ठेकेदार इस्लाम कहते हैं कि लीची की फसल इस बार काफी अच्छी दिख रही है। बस आधी और ओलावृष्टि न हो।

# कच्ची शराब के साथ तीन युवक गिरफ्तार

**लालकुआं, अमृत विचार :** कोतवाली पुलिस ने अलग-अलग छापेमारी कर कच्ची शराब के साथ 3 युवकों को गिरफ्तार किया है। हल्दूचौड़ चौकी प्रभारी गौरव जोशी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने भूपाल सिंह उर्फ पाली पुत्र लाल सिंह निवासी ग्राम जयपुर बीसा मोटाहल्दू को 110 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया है। वहीं वीरेन्द्र सिंह पुत्र छदंबी लाल निवासी बजरी कंपनी लालकुआं के कब्जे से 76 पाउच कच्ची शराब के बरामद करते हुए उसे गिरफ्तार किया है। इसके अलावा अक्षय आनंद पुत्र नरेश कुमार निवासी विकासपुरी खैरानी इंदिरानगर प्रथम को शिवमंदिर चौराहे के पास से 105 पाउच कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया है।


रामनगर में पर्वतीय सभा की नई कार्यकारिणी के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

### पर्वतीय सभा की नई कार्यकारिणी ने ली शपथ

**रामनगर :** पर्वतीय सभा लखनपुर की नई प्रबंध कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हो गया। मुख्य चुनाव अधिकारी एडवोकेट दीपक जोशी ने नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। समारोह में संरक्षक दिनेश चंद्र जोशी, निखिलेश उपाध्याय, अध्यक्ष ललित मोहन जोशी, उपाध्यक्ष हेमचंद पांडे, बीना रावत, महामंत्री जितेंद्र सिंह बिष्ट, उप मंत्री मंसा राम जोशी, जगदीश चंद्र लोहनी, गौरव तिवारी, प्रचार मंत्री पंकज सत्यवाली, एडवोकेट गणेश कुमार गगन, सांस्कृतिक मंत्री प्रदीप पांडे, कोषाध्यक्ष प्रकाश चंद्र पांडे, समप्रेक्षक एडवोकेट बालम सिंह बिष्ट व अन्य 11 कार्यकारिणी सदस्य बीएस डंगवाल, मंजू जोशी, भावना भट्ट, बालम सिंह डंगवाल, नवीन चंद्र तिवारी, भवानी शंकर तिवारी, भास्कर पपनै, चंद्रशेखर पंत, भूवन चंद्र शर्मा, दयाकिशन सुयाल, नवीन चंद तिवारी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। इस दौरान पर्वतीय सभा के कई सदस्य व पूर्व पदाधिकारी मौजूद रहे।

# युवा उत्तराखंड में युवा मतदाता बनेंगे भाग्य विधाता

## राज्य में कुल मतदाताओं के सापेक्ष लगभग 44 प्रतिशत हैं 18-39 साल के मतदाता, इस वर्ष राज्य में बने 1,45,220 युवा नए मतदाता

अंकुर शर्मा, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** लोकतंत्र के सर्वोच्च संग्राम का बिगुल फुंक चुका है। चुनावी समर में राजनीति में माहिर अनुभवी योद्धा उतर चुके हैं लेकिन इस युद्ध के निर्णायक 'युवा' होंगे। यही वजह है कि सत्ताधारी भाजपा और विपक्ष कांग्रेस समेत सभी दल युवाओं की खेमेबंदी में जुटे हुए हैं।

राज्य निर्वाचन विभाग के आंकड़ों के अनुसार इस वर्ष राज्य में 1,45,220 युवा नए मतदाता बने हैं। इसमें 20-29 वर्ष के आयु वर्ग में 16,59,290 और 30-39 आयु वर्ग के 19,04,523 मतदाता हैं। इस तरह 37,09,033 युवा मतदाता हैं। राज्य में कुल 83,37,914 मतदाता हैं। आंकड़ों के अनुसार 44 प्रतिशत मतदाता 18 से 39 वर्ष के हैं जो किसी भी राजनैतिक दिग्गज और दल की सियासी गुणा गणित बना-बिगाड़ सकते हैं। इसी वजह से सभी दल इस वर्ग को रिझाने में जुटे हुए हैं। सत्ताधारी भाजपा युवाओं के लिए बड़े-बड़े वादे कर रही है। युवाओं के लिए स्टार्टअप, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, आईटीआई से रोजागरपरक शिक्षा के दावे किए जा रहे हैं हालांकि उनका घोषणा पत्र तैयार नहीं हुआ है। वहीं, विपक्षी कांग्रेस ने युवाओं के जरिए सत्तावापसी के लिए पूरी ताकत झोंक दी है। कांग्रेस के चुनावी घोषणा पत्र में युवाओं के लिए 30 लाख सरकारी नौकरियां, 25 वर्ष से कम आयु के डिप्लोमा धारक या स्नातक को एक साल की अप्रेंटिसशिप के लिए एक साल में एक लाख, स्वरोजगार से जोड़ने के लिए फंड ऑफ फंडस, सरकारी भर्तियों में आवेदन शुल्क समाप्ति आदि बड़े वादे-वादे किए गए हैं। इस चुनाव युवा सिर्फ धर्म, जाति, क्षेत्र नहीं बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य और भविष्य को लेकर दल और उम्मीदवारों की तुलना कर रहा है ऐसे में राजनैतिक दलों के सामने चुनौतियां बढ़ गई हैं।





### राज्य में पहली बार मतदाता बने युवाओं की संख्या

| जनपद | युवक | युवती | ट्रांसजेंडर | कुल |
|---|---|---|---|---|
| उत्तरकाशी | 3518 | 2860 | 1 | 6379 |
| चमोली | 3743 | 3008 | - | 6751 |
| रुद्रप्रयाग | 2966 | 2315 | - | 5281 |
| टिहरी | 5116 | 4366 | - | 9482 |
| देहरादून | 12828 | 10924 | 2 | 23754 |
| हरिद्वार | 13489 | 10958 | 2 | 24449 |
| पौड़ी | 6816 | 5710 | 1 | 12527 |
| पिथौरागढ़ | 3583 | 2590 | - | 6173 |
| बागेश्वर | 2383 | 1990 | - | 4373 |
| अल्मोड़ा | 4973 | 4050 | 1 | 9024 |
| चम्पावत | 2303 | 1849 | - | 4152 |
| नैनीताल | 7007 | 6057 | - | 13064 |
| ऊधमसिंह नगर | 11071 | 8738 | 2 | 19811 |

(नोट :- ये आंकड़े राज्य निर्वाचन कार्यालय की ओर से जारी किए गए हैं)

### जिले में हैं 12957 नए मतदाता

**हल्द्वानी :** जिला निर्वाचन कार्यालय से मिले आंकड़ों के अनुसार, नैनीताल संसदीय सीट पर 18-19 आयु वर्ग में लालकुआं 1863, भीमताल में 2196, नैनीताल में 1725, हल्द्वानी में 2350, कालाढूंगी में 2479 और रामनगर में 2344 युवक-युवतियां हैं। इनमें रामनगर के नए मतदाता गढ़वाल का सांसद चुनेंगे।



मतदान करने से पहले रोजगार के बारे में सोचूंगा। आज के समय में रोजगार होना बहुत जरूरी है। साथ ही सरकारी शिक्षण संस्थाओं को मजबूत करने वाली पार्टी को ही वोट देना चाहूंगा। **-सजल कुमार**, हल्द्वानी



लड़कियों के लिए सुरक्षा अहम मुद्दा है। आज के समय नारी सुरक्षा के मुद्दों को काफी जोर शोर से उठाया जाता है। हालांकि हकीकत में राजनीतिक दलों का आचरण नारी सुरक्षा के लिए गंभीर नहीं दिखता। **-लक्ष्मी सिंह**, हल्द्वानी



अब युवा विदेशों में नौकरी के अवसर नहीं ढूंढ रहा है बल्कि भारत में नया करने की योजनाओं पर काम कर रहा है। राजनैतिक दल का चयन करते समय युवाओं के प्रति योजनाएं, सरकारी तंत्र का व्यवहार समेत सभी पहलूओं पर ध्यान दे रहा है। **-नंदिनी उपाध्याय**



अब युवा सांसद व सरकार के चयन को लेकर सजग है। सिर्फ सोशल मीडिया, टीवी चैनल और अखबार पढ़कर मन नहीं बना रहा है। युवा धरातल पर जिन समस्याओं से जूझ रहा है लेकिन उसका समाधान नहीं हुआ है। वह देश हित के लिहाज से भी फैसले लेना चाहते हैं। युवा समझदारी से वोट देंगे। **-कुशाग्र वशिष्ठ**

# आधी रात तक इंदिरा गांधी को सुनने बैठी रही थी भीड़

मौहम्मद अर्शी, काशीपुर

### लोकप्रियता

- **कांग्रेस के वयोवृद्ध पूर्व अध्यक्ष बताते हैं तब इंदिरा गांधी को देखने व सुनने का लोगों में था जुनून**
- **शाम तक पहुंचना था इंदिरा गांधी को काशीपुर, व्यस्तता के चलते रात एक बजे पहुंची**

**अमृत विचार :** वर्ष 1979 में लोकसभा भंग होने के बाद 1980 में दोबारा चुनाव होने थे। चुनाव के साथ ही सत्ता में वापस आना इंदिरा गांधी के लिए भी चुनौती बना हुआ था। लोकसभा चुनाव की बागडोर अपने हाथ में संभाले इंदिरा गांधी तूफानी चुनावी दौरे पर थीं। इसी क्रम में इंदिरा गांधी ने कुमाऊं का दौरा किया। पहले कार्यकर्ता पूरी लगन से चुनाव प्रचार में जुटते थे और वहीं लोगों में भी बड़े व अपने चहेते नेताओं को सुनने का जोश होता था। यही कारण था कि सर्दियों की आधी रात को भी इंदिरा गांधी को सुनने के लिए उदयराज हिंदू इंटर कॉलेज के मैदान में जनसैलाब उमड़ पड़ा था। हालांकि यहां इंदिरा गांधी को शाम को पहुंचना था। लेकिन वह दौरे व जनसभाओं में व्यस्तता के चलते आधी रात करीब एक बजे पहुंची थी। उनकी लोकप्रियता का आलम यह था कि लोग सर्दी की रात में भी इंदिरा गांधी को सुनने व उनकी झलक पाने के लिए बेताब थे।



अशोक सक्सेना।

कांग्रेस पार्टी से जुड़े करीब 75 वर्षीय अशोक सक्सेना उन दिनों को याद कर बताते हैं कि अगस्त 1979 में लोकसभा भंग हो गई थी और जनवरी 1980 में लोकसभा चुनाव होने थे। चुनाव की घोषणा के बाद इंदिरा गांधी अपने तूफानी दौरे पर थी और वह कार से ही एक राज्य से दूसरे राज्य में जनसभाएं कर रही थीं। नैनीताल सीट से उस समय नारायण दत्त तिवारी चुनाव मैदान में थे। उनके पक्ष में उदयराज हिंदू इंटर कॉलेज के मैदान में जनसभा को इंदिरा गांधी को संबोधित करना था। शाम तक इंदिरा गांधी को यहां पहुंचना था। उनके देखने व सुनने के लिए मैदान में लोगों की भीड़ जमा थी। इंदिरा गांधी ने तब एक दिन में 17 जनसभाएं की थी। जिसके चलते वह यहां आधी रात को करीब एक बजे पहुंची। लेकिन उनको सुनने व देखने वालों की भीड़ में कोई कमी नहीं आई। सर्दियों की आधी रात को भी इंदिरा गांधी को सुनने जनसैलाब उमड़ पड़ा था। कई जनसभाएं करने के बाद भी कार से उतरते ही इंदिरा गांधी सीधे मंच पर गई और जनसभा को संबोधित किया। जिसके बाद लोगों में जोश भर गया था और वह अपनी पार्टी को सत्ता में वापस लाने में कामयाब रहीं।

# विकास और स्थानीय मुद्दों पर होगा मतदान

संवाददाता, भीमताल

**अमृत विचार :** जहां एक ओर कुमाऊं की सबसे बड़ी परियोजना जमरानी बांध की सारी बाधाएं दूर हुई हैं। वहीं अब भी कई ऐसे मुद्दे हैं जिन्हें जनप्रतिनिधि पूरा करने में नाकाम रहे। भीमताल विधानसभा में लोकसभा चुनाव के दौरान विकास एक महत्वपूर्ण मुद्दा रहेगा।

जहां भीमताल विधानसभा में स्वास्थ्य सेवाओं का अभाव है। चिकित्सकों की कमी है। बीमार लोगों को बेहतर इलाज के लिए मैदानी क्षेत्र में जाना मजबूरी है तो वहीं पलायन भी एक गंभीर समस्या है। भीमताल में पिछले पांच सालों में कोई ऐसा उद्योग नहीं खुला, जिसके लिए कहा जाए कि लोगों को काफी अधिक संख्या में रोजगार मिला हो। सबसे महत्वपूर्ण मुद्दा जो इस बार चुनाव परिणाम प्रभावित कर सकता है वह है जंगली जानवरों का। अकेले भीमताल ब्लॉक में चार महिलाओं को बाघ ने निवाला बना दिया। सड़क की स्थिति खराब होने के कारण कई लोगों ने भीमताल विधानसभा में जान गंवाई। जल जीवन मिशन के कार्य कई स्थानों में प्रभावित हैं। बरसात न होने के कारण जल स्रोत सूखे हुए हैं। जल जीवन मिशन में कार्य पूरा नहीं हुआ है। वहीं कई स्थानों में बिजली के पोलों की दशा खराब है। जिससे कभी भी कोई बड़ी दुर्घटना हो सकती है। सबसे महत्वपूर्ण दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में संचार व्यवस्था का न होना समेत कई ऐसे तमाम कारण हैं जो चुनाव के परिणाम प्रभावित करेंगे। ऐसा नहीं कि भीमताल की झील के लिए वर्तमान में दरार भरने का कार्य प्रारंभ न हुआ है। पर जहां 2008 में कांग्रेस के काल में लगभग 14 करोड़ की ट्रिपल आर योजना का प्रस्ताव भेजा गया था। वह न तो कांग्रेस के समय में पास हुआ और न ही भाजपा के 10 साल के कार्यकाल में केन्द्र से। कोविड के दौरान जहां विभिन्न रोजगार में लगे कारोबारियों को सरकार ने राहत के नाम पर सहायता पहुंचाई। वहीं गरीब तबका, बोट चालक, जैसे व्यवसाय को छोड़ दिया। कई ग्रामीण अपने गांव में मार्ग के लिए संघर्ष कर रहे हैं और निराश हैं।



## व्यय प्रेक्षक ने किया निरीक्षण, दिए निर्देश

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** व्यय प्रेक्षक टी संकर ने शुक्रवार को भीमताल में बॉटलिंग प्लांट, लालकुआं, गौलापुल और काठगोदाम में तैनात स्टैटिक सर्विलांस टीम (एसएसटी) के कार्यों की जांच की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि चुनाव को प्रभावित करने वाले किसी भी किस्म के मादक पदार्थ, नगदी की आवाजाही रोकने के लिए गहनता से वाहनों की चेकिंग की जाए। साथ ही चेकिंग वीडियोग्राफी भी की जाए।

## चुनाव ड्यूटी में लगी बसों का रखना होगा विवरण

**हल्द्वानी, अमृत विचार:** उत्तराखंड परिवहन निगम की ओर से लोकसभा के चुनाव में ड्यूटी लगाई जाने वाली बसों के लिए दिशा-निर्देश जारी किए है। शुक्रवार को उत्तराखंड परिवहन निगम के महाप्रबंधक दीपक जैन ने मुख्यालय की ओर से पत्र जारी किया। इसमें बताया कि प्रशासन की ओर से बसों की संख्या तिथि व समय अनिवार्य रूप से प्राप्त करलें, चुनावी ड्यूटी से बस के मुक्त होने डिपो में वापिस आने का विवरण रखा जाए जिसे बिल के साथ क्लेम किया जाए, चुनाव ड्यूटी में भेजे जाने वाले चालक व परिचालक को लाइसेंस और वर्दी के साथ भेजा जाए।

# जिन गांवों को गोद लिया उनकी भी सेहत नहीं सुधारी

### अनदेखी

- **आजादी के रणबांकुरों का क्षेत्र आज भी बुनियादी सुविधाएं न होने से है बदहाल**

बृजेश तिवारी, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** लोकसभा क्षेत्रों की विषम भौगोलिक परिस्थितियों व आजादी से लेकर अब तक बुनियादी सुविधाओं से महरूम गांवों की दशा को सुधारने के लिए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक सपना देखा और उनके निर्देश पर उत्तराखंड के सांसदों द्वारा भी कई गांवों को गोद भी लिया। कुछ अपवाद छोड़ दें तो सांसदों द्वारा गोद लिए अधिकांश गांवों की सेहत आज भी सुधर नहीं पाई है। इन गांवों के लोग पहले की तरह आज भी बुनियादी सुविधाओं के इंतजार में हैं। मजे की बात यह कि अधिकांश सांसदों ने जिन गांवों को गोद लिया। वहां के लोगों ने आज तक गांव में कभी अपने सांसद को देखा तक नहीं।

बात अल्मोड़ा लोकसभा सीट की करते हैं। इस सीट पर पिछले दस सालों से भाजपा का कब्जा है और दोनों बार अजय टम्टा यहां से सांसद चुने गए। सांसद के तौर पर उनके दस सालों के कार्यकाल की बात करें तो प्रधानमंत्री मोदी के सपनों को पूरा करने के लिए उन्होंने भी कई गांवों को गोद लिया। जिनमें से कुछ की पड़ताल की गई। सांसद टम्टा ने अपने दस सालों के कार्यकाल में बागेश्वर जिले के सूपी और मजकोट, पिथौरागढ़ के जुम्मा, चंपावत के गोशनी व सल्ली, अल्मोड़ा के सुनोली व अन्य कुछ गांवों को गोद लिया। सांसद द्वारा गोद लिए इन गांवों के लिए केंद्र की निर्धारित गाइड लाइन की बात करें तो सांसदों को चयनित गांवों में ढांचागत सुविधाओं के अलावा पंचायती राज, भूमि संरक्षण, वन एवं पर्यावरण, स्वास्थ्य व शिक्षा, पेयजल, बिजली, दूरसंचार, सूचना प्रौद्योगिकी, कृषि, खेलकूद तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के सहयोग से विकास योजनाओं का लाभ ग्रामीणों तक पहुंचाना था। इन गांवों के ग्रामीणों की मानें तो विकास योजनाओं के नाम पर करोड़ों रुपये पानी की तरह बहाए गए। लेकिन सच्चाई यह है कि विकास योजनाएं गांवों तक पहुंची ही नहीं। ऐसे में सांसद द्वारा गोद लिए इन गांवों के वाशिंदे खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं।




### स्वतंत्रता सेनानियों ने बजाया था आजादी का बिगुल

चंपावत जिले के गोशनी का इतिहास आजादी की लड़ाई से जुड़ा है। इस गांव के वीर रणबांकुरे स्वतंत्रता सेनानी पं. हर्षदेव ओली, पं. दुर्गादत्त ओली, पं. दयाराम ओली, पं.पूर्णानंद जोशी ने इसी गांव से आजादी की अलख जगाई और ब्रितानी हुकूमत को लड़ाई के दौरान लोहे के चने चबाने को मजबूर कर दिया था। इसी तरह अल्मोड़ा का सुनोली गांव स्वतंत्रता सेनानी सोबन सिंह जीना से वास्ता रखता है। उनके नाम जिला मुख्यालय पर एसएसजे विवि और अन्य कई संस्थान तो खुल गए। लेकिन उनके पैतृक गांव की दशा आज भी दयनीय बनी हुई है।



### इन समस्याओं से जूझ रहे गोद लिए गांवों के लोग

सांसद अजय टम्टा द्वारा गोद लिए लगभग सभी गांवों में बिजली, पानी की नियमित आपूर्ति न होना, शिक्षा और स्वास्थ्य की सुविधाओं का अभाव है। चंपावत जिले के गोशनी व सल्ली गांव की बात करें तो यहां के लोग एक बड़ी लिफ्ट पेयजल योजना बनाने, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का उच्चीकरण करने, महिला डिग्री कॉलेज खोलने, बारात घर, पर्यटक आवासगृह, केंद्रीय विद्यालय, गैस गोदाम, जीआईसी और जीजीआईसी में मानकों के अनुरूप शिक्षकों की तैनाती को लेकर संघर्ष कर रहे हैं। बागेश्वर जिले के सूपी और मजकोट में भी हालात कुछ ऐसे ही हैं। गांव के लोगों को फोन कनेक्टिविटी के लिए कई किमी दूर जाना पड़ता है।



पिथौरागढ़ जिले का जुम्मा गांव भी विकास की रात ताकते ताकते थक गया। सालों बीत गए सड़क तक नहीं बन पाई। रही सही कसर प्राकृतिक आपदाओं ने पूरी कर दी। कई बार जनहानि का सामना भी करना पड़ा। इसी तरह अल्मोड़ा के सुनोली के विकास की तस्वीर किसी धुंधलके से कम नहीं है। अस्पताल फार्मासिस्टों के सहारे तो गर्भवती महिलाओं के लिए प्रसव की कोई सुविधा नहीं, आंतरिक रास्ते खड़ंजे तक की बाट जोह रहे हैं। जंगली जानवरों के आतंक से फसलें चौपट हो गई हैं तो स्कूलों में विज्ञान विषय पढ़ने तक की सुविधा नहीं है। बुनियादी सुविधाओं का अभाव इतना ही सांसद के गोद लिए इन गांवों से पलायन लगातार जारी है।

# मोदी के कार्यकाल में सशक्त हुई सेना, सैनिकों का मनोबल बढ़ा

ब्यूरो, देहरादून

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को मसूरी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत न्यू कैंट रोड सालावाला स्थित भाजपा लोकसभा चुनाव कार्यालय में हुए कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस अवसर पर उन्होंने पूर्व सैनिकों को भाजपा की सदस्यता दिलवाई।



मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि जनता के जोश, उत्साह, और विश्वास से निश्चित ही आगामी लोकसभा चुनाव में राज्य की पांचों सीटों पर भाजपा की जीत होगी। पूर्व सैनिकों का भाजपा में सदस्यता ग्रहण करना खुशी का पल है। उन्होंने कहा इस चुनाव में हर लोकसभा सीट को 5 लाख से भी अधिक वोट से जीतने का लक्ष्य है। पिछले साल का रिकॉर्ड तोड़ना है। इस काम के लिए सबने मिलकर मेहनत करनी होगी। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के नेतृत्व में सेना को और अधिक सशक्त किया गया है। सैनिकों का मनोबल पहले से अधिक ऊंचा हुआ है। मुख्यमंत्री धामी का प्रधानमंत्री का उत्तराखंड से विशेष लगाव है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में 2 लाख करोड़ से भी अधिक की विकास योजनाओं पर काम जारी है। सड़क, रेलवे, रोपवे का विकास हो रहा है। देहरादून एयरपोर्ट का कायाकल्प हुआ है। देहरादून से दिल्ली और लखनऊ के लिए वन्दे भारत एक्सप्रेस की शुरुआत की गई है। देहरादून से दिल्ली तक एलिवेटेड सड़क का निर्माण जारी है। प्रधानमंत्री के ही नेतृत्व में समान नागरिक संहिता विधेयक पास करने वाला उत्तराखंड पहला राज्य बन गया है। इसके साथ ही नकल विरोधी, दंगारोधी, धर्मांतरण रोधी कानून लागू किया गया है। इस दौरान कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी, लोकसभा प्रभारी विनय रोहिला, पार्टी पदाधिकारी, पूर्व सैनिक एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

# राज्य में 1365 क्रिटिकल और 809 वल्नरेबल बूथ

ब्यूरो, देहरादून

**अमृत विचार :** अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी विजय कुमार जोगदंडे ने शुक्रवार को सचिवालय स्थित मीडिया सेंटर में हुई प्रेस ब्रीफिंग में बताया कि राज्य में 1365 क्रिटिकल बूथ और 809 वल्नरेबल बूथ चिन्हित किए गए हैं।

वल्नरेबल बूथ की श्रेणी में ऐसे बूथ आते हैं, जिनमें पूर्व में निर्वाचन के दौरान कोई ऐसी घटना हुई हो जिसमें आपराधिक मामला शामिल हो। वहीं क्रिटिकल बूथ के मानकों के अनुसार यदि किसी बूथ में गत निर्वाचन में 10 प्रतिशत से कम मतदान हुआ हो उसे क्रिटिकल बूथ की श्रेणी में रखा गया है। ऐसे बूथ जिनमें गत वर्ष 90 प्रतिशत से अधिक मतदान हुआ है और उसमें से 75 प्रतिशत से अधिक मतदान किसी एक ही प्रत्याशी के पक्ष में हुआ हो, उसे भी क्रिटिकल बूथ की श्रेणी में चिन्हित किया जाता है। यदि किसी बूथ पर मतदान के दिवस पर औसत से अधिक लोगों ने एपिक के अलावा अन्य दस्तावेजों का प्रयोग किया है, तो उस बूथ को भी क्रिटिकल बूथ की श्रेणी में चिन्हित किया जाता है। क्रिटिकल और वल्नरबल बूथों के चिन्हीकरण की कार्यवाही सेक्टर ऑफिसर और सेक्टर पुलिस ऑफिसर के माध्यम से की जाती है। उन्होंने बताया कि राज्य में सर्वाधिक क्रिटिकल बूथ हरिद्वार में 344, देहरादून में 278 और उधमसिंह नगर में 158 पा हैं। सबसे अधिक वल्नरेबल बूथ देहरादून में 243, उधमसिंह नगर में 229 और नैनीताल में 201 हैं।

## घर बैठे मतदान करेंगे बुजुर्ग व दिव्यांग

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** नोडल अधिकारी मीडिया/नगर आयुक्त विशाल मिश्रा ने शुक्रवार को एमबीपीजी कॉलेज में हुई प्रेस वार्ता में बताया कि दिव्यांग एवं बुजुर्ग मतदाता का घर बैठे पोस्टल बैलेट से मतदान की तैयारियां शुरू कर दी हैं। पहले चरण 8 से 10 दूसरे में 11 से 13 अप्रैल तक मतदान होगा।

यदि कोई मतदाता पहले चरण में छूट जाता है तो दूसरे चरण में मतदान कर सकता है। उन्होंने बताया कि जिले में 1556 दिव्यांग व बुजुर्ग मतदान करेंगे। इनमें 1417 मतदाता नैनीताल और 139 पौड़ी सीट के लिए मतदान करेंगे। उन्होंने बताया कि 128 पोलिंग पार्टियां बनाई गई हैं। हर पोलिंग पार्टी में मतदान अधिकारी प्रथम, द्वितीय, तृतीय, सेक्टर-जोनल मजिस्ट्रेट, माइक्रो ऑब्जर्वर, वीडियोग्राफर, एक पुलिस कर्मी शामिल होंगे।

# राज्य में कांग्रेस के 40 स्टार प्रचारक बनाएंगे माहौल

संवाददाता, हल्द्वानी

### चुनावी रण

- **राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन राहुल गांधी भी आएंगे उत्तराखंड**
- **हरीश रावत, करन माहरा भी बने स्टार प्रचारक**

**अमृत विचार:** कांग्रेस ने स्टार प्रचारकों की सूची जारी कर दी है। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने निर्वाचन आयोग को बताया कि उत्तराखंड में कांग्रेस के 40 स्टार प्रचारक चुनावी सभाएं करेंगे।



इनमें कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, उत्तराखंड कांग्रेस प्रभारी कुमारी शैलजा, सलमान खुर्शीद, अल्का लांबा शामिल हैं। स्थानीय नेताओं में पूर्व सीएम हरीश रावत, प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा, नेता प्रतिपक्ष करन माहरा, उप नेता प्रतिपक्ष भुवन कापड़ी, काजी निजामुद्दीन भी शामिल हैं।

हल्द्वानी विधायक सुमित हृदयेश, हरीश धामी, मंत्री प्रसाद नैथानी, हरक सिंह रावत भी कांग्रेस के लिए बतौर स्टार प्रचारक चुनावी सभाएं करेंगे। जहां तक चुनाव प्रचार की बात है तो कांग्रेस के स्थानीय स्टार प्रचारकों ने चुनाव प्रचार करना शुरू कर दिया है लेकिन बड़े राष्ट्रीय नेताओं का उत्तराखंड आना अभी बाकी है।

## सार-संक्षेप



किच्छा में उप जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपते निवर्तमान सभासद।

### मानकों से अधिक पशु काटने के मामले ने पकड़ा तूल

**किच्छा :** नगर स्थित स्लॉटर हाउस में निर्धारित मानक से अधिक पशुओं को काटे जाने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। मामले को लेकर निवर्तमान सभासदों ने उप जिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्रा को ज्ञापन सौंपते हुए ठेकेदार के विरुद्ध कार्रवाई किए जाने की मांग की। उप जिलाधिकारी मिश्रा ने मामले की निष्पक्ष जांच कर जल्द कार्रवाई किए जाने का भरोसा दिलाया है। आरोप लगाने वालों में निवर्तमान सभासद फिरासत खान, लियाकत अंसारी, तौसीफ अंसारी, शबनम बेगम, शोभित शर्मा, मोहसिना आरिफ, इंतजार अहमद कल्लू एवं हसीब अहमद आदि शामिल रहे।

### बाजपुर में पहुंचेंगे देशभर के किन्नर

**बाजपुर :** किन्नर समाज बाजपुर में एक बड़ा आयोजन करने जा रहा है। इसमें देशभर के किन्नर आमंत्रित किए गए हैं। यह आयोजन 20 से 25 अप्रैल तक छह दिन चलने वाला है। बाजपुर में किन्नर समाज की प्रमुख मीना बुआ की अगुवाई व सनम बुआ के संचालन में नैनीताल-रामपुर मुख्यमार्ग पर स्थित महाराजा पैलेस में 20 अप्रैल से देश के अनेक प्रांतों के किन्नर आ रहे हैं, जो यहां 25 अप्रैल तक रहेंगे। सनम बुआ ने बताया कि प्रथम दिन सभी का स्वागत होगा। 21 को हवन-यज्ञ किया जाएगा जिसमें देश की खुशहाली व उन्नति की दुआ की जाएगी। साथ ही बाजपुर की प्रमुख रही दिवंगत रोजी बुआ को श्रद्धांजलि दी जाएगी। अवगत कराया कि आयोजन में दिल्ली, हैदराबाद, पूना, कलकत्ता, मुंबई, सूरत, उत्तर-प्रदेश आदि से करीब 500 किन्नर समाज के लोग आ रहे हैं।


जानकारी देतीं मीना बुआ व सनम।


राष्ट्रीय जूडो प्रतियोगिता में पदकों के साथ विजयी खिलाड़ी।

### जूडो में पंतनगर ने जीते 3 स्वर्ण व 2 रजत पदक

**शांतिपुरी :** राष्ट्रीय जूडो प्रतियोगिता में मां दुर्गा मार्शल आर्ट्स एकेडमी पंतनगर के जूडो खिलाड़ियों ने तीन स्वर्ण, दो रजत और तीन कांस्य पदक जीतकर प्रदेश का मान बढ़ाया है। लखनऊ उत्तर प्रदेश में आयोजित सबजूनियर, जूनियर (बालक/बालिका वर्ग) नेशनल जूडो चैम्पियनशिप 2023-24 में मां दुर्गा मार्शल आर्ट्स एकेडमी पंतनगर के जूडो खिलाड़ियों ने उत्तराखंड जूडो टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए तीन स्वर्ण, दो रजत एवं तीन कांस्य पदक जीते। एकेडमी की मुख्य प्रशिक्षिका हेमा भट्ट ने बताया कि टीम के खिलाड़ी उत्कर्ष ने दो स्वर्ण पदक, साक्षी पंत ने एक स्वर्ण, एक रजत पदक, खुशबू जोशी ने रजत पदक, अक्षित बिष्ट ने कांस्य पदक, कुणाल जोशी ने कांस्य पदक, रौनक शर्मा ने कांस्य पदक जीते। जबकि रंजना पंत अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन के द्वारा क्वार्टर फाइनल तक पहुंचीं। खिलाड़ियों की इस सफलता पर जूडो एसोसिएशन ऑफ ऊधम सिंह नगर के अध्यक्ष भारत भूषण, महासचिव ऋषि पाल भारती, कोषाध्यक्ष किशोर, वसीम खान, कमल सिंह ने उन्हें बधाई दी।

### बीस सूत्रीय कार्यक्रम रैंकिंग में यूएसनगर दूसरे स्थान पर

**रुद्रपुर :** नियोजन विभाग, अर्थ एवं संख्या निदेशालय ने बीस सूत्रीय कार्यक्रम के तहत फरवरी की राज्य के समस्त जनपदों की प्रगति रैंकिंग प्रकाशित की है। इसमें ऊधमसिंह नगर 92.83 प्रतिशत की प्रगति के साथ राज्य में द्वितीय एवं कुमाऊं मंडल में प्रथम स्थान पर रहा है। शुक्रवार को मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार ने बताया कि जिलाधिकारी उदयराज सिंह के निर्देशन में राज्य में बीस सूत्रीय कार्यक्रम में जनपद मंडल में प्रथम व राज्य में द्वितीय स्थान पर रहा है। उन्होंने बताया कि जनपद की कुल रैंकिंग मद 32 है। इसमें 27 मदों में ए श्रेणी, तीन मदों में बी श्रेणी और दो मदों में सी श्रेणी प्राप्त की है।

### नगर पालिका ने कीटनाशक का छिड़काव कराया

**जसपुर :** नगर पालिका परिषद की ओर से नागरिकों को संक्रामक रोगों से बचाव के लिए नगर क्षेत्र में कीटनाशक दवाई का छिड़काव कराया गया। पालिका ईओ शाहिद अली ने बताया कि बढ़ती गर्मी कारण मच्छरों के प्रकोप बढ़ गया और इन दिनों नगर में वायरल बुखार भी चल रहा है। नगर पालिका के पर्यावरण पर्यवेक्षक महेंद्र सिंह ने बताया कि नगर क्षेत्र में कीटनाशक दवाई का छिड़काव प्रतिदिन चल रहा है। वार्ड नम्बर 12, 13, 14, 15, 16 समेत अन्य क्षेत्रों में कीटनाशक दवाई का छिड़काव कराया गया। इस दौरान पर्यवेक्षक महेंद्र सिंह एवं पर्यावरण मित्र आलोक कुमार, अरविंद कुमार, अजय कुमार, विनोद कुमार, आकाश कुमार शेखर आदि मौजूद रहे।

### डॉ. गगनप्रीत सिंह बने असिस्टेंट प्रोफेसर



**खटीमा :** उत्तराखंड लोक सेवा आयोग द्वारा असिस्टेंट प्रोफ़ेसर परीक्षा में खटीमा महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग के संविदा प्राध्यापक डॉ. गगनप्रीत सिंह का चयन हुआ है। डॉ. गगनप्रीत इससे पूर्व लोहाघाट महाविद्यालय में तथा वर्तमान समय में संविदा प्राध्यापक के रूप खटीमा महाविद्यालय में अपनी सेवा दे रहे हैं।

# मतदान पार्टियां बूथ पर रात्रि विश्राम करें, किसी का आतिथ्य न स्वीकारें

## मास्टर ट्रेनरों ने जसपुर व काशीपुर के पीठासीन व मतदान अधिकारियों को दिया प्रशिक्षण

सतर्कता

संवाददाता पंतनगर

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव को निर्बाध और सुचारू संपन्न कराने के लिए शुक्रवार को जसपुर एवं काशीपुर विधानसभा के पीठासीन व मतदान अधिकारियों को दूसरे प्रशिक्षण का आयोजन पंतनगर विवि के गांधी हॉल में किया गया। पहले दिन मास्टर ट्रेनरों ने दो पालियों में 1730 पीठासीन व मतदान अधिकारियों को सैद्धांतिक एवं ईवीएम का व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया।

जिला निर्वाचन अधिकारी उदयराज सिंह ने कहा कि सभी मतदान कार्मिक तटस्थ होकर कार्य करें और सभी मतदान पार्टियां अपने बूथ पर ही रात्रि विश्राम करें, इसकी जिम्मेदारी पीठासीन अधिकारी की होगी। इसमें किसी का आतिथ्य स्वीकार नहीं करेंगे। मतदान से पूर्व मॉकपोल अवश्य कराएंगें और निर्धारित समय सुबह सात बजे से मतदान प्रारंभ कराना सुनिश्चित करें।

एसएसपी डॉ. मंजूनाथ टीसी ने कहा कि निर्वाचन आयोग का उद्देश्य शांतिपूर्ण, निष्पक्ष व पारदर्शी मतदान कराना है। इसमें पीठासीन की भूमिका अहम है। सीडीओ मनीष कुमार, नोडल अधिकारी प्रशिक्षण नरेश दुर्गापाल, सामान्य प्रेक्षक गगनदीप सिंह बरार ने भी निर्देश दिए। इस दौरान नोडल पुलिस चंद्रशेखर घोड़के, नोडल ईवीएम टीएस मर्तोलिया, सहायक निर्वाचन अधिकारी मनीष बिष्ट, अभय प्रताप सिंह, गौरव चटवाल, परियोजना निदेशक अजय सिंह, नोडल खानपान श्याम आर्य, सहायक नोडल कार्मिक केएस रावत, नोडल इवीसी विवेक राय, सहायक नोडल सुभाष गुप्ता आदि मौजूद रहे।


प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते जिला निर्वाचन अधिकारी उदयराज सिंह। ● अमृत विचार


बाजपुर में मतदान अधिकारियों को दिशा-निर्देश देते एआरओ राकेश चंद्र तिवारी।

### 48 दिव्यांगों का घर में कराया जाएगा मतदान

**बाजपुर :** स्थानीय निर्वाचन अधिकारी (एसडीएम) राकेश चंद्र तिवारी ने जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेट, माइक्रो ऑब्जर्वर, सुपरवाइजर व पांचों टीमों में शामिल चुनाव अधिकारियों-कर्मचारियों की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने 8 व 9 अप्रैल को घर-घर जाकर 85 वर्ष से ऊपर के 53 मतदाता एवं 48 दिव्यांगजनों के वोट पूरी पारदर्शिता व निष्पक्षता के साथ करवाने के निर्देश दिए। बैठक में एआरओ राकेश चंद्र तिवारी ने कहा कि निष्पक्ष चुनाव करवाना हम सबकी प्राथमिकता है।

# जिले में 21531 बुजुर्ग व दिव्यांग करेंगे मतदान

बीरेन्द्र बिष्ट, रुद्रपुर

**तैयारी**

- बुजुर्ग मतदाताओं की संख्या 8286 और दिव्यांग मतदाताओं की संख्या 13245
- 580 बुजुर्ग व 253 दिव्यांग मतदाताओं ने मत पत्र से मतदान के लिए किया आवेदन

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव में इस बार ऊधमसिंह नगर की नौ विधानसभाओं में 21531 बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इसमें बुजुर्ग मतदाताओं की संख्या है 8286 है, जबकि दिव्यांग मतदाताओं की संख्या 13245 है। वहीं जिले में 580 बुजुर्ग व 253 दिव्यांग मतदाता ने मतपत्र से मतदान के लिए किया आवेदन किया है।

दरअसल, ऊधमसिंह नगर में जसपुर, काशीपुर, बाजपुर, गदरपुर, रुद्रपुर, किच्छा, सितारगंज, नानकमत्ता और खटीमा विधानसभाएं शामिल हैं। इन विधानसभाओं में बुजुर्ग मतदाताओं की संख्या 8286 है। इसमें पुरुष मतदाताओं की संख्या 3586 और महिला मतदाताओं की संख्या 4700 है। जसपुर विधानसभा में सबसे बुजुर्ग मतदाताओं की संख्या सबसे अधिक 1182 है। इसमें पुरुष मतदाताओं की संख्या 496 और महिला मतदाताओं की संख्या 686 है। जबकि नानकमत्ता विधानसभा में बुजुर्ग मतदाताओं की संख्या सबसे कम 797 है। इसमें पुरुष मतदाताओं की संख्या 361 और महिला मतदाताओं की संख्या 436 है। इसी तरह सभी विधानसभाओं में दिव्यांग मतदाताओं की संख्या 13245 है। इसमें पुरुषों की संख्या 7922 और महिला मतदाताओं की संख्या 5323 है।

> जनपद में बुजुर्ग मतदाताओं की संख्या है 8286 है, जबकि दिव्यांग मतदाताओं की संख्या 13245 है। इसमें से 580 बुजुर्ग व 253 दिव्यांग मतदाता ने मत पत्र से मतदान के लिए किया आवेदन किया। इन सभी मतदाताओं को 8 से 10 अप्रैल तक घर-घर मत पत्र के माध्यम से मतदान कराया जाएगा। इसके लिए कार्मिकों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है।
> -विजय तिवारी, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी, ऊधमसिंह नगर

गदरपुर विधानसभा में दिव्यांग मतदाताओं की संख्या सबसे अधिक 1439 है। इसमें पुरुष दिव्यांग मतदाताओं की संख्या 880 और महिला दिव्यांगों की संख्या 559 है। जबकि नानकमत्ता विधानसभा में दिव्यांग मतदाताओं की संख्या सबसे कम 1228 है। इसमें पुरुष दिव्यांगों की संख्या 725 और महिला दिव्यांगों की संख्या 503 है। वहीं जिले में 580 बुजुर्ग व 253 दिव्यांग मतदाता ने मतपत्र से मतदान के लिए किया आवेदन किया है। ये सभी मतदाता 8 से 10 अप्रैल को घर पर मतपत्र के माध्यम से मतदान करेंगे।


खटीमा के ग्रामीण क्षेत्र में नुक्कड़ सभा करते विधायक भुवन कापड़ी। ● अमृत विचार

### युवाओं पर जबरन थोपी जा रही अग्निवीर योजना

**खटीमा :** नैनीताल-ऊधम सिंह नगर लोकसभा सीट से कांग्रेस व महागठबंधन के संयुक्त प्रत्याशी प्रकाश जोशी के पक्ष में विधायक भुवन कापड़ी ने ग्रामीण क्षेत्र में जनसंपर्क किया। उन्होंने अलविर्दी, नौगवांनाथ, खेतलसंडा मुस्तजार, पटिया आदि में सभाओं और जनसंपर्क के दौरान कहा कि केंद्र सरकार के द्वारा उन युवाओं के साथ अन्याय किया जा रहा जो आर्मी में भर्ती होकर देश सेवा करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि आज युवाओं के सामने बेरोजगारी मुख्य मुद्दा है, जिसके लिए कांग्रेस युवा न्याय योजना ला रही है, जिसमें हर डिग्रीधारक को डिग्री मिलने के साथ ही एक साल के एक लाख रुपये के साथ काम भी देगी। उन्होंने कांग्रेस की पांच गारंटियों से भी लोगों को अवगत कराया। इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष नवीन जोशी, गणेश मंडेला, उमेश चंद्र आदि शामिल रहे।


किच्छा में जनसंपर्क करते भाजपा कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया जनसंपर्क

**किच्छा :** नैनीताल-ऊधम सिंह नगर लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट के समर्थन में भाजपा कार्यकर्ताओं ने नगर के कई क्षेत्रों में डोर-टू-डोर जनसंपर्क किया। सांसद प्रतिनिधि विपिन जलहोत्रा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने नगर के वार्ड नंबर-7 में घर-घर जाकर मतदाताओं को केंद्र एवं राज्य सरकार की कल्याणकारी नीतियों से अवगत कराया। प्रतिनिधि जलहोत्रा ने कहा कि जनसंपर्क के दौरान जनता का अपार समर्थन भाजपा को मिल रहा है। जनसंपर्क के दौरान भाजपा ग्रामीण मंडल के पूर्व अध्यक्ष हरीश खानवानी, पूर्व सभासद शोभित शर्मा, भाजपा मंडल उपाध्यक्ष नितेश बाला, युवा मोर्चा जिला मंत्री नवजोत सिंह, सोनू कुशवाहा, श्याम बिष्ट, ललित सिंह, विशाल कुमार, अमित कश्यप, दिनेश मेहरा, आदर्श तिवारी, पूरन सिंह आदि मौजूद रहे।


खटीमा में भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने वालों का स्वागत करते कार्यकर्ता।

### भाजपा ने घर-घर जाकर किया चुनाव प्रचार

**खटीमा :** भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने बाल्मीकि बस्ती में घर-घर जाकर पार्टी के पक्ष में मतदान करने की अपील की। संतोष गौरव के आवास पर आयोजित सभा में विधानसभा संयोजक दान सिंह रावत ने कहा कि भाजपा हमेशा दलितों के उत्थान के लिए काम करती आई है। प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रमेश चंद्र जोशी, विधानसभा प्रभारी उत्तम दत्ता, नगर अध्यक्ष जीवन धामी, नगर महामंत्री मनोज भाजपा, प्रकाश आर्य, नगर उपाध्यक्ष अनुपम शर्मा, नीरज गौरव, रमेश जोशी, नवल वाल्मीकि, ग्रेसी देवी आदि थे। इस दौरान दलित समाज के कई लोगों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

# कांग्रेस का बढ़ रहा कुनबा : गाबा

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव में भाजपा को पराजित करने के उद्देश्य से इंडिया गठबंधन के तहत आप नेताओं के साथ कांग्रेस के जिलाध्यक्ष हिमांशु गाबा ने कहा कि तानाशाही सरकार के खिलाफ राजनीतिक दलों के अलावा देश की जनता को भी एकजुट होने की जरूरत है। तभी देश को भाजपा मुक्त बनाया जा सकता है।

शुक्रवार को कांग्रेस जिलाध्यक्ष गाबा ने जिला कार्यालय पर आम आदमी पार्टी के नेताओं के साथ पत्रकार वार्ता करते हुए कहा कि इंडिया गठबंधन के कारण कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी का कुनबा बढ़ता ही जा रहा है। ईडी, सीबीआई और सरकारी मशीनरी का खौफ दिखाकर लोकतंत्र की हत्या की जा रही है। विपक्ष को भाजपा में शामिल होने के लिए विवश किया जा रहा है।

आप पार्टी के जिलाध्यक्ष काशीपुर संजय व्यापारी ने कहा कि देश महंगाई, भ्रष्टाचार से जूझ रहा है। भाजपा सिर्फ धर्म के नाम पर देश को बांट रही है। इस मौके पर आप के प्रदेश सचिव कुलविंदर सिंह, कांग्रेस प्रवक्ता सौरभ चिलाना आदि मौजूद रहे।


रुद्रपुर में इंडिया गठबंधन के साथ प्रेस वार्ता करते कांग्रेस जिलाध्यक्ष हिमांशु गाबा।

### जवानों ने बनाई 15 एनडीआरएफ की मानव श्रृंखला

**रुद्रपुर:** जिला निर्वाचन अधिकारी उदयराज सिंह व मुख्य विकास अधिकारी व नोडल स्वीप मनीष कुमार के दिशा-निर्देशन में स्वीप टीम ने 15वीं बटालियन एनडीआरएफ गदरपुर में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान जवानों ने 15 एनडीआरएफ की मानव श्रृंखला बनाकर मतदान के प्रति अपना कर्तव्य प्रदर्शित किया। इस दौरान सेनानायक सुदेश कुमार ने सभी को मतदान शपथ दिलायी। इस अवसर पर सहायक नोडल स्वीप व्योमा जैन, अमन अनिरुद्ध, जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी उमाशंकर नेगी, स्वीप टीम के पिंकेश आदि उपस्थित थे।



किच्छा में संयुक्त पत्रकार वार्ता करते आप एवं कांग्रेस नेता। ● अमृत विचार

### आप ने किया कांग्रेस प्रत्याशी का समर्थन

**किच्छा :** आम आदमी पार्टी के पदाधिकारियों एवं कांग्रेस विधायक तिलकराज बेहड़ की ओर से शुक्रवार को संयुक्त रूप से पत्रकार वार्ता की गई। इसमें इंडिया गठबंधन के संयुक्त प्रत्याशी प्रकाश जोशी के समर्थन में जनता से वोट करने का आह्वान किया गया। नगर के आवास विकास स्थित विधायक बेहड़ के कार्यालय पर आम आदमी पार्टी के प्रदेश सचिव कुलवंत सिंह, विधानसभा प्रभारी जनार्दन सिंह ने प्रत्याशी प्रकाश जोशी को समर्थन दिया। कांग्रेस विधायक बेहड़ ने कहा कि क्षेत्र की जनता भाजपा सरकार की जन विरोधी एवं विकास विरोधी नीतियों से त्रस्त है, इसीलिए इंडिया गठबंधन का सृजन कर लोकसभा का चुनाव मिलकर लड़ने का फैसला किया। वहीं आम आदमी पार्टी के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी एवं प्रदेश सचिव कुलवंत सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार के इशारे पर जांच एजेंसियों ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को झूठे केस में फंसा कर जेल भेजने का शर्मनाक काम किया गया। इस दौरान आप के वरिष्ठ नेता जनार्दन सिंह, निवर्तमान पालिका अध्यक्ष दर्शन कुमार कोहली, कांग्रेस नगर अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी बबलू, कांग्रेस प्रदेश सचिव राजेश प्रताप सिंह, कांग्रेस जिला महामंत्री गुलशन सिंधी मौजूद रहे।

**आयोजन** — पहले बैच में 10 प्रेक्टिस डॉक्टर और 15 स्वास्थ्य कर्मियों को दी गईं प्रबंधन की जानकारियां

# अस्पताल का बेहतर प्रबंधन सिखाएगा आईआईएम

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार :** आईआईएम काशीपुर ने मैक्स हेल्थ केयर के सहयोग से डॉक्टरों और स्वास्थ्य के क्षेत्र में कार्यकर्ता पेशेवरों के लिए अस्पताल प्रबंधन में एक साल का पोस्ट ग्रेजुएट कोर्स शुरू किया है।

शुक्रवार को आईआईएम में आयोजित पोस्ट ग्रेजुएट कोर्स के पहले बैच में 10 प्रैक्टिसिंग डॉक्टरों और 15 स्वास्थ्य देखभाल पेशेवरों ने नामांकन किया है। आईआईएम के डीन (विकास) प्रोफेसर कुणाल गांगुली ने कहा कि पहली बार किसी आईआईएम ने मैक्स अस्पताल के साथ साझेदारी की और भारत में कुशल स्वास्थ्य पेशेवरों की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए स्वास्थ्य पेशेवरों के लिए एक अद्वितीय एक-वर्षीय पाठ्यक्रम डिजाइन किया। आईआईएम के निदेशक कुलभूषण बलूनी, मैक्स हेल्थकेयर के वरिष्ठ मानव संसाधन निदेशक उमेश गुप्ता और मैक्स अस्पताल में एचआर की वरिष्ठ उपाध्यक्ष रितु वर्मा ने बताया कि कोर्स में पेशेवर स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र की बारीकियों को सिखाया जाएगा।


आईआईएम काशीपुर में अस्पताल प्रबंधन में पीजी कोर्स करने आए डॉक्टर व स्वास्थ्य कर्मियों के साथ आईआईएम के विशेषज्ञ।

### दहेज के लिए विवाहिता को घर से निकाला, रिपोर्ट दर्ज

**बाजपुरः** पांच लाख रुपये के लिए विवाहिता को मारपीट कर घर से निकालने के आरोप में पति समेत चार ससुरालियों के विरुद्ध पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

ग्राम गोबरा दाबका पार थाना बाजपुर निवासी सुखविंदर कौर ने पुलिस को बताया कि उसकी शादी ग्राम गोबरा दाबका पार निवासी राजेंद्र सिंह के साथ पांच जून 2020 को सिख रीति-रिवाज के अनुसार पिता के निवास स्थान ग्राम सरकड़ी थाना केलाखेड़ा में हुआ था। पति राजेंद्र सिंह के साथ ही सास सरजीत कौर, ननद हरवंश कौर व बलविन्दर कौर दहेज में दिए गए सामान से खुश नहीं थे। इसको लेकर उसे परेशान किया जाने लगा तथा दहेज में चार पहिया वाहन व पांच लाख रुपये की मांग को लेकर उसके साथ आए दिन मारपीट करने लगे। 20 जनवरी को बेरहमी से मारपीट कर उसे घर से निकाल दिया व किसी तरह अपने मायके ग्राम सरकड़ी पहुंची। 23 जनवरी को आरोपित उसके मायके आ धमके। फिर से गाली-गलौज करते हुए मारपीट की गई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर पति राजेंद्र सिंह, सास सरजीत कौर, ननद हरवंश कौर, बलविंदर कौर के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अख़बार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
कुमाऊं संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
अमृत विचार
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
हल्द्वानी : 8077909468, 8954474523, नैनीताल : 8171371321
अल्मोड़ा : 9412962333, रुद्रपुर : 9837450888
काशीपुर : 8279474121, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

## एक नजर

### भूमि के अधिकार मिलने तक जारी रहेगा आंदोलन : बाजवा

**बाजपुर :** भूमि बचाओ मुहिम के संयोजक व संयुक्त किसान मोर्चा के नेता जगतार सिंह बाजवा ने शुक्रवार को पत्रकार वार्ता में कहा कि संयुक्त किसान मोर्चा उत्तराखंड के किसानों के सभी मुद्दों पर बेहद गंभीर है। उत्तराखंड के किसानों की भूमि के विभिन्न वर्गों के चलते किसानों को कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। संयुक्त किसान मोर्चा की बैठक उत्तराखंड में आयोजित करने पर प्रस्ताव दिया गया है। भविष्य में उत्तराखंड के सभी मुद्दों पर संयुक्त किसान मोर्चा की बैठक में योजना बनाई जाएगी। साथ ही बाजपुर के 5838 एकड़ भूमि के भूमिधरी अधिकारों को लेकर पिछले आठ माह से चल रहा भूमि बचाओ आंदोलन तब तक जारी रहेगा जब तक उन्हें भूमिधरी अधिकार नहीं मिल जाते।

### पड़ोसी पर पति-पत्नी से मारपीट का आरोप

**जसपुर :** मोहल्ले के युवक ने पति-पत्नी को लाठी डंडों से पीटकर घायल कर दिया। पुलिस ने युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। जसपुर के मोहल्ला पट्टी चौहान निवासी सीमा ने कहा कि 17 मार्च की दोपहर को वह अपने पति के साथ स्कूटी से अपनी दुकान से आ रही थी। तभी इसी मोहल्ले के निवासी राहुल चौहान ने रास्ता रोककर लाठी-डंडों से जानलेवा हमला कर दिया। उसके साथ अभद्रता भी की। घटना में पति गंभीर रूप से घायल हो गया। मोहल्ले के लोगों ने आकर उन्हें बचाया। आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। पुलिस ने घटना की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### बिजली चोरी के आरोप में दो महिलाओं पर मुकदमा

**काशीपुर :** विद्युत विभाग की टीम ने दो घरों में बिजली चोरी पकड़ी। मामले में उपखंड अधिकारी की तहरीर पर पुलिस ने दो महिलाओं के खिलाफ बिजली चोरी का मुकदमा दर्ज किया है। उपखंड अधिकारी महक मिश्रा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उन्होंने अपनी टीम के साथ अल्ली खां मोहल्ले में छापा मारा, तो वहां दो घरों में बिजली चोरी होते हुए पाई। पुलिस ने मोहल्ला अल्ली खां निवासी नरगिस और जैनब के खिलाफ विद्युत अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### पुलिस ने वाहनों की चेकिंग की

**नानकमत्ता :** लोकसभा चुनाव की तिथि नजदीक आते देख पुलिस ने चारपहिया वाहनों की चेकिंग बढ़ा दी है। आज नानकसागर प्रतापपुर पुलिस चौकी के पास हाइवे पर चेकिंग अभियान चलाकर चारपहिया वाहन की चेकिंग करने के बाद ही आगे जाने दिया। इसके अलावा उत्तर प्रदेश के पीलीभीत बार्डर से सटे कनकपुरा मटेरा, हरदासपुर में भी वाहनों की चेकिंग की जा रही है।

### नम आंखों से दी जहूर राशिदा को अंतिम विदाई

**रुद्रपुर :** खेड़ा बस्ती में स्क्रैप कारोबारी और उनकी पत्नी की सड़क हादसे में मौत के बाद नम आंखों से सुपुर्दे खाक किया गया। नमाज के बाद दोपहर को जनाजे में भारी भीड़ रही। बताते चलें कि खेड़ा बस्ती के रहने वाले स्क्रैप कारोबारी जहूर अपनी पत्नी राशिदा बेगम और बेटी निगा बी के साथ हल्द्वानी किसी काम से कार से गए थे कि वापस लौटते वक्त रुद्रपुर मार्ग पर सड़क हादसा हो गया। हादसे में स्क्रैप कारोबारी जहूर और उनकी पत्नी राशिदा की मौत हो गई, जबकि निगा बी की हालत नाजुक है। गुरुवार की देर रात को पोस्टमार्टम के बाद शव खेड़ा बस्ती लाया गया। जहां शुक्रवार को अलविदा जुमा की नमाज के बाद भारी जनसैलाब के बीच नम आंखों से दिवंगतों को सुपुर्दे खाक किया गया।

### 45 पाउच कच्ची शराब के साथ दबोचा

**खटीमा :** चौकी चकरपुर पुलिस ने 45 पाउच कच्ची शराब के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान कमलेश कुमार निवासी ग्राम पचौरिया के रूप में हुई। उसे न्यायालय में पेश किया गया।

### बाबा के अखंड पाठ के भोग में पहुंचेंगे सीएम

**नानकमता :** डेरा कार सेवा के जत्थेदार बाबा तरसेम सिंह की आत्म शांति के लिए गुरुवार से रखे गए अखंड पाठ का भोग शनिवार को पड़ेगा। भोग में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी दोपहर दो बजे शामिल होंगे। वहीं विभिन्न प्रदेशों के डेरा प्रमुख और स्थानीय जनता भी भारी संख्या में शिरकत करेगी। जिसे देखते हुए शांति बनाए रखने के लिए पुलिस ने पूरी व्यवस्था कर ली है। बता दें कि डेरा कार सेवा के प्रमुख बाबा तरसेम सिंह की 28 मार्च को बाइक पर आए दो शूटरों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। मामले में पुलिस साजिश में शामिल चार लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है।

---

रुद्रपुर में जामा मस्जिद इंदिरा चौक पर पढ़ी गई नमाज, सुरक्षा के रहे पुख्ता इंतजाम, वन वे रहा ट्रैफिक

# अलविदा पर की गई देश में अमन चैन की दुआ

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** शहर में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने अलविदा जुमा की नमाज पढ़ी और अमन चैन की दुआ की। इस दौरान बड़ी संख्या में समुदाय के लोग जामा मस्जिद में एकत्रित हुए। पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा को लेकर पूरी व्यवस्था की थी और हाईवे को थोड़ी देर के लिए वन वे कर दिया था।

रोजे के आखिरी शुक्रवार यानी अलविदा जुमा की दोपहर एक बजे बड़ी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग इंदिरा चौक स्थित जामा मस्जिद में एकत्रित हुए। जहां जामा मस्जिद के इमाम दानिश रजा मिस्बाही ने समुदाय के लोगों के साथ नमाज पढ़ी और देश में अमन चैन की दुआ की। अलविदा जुमा को लेकर डीडी चौक से जामा मस्जिद तक पुलिस बल तैनात किया गया था। वहीं काशीपुर जाने वाले यातायात को एक तरफा करते हुए यातायात व्यवस्था बनाई गई थी। साथ ही पूरे इलाके की वीडियोग्राफी भी कराई गई।


रुद्रपुर की जामा मस्जिद में नमाज के लिए पहुंचे लोग। ● अमृत विचार

**जसपुर :** नगर की विभिन्न मस्जिदों में जुमा अलविदा की नमाज़ अकीदत के साथ अदा की गई। इस मौके पर पुलिस द्वारा मस्जिदों पर सुरक्षा का प्रबंध किया गया। नगर पालिका परिषद प्रशासन ने मस्जिदों के आसपास सफाई की उचित व्यवस्था की।

**काशीपुर :** अलविदा की नमाज मस्जिदों में अकीदत के साथ अदा की गई। जामा मस्जिद के इमाम मुफ्ती मुनाजिर हुसैन ने मस्जिद में आये लोगों को बुराई से बचने व अच्छे काम करने की बात कही। बताया गया कि ईदगाह में ईद की नमाज सुबह नौ बजे होगी।


जसपुर में अलविदा की नमाज अदा करते मुस्लिम समुदाय के लोग। ● अमृत विचार

**बाजपुर :** जामा मस्जिद में इमाम साहब नजमुद्दीन, मुड़िया पिस्तौर में इमाम साहब कारी अमीर अहमद, मुड़िया कलां जामा मस्जिद में इमाम साहब नूरी साबरी, बड़ी जामा मस्जिद गांव बाजपुर में इमाम साहब सादाब रजा ने समाज के लोगों को नमाज अदा करवाई। इस दौरान पुलिस तैनात रही।

---

# कंपनी में कार्यरत कंडक्टर की अयोध्या में सड़क हादसे में मौत

संवाददाता, काशीपुर

**▸▸ परिजन मुआवजे की मांग के साथ शव लेकर कंपनी गेट पहुंचे**

**अमृत विचार :** एक कंपनी में कार्यरत कंडक्टर की अयोध्या में सड़क हादसे में मौत हो गई। परिजन शव अयोध्या से लेकर काशीपुर कंपनी गेट पहुंच गए और मुआवजे की मांग करने लगे। इस दौरान उन्होंने शव कंपनी के गेट पर रखकर सांकेतिक जाम भी लगाया। मौके पर पहुंची पुलिस व कंपनी प्रशासन के समझाने पर परिजन मान गए और शव का अंतिम संस्कार करने के लिए गांव ले गए। कंपनी ने नियमानुसार मदद किए जाने का आश्वासन दिया है।

गुरुवार को मुरादाबाद रोड स्थित एक कंपनी में ठेके पर कंडक्टर के पद पर कार्यरत रामपुर निवासी 28 वर्षीय हरीश कंपनी के ट्रक के साथ सामान लेकर अयोध्या गया था। जहां अयोध्या से कुछ दूर पहले ही उसके ट्रक की एक अन्य ट्रक से भीषण टक्कर हो गई। इसमें हरीश की मौके पर ही मौत हो गई। मामले में अयोध्या पुलिस ने कानूनी कार्रवाई व शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। परिजन शव अयोध्या से लेकर काशीपुर कंपनी गेट पर पहुंच गए और शव को कंपनी गेट के सामने रख मुआवजे की मांग करने लगे। इस दौरान वहां सांकेतिक रूप से जाम लग गया और कंपनी के कामकाज प्रभावित हुए। सूर्या चौकी पुलिस व कंपनी प्रशासन ने लोगों को समझाकर शव को अंतिम संस्कार के लिए भिजवाया।

---

# आखिर कौन है राशन माफिया, नाम बदलकर जिले में चला रहा कई दुकानें

## सबसे ज्यादा राशन दुकानें होने की है चर्चा, जांच कमेटी ने शुरू की दुकान आवंटन की जांच

फॉलोअप

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** सरकारी राशन वितरण प्रणाली में धांधली सामने आने के बाद अब जिला पूर्ति विभाग की जांच टीम उस राशन माफिया को भी चिह्नित करने की कोशिश कर रही है। जिसने लोगों के दस्तावेज लेकर जिले की सबसे ज्यादा सस्ता गल्ला दुकानों पर कब्जा किया हुआ है और सरकारी राशन को राइस मिलों को पहुंचा कर मोटा मुनाफा कमा रहा है। इसकी गोपनीय शिकायत पूर्ति विभाग से भी की जा चुकी है। इसके बाद जांच टीम ने जिले की दुकान आवंटन प्रक्रिया की जांच शुरू कर दी है।

बताते चलें कि गुरुवार को शिकायती पत्रों के आधार पर जब पूर्ति विभाग की टीम ने रंपुरा बस्ती स्थित सस्ता गल्ला की दुकान पर छापा मारा तो राशन वितरण प्रणाली में धांधली का खेल पकड़ा गया। वहीं धांधली प्रकरण में एक ऐसे माफिया का भी नाम सामने आया है जो खुद के नहीं, बल्कि लोगों को कुछ पैसों का प्रलोभन देकर उनके दस्तावेजों के आधार पर सस्ता गल्ला की दुकानों का आवंटन करता है और उसके बाद मनमाने ढंग से राशन वितरण करता है। बताया यह भी जा रहा है कि रुद्रपुर के अलावा जिले में सबसे ज्यादा दुकानें इसी राशन माफिया के लोगों की हैं। जो सरकारी राशन की गाड़ियों को सीधे दुकानों पर उतारने की बजाय राइस मिलों को पहुंचा रहा है।

आखिर राशन माफिया कौन है। इसकी भनक जिला पूर्ति विभाग को भी है, लेकिन रसूखदार होने के कारण विभाग भी ढुलमुल रवैया अपना रहा है। बावजूद राशन वितरण धांधली और राशन माफिया का नाम सुर्खियों में आने के बाद जिला पूर्ति विभाग की जांच टीम ने राशन माफिया के खिलाफ सबूत एकत्रित करना शुरू कर दिया है। प्रारंभिक पड़ताल में जिले में सस्ते गल्ले की दुकानों का आवंटन इसके नाम पर और किसने करवाया है, इसकी जांच की जा रही है। टीम यह भी जांच कर रही है कि दुकान का आवंटन पाने वाला संचालक या दुकान आवंटन का पात्र धारक है या नहीं। इन सभी पहलुओं पर अपनी जांच कर सात दिनों के अंदर जांच रिपोर्ट भेजेगी।

### पूर्ति निरीक्षक पर भी उठ रहे सवाल



**रुद्रपुर :** राशन वितरण में धांधली और दुकानों के आवंटन प्रक्रिया में पूर्ति निरीक्षक की कार्यशैली पर भी सवाल उठ रहे हैं। रंपुरा वार्ड-22 के रहने वाले बिरेश कोली ने जिला पूर्ति अधिकारी को भेजे शिकायती पत्र में सस्ता गल्ला दुकानों में धांधली होने के साथ ही पूर्ति निरीक्षक की कार्यशैली पर सवाल उठाए हैं। आरोप था कि कई बार शिकायत करने के बाद भी पूर्ति निरीक्षक ने कोई कार्रवाई नहीं की। इसके अलावा वार्ड-एक फुलसुंगी ट्रांजिट कैंप निवासी शुभम पाल ने भी इसी प्रकार के प्रकरणों की शिकायत पूर्ति निरीक्षक से की थी। कार्रवाई नहीं होने पर शिकायतकर्ता ने मुख्य सचिव को पत्र लिखकर जांच की मांग की थी।

> राशन वितरण व्यवस्था में धांधली के मामले पकड़े गए हैं। इसके अलावा दूसरों के दस्तावेजों के आधार सबसे ज्यादा राशन की दुकानों का आवंटन किए जाने का मामला भी संज्ञान में आया है। इन सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए एआरओ की जांच कमेटी राशन धांधली और दुकानों का आवंटन करने वाला कौन शख्स है। इन सभी बिंदुओं पर जांच कर सप्ताह भर में अपनी रिपोर्ट भेजेगी। इसके बाद डीएम के आदेश के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।
> **-श्याम लाल आर्या**, जिला पूर्ति अधिकारी, ऊधमसिंह नगर

---

# जांच से घबराए माफिया, देर रात कबाड़ के गोदाम में रखा राशन

धांधली

**▸▸ देर रात टूटे टिनशेड में रखीं राशन की बोरियां**

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** राशन वितरण प्रणाली में धांधली प्रकरण का खुलासा होने के बाद जांच से बचने के लिए राशन माफिया ने देर रात गोपनीय तरीके से सीलबंद सस्ता गल्ला दुकान में राशन की बोरियां नहीं रखी, बल्कि कबाड़नुमा टूटे टिनशेड में बोरियां रखकर खुद को बचाने की कोशिश की। जब मामला खुला तो दुकान संचालक पूर्ति अधिकारियों पर ही दोष मढ़ने लगा। इसके बाद विभाग ने सस्ता गल्ला विक्रेता की जांच शुरू कर दी है।

बताते चलें कि गुरुवार को जैसे ही सस्ता गल्ला राशन वितरण में धांधली का मामला सुर्खियों में आया तो रुद्रपुर सर्किल की पूर्ति निरीक्षक अनीता तिवारी ने कई दुकानों में छापामार कार्रवाई की और मौके पर कोई भी राशन का स्टॉक नहीं मिलने पर खेड़ा बस्ती स्थित सलीम नाम के व्यक्ति की दुकान को सील कर दिया था, जबकि गुरुवार की देर शाम तक गोदाम में किसी भी प्रकार के राशन की बोरियों की आपूर्ति नहीं हुई थी। मगर रातों-रात जांच से बचने के लिए राशन माफिया के इशारे पर सील बंद सस्ता गल्ला के दूसरे गेट से राशन की मोहर लगी बोरियां रखी मिलीं।


जर्जर टिनशेड में रखीं राशन की बोरियां। ● अमृत विचार

> नियमानुसार एससीआई या फिर सरकारी गोदाम से आने वाली खाद्य रसद को आवंटित सस्ता गल्ला की दुकान में बने गोदाम में ही रखे जाने का नियम है। ऐसे में सील बंद दुकान के अलावा दूसरे स्थान पर बोरियां रखना नियम विरुद्ध है। मामले की जांच कर गल्ला संचालक को नोटिस भेजकर जवाब मांगा जाएगा।
> **-श्याम लाल आर्या**, जिला पूर्ति अधिकारी, ऊधमसिंह नगर

इस संबंध में गल्ला विक्रेता से पूछा गया तो उसका आरोप था कि पूर्ति निरीक्षक ने उसकी गैरमौजूदगी में दुकान को सील कर दिया था जिस कारण राशन को दूसरे स्थान पर रखा गया है। स्थानीय लोगों का यह भी कहना था कि पिछले कई दिनों से दुकान में किसी भी प्रकार का राशन नहीं आया।

> जीरो टॉलरेंस की धामी सरकार में राशन घोटाला एक गंभीर प्रकरण है। जहां भाजपा सरकार गरीबों को मुफ्त राशन देने का दंभ भर रही है। वहीं राशन माफिया गरीबों के राशन पर डाका डालकर बंदरबांट कर रहे हैं। राशन कोटे की धांधली माफिया और विभागीय मिलीभगत के बगैर नहीं हो सकती है। यदि पारदर्शी और व्यापक जांच की जाए तो ऊधमसिंह नगर नहीं, बल्कि प्रदेश का सबसे बड़ा राशन घोटाला सामने आने की आशंका है। प्रदेश की सरकार और प्रशासन को प्रकरण का संज्ञान लेकर कठोर कार्रवाई करनी चाहिए।
> **-तिलकराज बेहड़**, विधायक, किच्छा

---

# ढाई लाख की नेपाली करेंसी के साथ पकड़ा

संवाददाता, जसपुर

**अमृत विचार :** नेपाली लकड़ी की व्यापारिक फर्म के प्रोडक्ट का प्रचार करने एवं तीर्थ यात्रा करने आए 13 सदस्यों की टीम को धर्मपुर बॉर्डर पर पुलिस ने ढाई लाख नेपाली करेंसी के साथ पकड़ लिया। तीन घंटे चली जांच के बाद चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन नहीं होने पर उन्हें छोड़ दिया।

कोतवाल हरेंद्र चौधरी ने बताया कि धर्मपुर बॉर्डर पर पुलिस टीम के साथ एसआई हरीश आर्य जांच कर रहे थे। हरिद्वार से दो स्कॉर्पियो में सवार होकर नेपाल निवासी 13 सदस्यों की टीम आ रही थी। जिन्हें रोक कर जांच की गई। जांच में पुलिस टीम को ढाई लाख रुपये नेपाली करेंसी के मिले। जांच में उन्होंने पुलिस को बताया कि उनकी सुमन प्रोडक्ट के नाम से नेपाली लकड़ी की फर्म है। जिसमें लकड़ी का घरेलू सामान बनाया जाता है। फर्म के सामान के प्रचार के लिए, प्रोडक्ट सप्लाई के आर्डर लेने के लिए एवं तीर्थ यात्रा पर गंगा स्नान करने एक सप्ताह पूर्व गोरखपुर होते हुए भारत में आए थे। हरिद्वार ऋषिकेश घूमने के बाद नैनीताल होते हुए अब नेपाल जाएंगे। उनकी नेपाली करेंसी को यहां किसी ने एक्सचेंज नहीं किया। यह सभी लोगों की करेंसी है। भारतीय मुद्रा में एक्सचेंज नहीं होने के कारण एक जगह बांधकर रख दिया है। उन्होंने बताया कि सभी उच्च अधिकारियों को सूचना दी गई।

### चेक बाउंस के मामले में आरोपी को किया तलब

**काशीपुर :** चेक बाउंस के मामले में प्रथम अपर सिविल जज (जू.डि.) दीप्ति पंत ने आरोपी को गिरफ्तारी वारंट जारी किया है।

काशीपुर निवासी गुरप्रीत सिंह द्वारा प्रथम अपर सिविल जज काशीपुर की अदालत में धारा 138 एनआई एक्ट के तहत काशीपुर निवासी सुमित के खिलाफ शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि सुमित जैन ने उनसे 10 फरवरी 2023 को खरमासी में एक प्लाट खरीदा था, जिसकी रकम अदा करने के लिए आरोपी ने एसबीआई बैंक के दो चेक 28 फरवरी 2023 को दिये थे। 24 मार्च व 12 अप्रैल को उक्त दोनो चेक बैंक से बिना भुगतान के लौटा दिये गये। इस बाबत पीड़िता ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से आरोपी को एक नोटिस भी भेजा, लेकिन आरोपी ने कोई जवाब नहीं दिया और न ही भुगतान किया।

---

# नौकरी दिलाने का झांसा देकर युवक से ठगे आठ लाख रुपये

संवाददाता, रुद्रपुर

**▸▸ कनाडा में नौकरी दिलाने का दिया था झांसा**

**▸▸ पीड़ित ने कोतवाली पुलिस से की कार्रवाई की मांग**

**अमृत विचार:** कनाडा में नौकरी दिलाने का झांसा देकर कबूतरबाजों ने एक युवक को अपना शिकार बना लिया और आठ लाख रुपये ऐंठने के बाद झूठे मुकदमे में जेल भेजने की धमकी दी। पीड़ित युवक ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

खेड़ा-19 बस्ती निवासी किशन गंगवार ने बताया कि वह पनवडिया खजुरिया रामपुर के रहने वाले दो व्यक्तियों को भली भांति जानता है। बताया कि दोनों व्यक्ति उसे लालपुर स्थित एक कॉलोनी ले गए और वहां रहने वाले दो लोगों से मुलाकात कराई। दोनों लोगों ने बताया कि वह युवाओं को विदेश में नौकरी दिलाने का कार्य करते हैं और कनाडा में उसकी नौकरी भी लगवा सकते हैं। उसकी दो लाख रुपये प्रतिमाह तनख्वाह होगी। इसके लिए 15 लाख रुपये खर्च आएगा और पहले आठ लाख रुपये देने पड़ेंगे। आरोप था कि बातों का झांसा देकर उसने 28 जुलाई 2021 को पांच लाख रुपये खेड़ा बस्ती स्थित मेडिकल स्टोर पर बुला कर दिए और तीन लाख रुपये का भी भुगतान कर दिया।

आरोप था कि सारे दस्तावेज देने के बाद भी जब नौकरी और वीजा के लिए कोई कॉल नहीं आई तो आरोपियों को फोन मिलाया। सभी के मोबाइल बंद आने लगे। आरोप था कि 31 मार्च 2024 को अचानक आरोपियों की कॉल आयी वार्ता के लिए अपने घर बुलाया। जहां उन्होंने राजनीतिक पकड़ की हनक दिखाते हुए रकम मांगने पर झूठे मुकदमे में जेल भेजने और जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आठ लाख रुपये की धोखाधड़ी करने वाले आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। उधर, कोतवाल धीरेंद्र कुमार ने बताया कि तहरीर आने के बाद मामले की जांच की जा रही है और जांच के बाद पुलिस आगे की कार्रवाई करेगी।

### दुष्कर्म को घर में घुसे लोग शोर होने पर भागे

**बाजपुर :** महिला ने पति की गैर मौजूदगी में तीन युवकों पर जबरन घर में घुसकर सामूहिक दुष्कर्म का प्रयास करने व गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया।

पुलिस चौकी बन्नाखेड़ा के अंतर्गत ग्राम गजरौला निवासी पीड़िता ने पुलिस को बताया कि 4 अप्रैल की मध्य रात्रि एक से डेढ़ बजे के बीच वह अपने घर में अकेले छोटे बच्चों के साथ सो रही थी, जबकि उसका पति विक्रमपुर इंडस्ट्रीज एरिया में स्थित एक फैक्ट्री में नाइट शिफ्ट पर ड्यूटी करने गया था। आरोप है कि इसी बात का फायदा उठाकर तीन लोग घर का आंगन खुला होने के चलते अंदर घुस गए और कमरे के दरवाजे पर जोर-जोर से धक्का देने लगे तथा अंदर से दरवाजे की कुंडी खोलने का दबाव बनाते हुए उसे व उसके पति को जान से मारने की धमकी देने लगे। इतना ही नहीं आरोपितों ने उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म करने की बात कही। पीड़िता के शोर मचाने पर आसपास के ग्रामीण जाग गए।

---

आकर्षण — विभिन्न प्रजातियों की मछलियों को वाटर फिश टनल में रख कर दिखाया जाएगा, नौ अप्रैल से शुरू हो जाएगा मेला

# पहली बार चैती मेले में दिखेगा मछलियों का संसार

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार :** ऐतिहासिक चैती मेले में इस बार लोग विभिन्न प्रजातियों की मछलियों के संसार को करीब से देखेंगे और मछलियों के बारे में जान सकेंगे। पहली बार मेले में वाटर फिश टनल लगाया जा रहा है। खास बात यह है कि बच्चों के लिए टनल में एंट्री निशुल्क रहेगी।

हर साल नवरात्र में लगने वाले चैती मेले में 25 प्रकार के झूले, मौत का कुआं समेत सैकड़ों दुकानें लगाई जाती हैं। इसके लिए चैती मैदान में दुकानें सजने लगी हैं। वहीं पहली बार चैती मेले में वाटर फिश टनल को लगाया जा रहा है। इससे मेले की शोभा तो बढ़ेगी ही, लोगों को मछलियों के बारे में जानने और उनके संसार का भी पता चलेगा। बताया कि 25 से अधिक प्रकार की मछलियां टनल में रखी जाएंगी। झारखंड के शान अली और ठेकेदार राजा ने बताया कि टनल को 300 स्क्वायर फीट में लगाया जा रहा है। अंडर वाटर फिश टनल पहली बार उत्तराखंड के चैती में लगने जा रहा है। इससे पहले कर्नाटक, झारखंड, मुंबई जैसे महानगरों में लगाया गया है। उन्होंने बताया कि मछलियों को टनल में दिखाने के लिए सौ रुपये एंट्री फीस रखी गई है। बच्चों को निशुल्क जाने दिया जाएगा। मछलियों के बारे में झारखंड से आए विशेषज्ञ जानकारी देंगे। मछलियों के भोजन आदि के बारे में भी रूबरू कराया जाएगा। अंडर वाटर फिश टनल लगाने का काम 70 प्रतिशत हो चुका है। नौ अप्रैल से पहले ही टनल को तैयार कर मछलियां रखी जाएंगी। वहीं मेला अधिकारी अभय प्रताप सिंह ने बताया कि मेले में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं।


काशीपुर चैती मेले में ऐसा लगेगा अंडर वाटर फिश टनल।


रंग रोगन के बाद चैती मंदिर को सजाया जा रहा। ● अमृत विचार

### नौ अप्रैल से होगी विशेष पूजा अर्चना

**काशीपुर :** चैती मंदिर के मुख्य पुजारी विकास अग्निहोत्री ने बताया कि मां बाल सुंदरी का डोला आठ अप्रैल की अर्धरात्रि चैती मंदिर में लाया जाएगा। इसके बाद नौ अप्रैल की सुबह से श्रद्धालु पूजा अर्चना व देवी के दर्शन को पहुंचने लगेंगे। बताया कि मंदिर को आकर्षण ढंग से और विशेष रूप से सजाया गया है।

---

# रोडवेज से चुनाव के लिए मांगीं पांच बसें

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव की ड्यूटी में काशीपुर रोडवेज डिपो से पांच बसें भेजी गई हैं। ये सभी बसें दिल्ली रूट की हैं। डिपो में 40 बसों के बेड़े में पांच बसें पहले से ही नीलामी के लिए खड़ी हैं। ऐसे में डिपो में तीन चौथाई बसें रह जाने से यात्रियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही निर्वाचन अधिकारियों ने निजी ट्रेवलर्स से भी बसों की डिमांड शुरु कर दी है।

काशीपुर डिपो में इस समय कुल 40 बसे हैं। डिपो प्रभारी हरेंद्र सिंह नितवाल ने बताया कि इनमें से पांच बसें पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुकी हैं। इन बसों की नीलामी की प्रक्रिया शुरु कर दी गई है। निर्वाचन कार्य के लिए काशीपुर डिपो से पांच बसें मंगाई गई हैं। चुनाव ड्यूटी में भेजी गई सभी बसें दिल्ली रूट की हैं। रामनगर से दिल्ली मार्ग पर कुल दस बसें चलती हैं। इनमें से पांच बसों के निर्वाचन कार्य में लग जाने के कारण इस रूट पर यात्रा करने के लिए लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। निर्वाचन कार्य के लिए रोडवेज की और बसें मांगी जाती हैं, तो यात्रियों को अधिक परेशानी का सामना करना पड़ेगा। विकल्प के तौर पर दिल्ली रूट के यात्रियों को ट्रेनों का सहारा लेना पड़ रहा है। वहीं निर्वाचन अधिकारी ने प्राइवेट बस ऑपरेटर्स से भी गाड़ियां मांगी है, लेकिन भाड़ा बहुत कम होने के कारण निजी बस ऑपरेटर्स गाड़ियां भेजने में हीलाहवाली कर रहे हैं।

## कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी

**जसपुर :** राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक के खिलाफ कार्रवाई न होने पर आंदोलन करने की चेतावनी दी।

राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक द्वारा राजकीय प्राथमिक शिक्षकों के संबंध में अभद्र टिप्पणी करने पर राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष ने उप शिक्षा अधिकारी को पत्र देकर अनुशासनात्मक कार्रवाई की मांग की। संघ के ब्लॉक अध्यक्ष अमित त्यागी ने उप शिक्षा अधिकारी को भेजे पत्र में कहा कि तीन अप्रैल की रात्रि को विभागीय व्हाट्सएप ग्रुप राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय शिवराजपुर पट्टी के प्रभारी प्रधानाध्यापक द्वारा प्राथमिक शिक्षकों के संबंध में अभद्र टिप्पणी की गई। उन्होंने संबंधित के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।

### श्री ओढ़ाकांदी धाम को सात समुद्रों व देश की प्रमुख नदियों के जल से किया पवित्र

# 40 हजार अनुयायी लगाएंगे आस्था की डुबकी

**महावारुणी स्नान आज**

▸▸ मंदिर परिसर में तीन हजार वर्ग मीटर में बना कृत्रिम तालाब

संवाददाता, शक्तिफार्म

**अमृत विचार:** मधु कृष्ण त्रयोदशी की पवित्र तिथि पर शनिवार को मतुआ संप्रदाय के अनुयायी तन-मन की स्वच्छता व शुद्धता के लिए महावारुणी स्नान करेंगे। इसमें उत्तर प्रदेश, दिल्ली, राजस्थान, पश्चिम बंगाल, उड़ीसा सहित अन्य राज्यों से करीब 40 हजार अनुयायियों के भाग लेने का अनुमान है।

शुक्रवार को गुरुग्राम स्थित श्री श्री हरि गुरुचांद धर्म मंदिर में चार दिवसीय मतुआ मिलन समारोह का शुभारंभ हो गया। इस दिन अधिवास के तहत गंगा पूजा, कलश स्थापना के साथ मतुआ ध्वज को स्थापित किया गया।



महावारुणी स्नान के लिए मंदिर परिसर में तैयार कामना सागर। ● अमृत विचार

महावारुणी स्नान को लेकर मंदिर परिसर में करीब तीन हजार वर्ग मीटर में कृत्रिम तालाब को तैयार किया गया। इसमें श्री ओढ़ाकांदी धाम बांग्लादेश सहित सात समुद्र व देश की प्रमुख 13 नदियों से लाए गए जल को मिलाकर उसे पवित्र कर, कामना सागर में तब्दील किया गया।

आयोजन समिति के अध्यक्ष जयंत मंडल ने बताया कि शनिवार दोपहर 12 बजे से महावारूणी स्नान शुरू होगा। इस दौरान मंदिर परिसर में क्रमबद्ध अखंड हरिनाम कीर्तन व अटूट लंगर जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि 7 अप्रैल को ठाकुर जी की जीवनी पर बांग्ला नाटक प्रदर्शित किया जाएगा और 8 अप्रैल को सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ सम्मेलन का समापन होगा।

इस दौरान तपस मिस्त्री, रविंद्र विश्वास, सुधांशु सिकंदर, किरण बसु, गोकुल विश्वास, निर्मल मंडल, सुसेन विश्वास, दिलीप मिस्त्री, कमल बसु, धनंजय बसु, रीना सिकदर, सुचित्रा विश्वास, रमोला टिकेदार, गीता माल, शिखा माल आदि मौजूद थे।

# वंचितों की आवाज थे हरिचांद ठाकुर

**समर्पण**

▸▸ वर्ष 1860 में किया था सामाजिक एवं धार्मिक आंदोलन का शुभारंभ

मुकेश कुमार, सितारगंज

**अमृत विचार :** बंगाली समुदाय में बहुसंख्यक लोग मतुआ संप्रदाय में आस्था रखते हैं। मतुआ संप्रदाय के गुरु श्री श्री हरिचांद ठाकुर की बात करें तो उन्होंने देश की आजादी से पहले के दौर में अविभाजित बंगाल में उत्पीड़ित, बुनियादी सुविधाओं से वंचित लोगों की भलाई के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया था।

श्री श्री हरिचांद ठाकुर ने वर्ष 1860 में ओराकांदी (वर्तमान बांग्लादेश) से सामाजिक एवं धार्मिक आंदोलन का शुभारंभ किया था। इसके बाद मतुआ धर्म की स्थापना हुई थी। यह संप्रदाय ऊंच-नीच के भेदभाव के बिना, हिंदू धर्म को मान्यता देता है। परंतु इनकी मूल भावना चतुवर्ण (ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य एवं शुद्र) की व्यवस्था को खत्म करना है। श्री श्री हरिचांद ठाकुर का जन्म, एक गरीब नमः शुद्र परिवार में हुआ था। हरिचांद ठाकुर ने खुद को आत्म दर्शन के जरिए ज्ञान की बात कही थी। अपने दर्शन को 12 सूत्रों के जरिए लोगों तक पहुंचाया। संप्रदाय से जुड़े लोग, हरिचंद ठाकुर को भगवान विष्णु एवं कृष्ण का अवतार मानते हैं।



गुरुचांद मंदिर में विराजमान श्री श्री हरिचांद ठाकुर। ● अमृत विचार

**सार-संक्षेप**



अखंड महानाम संकीर्तन से पूर्व कलश यात्रा निकालतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

### संकीर्तन से पूर्व महिलाओं ने निकाली कलश यात्रा

**रुद्रपुर :** आदर्श इंदिरा बंगाली कालोनी में विगत वर्षों की भांति इस बार भी सार्वजनिक अखंड महानाम संकीर्तन महायज्ञ एवं विशाल भंडारे का आयोजन शनिवार से शुरू होगा। इससे पूर्व शुक्रवार को श्री दुर्गा मंदिर से महिलाओं ने भव्य कलश यात्रा निकाली। शुक्रवार को कलश यात्रा श्री दुर्गा मंदिर से प्रस्थान कर इंदिरा कालोनी, आदर्श कालोनी, काशीपुर बाईपास रोड, अग्रसेन चौक, डीडी चौक होते हुए किच्छा बाईपास रोड स्थित झील पहुंची। जहां पर कलश में जल भरा गया। इसके बाद महिलाएं वापस श्री दुर्गा मंदिर पहुंची। जहां पर धार्मिक अनुष्ठानों के साथ कलश स्थापित किए गए। इस दौरान कमेटी के अध्यक्ष विष्णु सरकार, सरोज राय, पवित्र राय, शंकर सरकार, अमित सरकार, गोविंद राय, रंजीत मंडल, संजय विश्वास, मुकेश मालाकार, संजय ढाली, विश्वजीत मजूमदार, समीर बाबली, संजय ढाली, सरोराय, देवकी आदि मौजूद रहे।



गदरपुर में भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में जनसंपर्क करते कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने आवास विकास में किया जनसंपर्क

**गदरपुर :** भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट के लिए कार्यकर्ताओं ने घर-घर जाकर जनसंपर्क कर वोट मांगे। भाजपा जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ता आवास विकास स्थित भाजपा कार्यालय में एकत्रित हुए। जहां उन्होंने आवास विकास में लोगों से जनसंपर्क कर भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट के लिए लोगों से वोट देने को कहा। जनसंपर्क करने वालों में भाजपा जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा, मंडल अध्यक्ष सुरेश खुराना, नरेश हुड़िया, अनिल जेटली, अभिषेक वर्मा, राजेश गुंबर, रविंद्र सिंह, मनोज कुमार, संजीव अनेजा, राजू शर्मा आदि मौजूद थे।



गदरपुर में कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी के समर्थन में प्रचार करते कार्यकर्ता।

### कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गदरपुर में किया जनसंपर्क

**गदरपुर :** लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी के समर्थन में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रचार-प्रसार किया। चंडीगढ़ से पहुंचे विधानसभा प्रभारी कुलजीत सिंह और कांग्रेस नेता राजेंद्र पाल सिंह के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शिव मंदिर वार्ड नंबर 7 में कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी के समर्थन में प्रचार-प्रसार किया। इस दौरान विधानसभा प्रभारी कुलजीत सिंह, राजेंद्र पाल सिंह, नगर अध्यक्ष शैलेंद्र शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष विधि प्रकोष्ठ कांग्रेस आरपी सिंह, बिल्लन चौधरी, अमीरुल हसन, संजीव अरोड़ा, अजय गाबा, नगर महामंत्री मिकी भगत आदि मौजूद थे।

# मंगल घट स्थापना के साथ महामेला शुरू

### कामना सागर में आज प्रातः 7 से दोपहर 1.20 बजे तक महावारुणी स्नान होगा

संवाददाता, दिनेशपुर

**03** दिवसीय मतुआ महामेला के उद्घाटन अवसर पर प्रातः 8 बजे निशान उत्तोलन व गंगा माता का पूजन किया गया। उपजिलाधिकारी गौरव पांडेय और मेलाधिकारी तहसीलदार ने किया निरीक्षण

**अमृत विचार :** प्रशासन की देखरेख में शुक्रवार से तीन दिवसीय मतुआ महामेला प्रातः 8 बजे निशान उत्तोलन, गंगा माता पूजन, मंगल घट स्थापना से शुरू हो गया। शनिवार को मंदिर स्थित कामना सागर में मधुकृष्णा त्रयोदशी पर प्रातः 7 से दोपहर 1.20 बजे तक महावारुणी स्नान होगा।

शुक्रवार को उपजिलाधिकारी गौरव पांडेय व मेलाधिकारी तहसीलदार लीना चंद्रा ने मंदिर स्थित कामना सागर व मेले का निरीक्षण किया। अनुयायियों को महावारुणी स्नान एवं मेले के सफल आयोजन व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए सहयोग की अपील की।

देर रात्रि तक जिले के अलावा अन्य राज्यों से भी अनुयायी पहुंच रहे हैं। थानाध्यक्ष नंदन सिंह रावत ने बताया कि मेले में सुरक्षा व्यवस्था के लिए एक प्लाटून पीएससी व अतिरिक्त फोर्स की व्यवस्था लगाई गई है। मेले को लेकर लोगों में काफी उत्साह है। मौके पर आचार्य विवेकानंद महाराज, पुजारी जीवन सरकार, कालीदासी मालाकार, डॉ. सुधीर राय, सुभाष, आशुतोष राय, डॉ. शंकर हालदार, संतोष राय, प्रशांत मालाकार, शिशिर तरफदार, प्रभाष पाल, दिगेन विश्वास, बाबूराम सरकार, आदित्य मल्लिक, विष्णु मिस्त्री, पंकज सिकंदर, निरंजन मल्लिक, अनुकूल राय मौजूद थे।



दिनेशपुर में भजन-कीर्तन करते महावारुणी स्नान को पहुंचे अनुयायी। ● अमृत विचार



दिनेशपुर में मेले का निरीक्षण करते एसडीएम व अन्य। ● अमृत विचार

**देर रात तक पहुंचे अनुयायी**

**दिनेशपुर :** महावारुणी स्नान के लिए मतुआ अनुयायी देर रात्रि तक हरि बोल, हरि बोल.. के उद्घोष और ढोल-नगाड़ों के साथ टोलियों में मंदिर परिसर पहुंचे। पूजा कमेटी ने अनुयायियों का मुख्य गेट पर जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर डॉ. सुधीर राय, आशुतोष राय, गौर हालदार, संजय सरकार, आशा विश्वास, मीना राय शंभू राय, प्रशांत मालाकार, शिशिर तरफदार, डॉ. सिमरन पांडे आदि मौजूद रहे।

**सार-संक्षेप**

### चीफ इंजीनियर ने लिया रेलवे स्टेशन के कार्यों का जायजा

**काशीपुर :** डिप्टी चीफ इंजीनियर गतिशक्ति नानक चंद ने रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। उन्होंने अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत स्टेशन पर चल रहे कार्य की गति को जाना। स्टेशन के विभिन्न क्षेत्र में किए जा रहे कार्य में तेजी लाने को कहा। कहा कि अभी तक स्टेशन पर 50 फीसदी कार्य हो चुका है। स्टेशन के मुख्य द्वार पर पोर्च का कार्य, सर्कुलेटिंग एरिया के पास ग्रीन पार्क बनाने, सड़क की ओर से साइकिल स्टैंड आदि विभिन्न कार्य को जून तक पूरा करने के निर्देश दिए हैं। इसके बाद नियमानुसार धनराशि की कटौती करने की ठेकेदार कंपनी को चेतावनी दी गई है।

### नववर्ष पर 2081 मिट्टी के दीप जलाएगी ब्राह्मण महासभा

**काशीपुर :** हिन्दू नववर्ष 2081 एवं नवरात्र के शुभारंभ पर अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा 2081 मिट्टी के दीप प्रज्ज्वलित करेगी। शुक्रवार को ब्राह्मण महासभा के महानगर इकाई के अध्यक्ष सुरेश शर्मा ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा की ओर से साईं धाम कॉलोनी स्थित शिव मंदिर एवं सोसाइटी स्थिति सभी घरों में 2151101 दीप समेत 2081 मिट्टी के दीप प्रज्ज्वलित किए जाएंगे। इस अवसर पर हनुमान चालीसा का पाठ व देवी माता के भजनों का भी आयोजन किया जाएगा। ब्राह्मण महासभा के अध्यक्ष सुरेश शर्मा ने बताया कि शिव मंदिर, सोसाइटी के अलावा आसपास की गरीब बस्तियों में भी मिट्टी के दीये वितरित कर प्रज्ज्वलित करवाए जाएंगे।

### 15 जून तक दुकान बंद रखने के आदेश पर भड़के मीट व्यापारी

**खटीमा :** नगर के मीट विक्रेताओं ने उप जिलाधिकारी रविंद्र सिंह बिष्ट को ज्ञापन सौंपकर कहा कि नगर पालिका द्वारा 15 जून तक मीट की दुकान बंद रखने का निर्देश दिया गया जो न्यायसंगत नहीं है। उन्होंने इस आदेश को तत्काल वापस लेने की मांग की। ज्ञापन देने वालों में भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रमेश चंद्र जोशी, व्यापार मंडल अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, मोहम्मद जावेद, अनवार, शेखर सोनकर, मनोज सो, विमल सोनकर, विनोद पाल, अकील अहमद, मोहम्मद फहीम, रईस अहमद आदि शामिल थे।

### काशीपुर में दो वारंटी समेत 18 आरोपी गिरफ्तार

**काशीपुर :** पुलिस ने दो वारंटियों और तीन आरोपियों को धारा 151 सीआरपीसी के अंतर्गत गिरफ्तार किया। इसके अलावा पुलिस ने 13 लोगों के खिलाफ 110 जी सीआरपीसी के अंतर्गत चालानी कार्रवाई की है। पुलिस ने वारंटी बलवीर सिंह व विजय वीर सिंह निवासी प्रतापपुर को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया। 151 सीआरपीसी के तहत पुलिस ने ग्राम भगवन्तपुर निवासी निन्दर सिंह, अल्ली खां निवासी फिरासत हुसैन और शहजाद हुसैन को गिरफ्तार कर लिया। इसके अलावा पुलिस ने लक्ष्मीपुर पट्टी निवासी मोहम्मद अजीम, दानिश अंसारी, मोहम्मद उमर, मौ. अमन उर्फ ढक्कन, पंजाबी सराय निवासी मोहम्मद अमन, कौशल यादव, थाना साबिक निवासी शहनवाज सिद्दीकी, हजरत नगर काली बस्ती निवासी मौहम्मद गुड्डू, अल्ली खां निवासी मोहम्मद अजहर, जुनैद उर्फ कुंजा, कटरामालियान निवासी शिवा, चन्द्रप्रकाश व अभिषेक के खिलाफ 110 जी सीआरपीसी के अंतर्गत चालानी रिपोर्ट प्रेषित की।

# क्रॉस कंट्री से दिया मतदान का संदेश

**आयोजन**

▸▸ जिला निर्वाचन अधिकारी ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

▸▸ मतदाताओं को वोट के महत्व के बारे में दी जानकारी

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** रुद्रपुर स्टेडियम में स्वीप ( मतदाता जागरूकता अभियान ) के तहत खेल विभाग की ओर से क्रॉस कंट्री का आयोजन किया गया। इसको जिलाधिकारी और जिला निर्वाचन अधिकारी उदयराज सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

शुक्रवार को क्रॉस कंट्री के आयोजन के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि इसका उद्देश्य खेल के साथ-साथ युवाओं को अपने मताधिकार के प्रति जागरूक करना है। जनपद में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत विभिन्न कार्यक्रम जिले स्तर, ब्लॉक स्तर और न्याय पंचायत, नगर स्तर पर भी आयोजित किए जा रहे हैं। इस अवसर पर जिला क्रीड़ा अधिकारी जानकी कार्की, जिला युवा कल्याण अधिकारी भूपेंद्र रावत, जिला प्रोबेशन अधिकारी व सहायक नोडल स्वीप व्योमा जैन आदि उपस्थित थे। वहीं स्वीप टीम ने रोडवेज स्टेशन परिसर में कर्मचारियों को मतदान की शपथ दिलाई। इस दौरान सहायक महाप्रबंधक केएस राणा ने सभी से 19 अप्रैल को मतदान करने की अपील की गयी।



क्रास कंट्री को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते जिलाधिकारी उदयराज सिंह।

रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल
पीलीभीत वाईपास रोड, बरेली
विशाल एण्डोस्कोपी शिविर
सहयोग से : बरेली ओब्स्टेट्रिक गाइनकालजी सोसाइटी
दूरबीन विधि द्वारा बच्चेदानी के आपॅरेशन



दिल्ली, मुम्बई, अहमदाबाद, चेन्नई, बैंगलौर एवं विदेश के सुप्रसिद्ध विशेषज्ञ द्वारा दूरबीन विधि से स्त्री रोग सम्बन्धित समस्त ऑपरेशन
जल्द से जल्द पंजीकरण कराकर इस सुविधा का लाभ उठायें।
ऑपरेशन दिनांक 19 अप्रैल 2024
पंजीकरण (रजिस्ट्रेशन) 31 मार्च 2024 तक ही किये जायेंगे। प्रथम 10 पंजीकृत मरीजों को प्राथमिकता दी जायेगी।

लैप्रोस्कोपी द्वारा दूरबीन विधि से ऑपरेशन
1) बच्चेदानी निकालने का ऑप्रेशन (हिस्ट्रेक्टमी)
2) रसौली निकालने का ऑप्रेशन (मायोमेक्टमी)
3) अण्डेदानी की रसौली निकालने का ऑप्रेशन (ओवेरियन सिस्टैक्टॉमी)
4) बांझपन की दूरबीन विधि द्वारा जांच
5) बन्द ट्यूब खोलने का ऑप्रेशन
6) बच्चेदानी की बनावट सम्बन्धी जन्मजात बीमारियों का इलाज ऑप्रेशन

हिस्ट्रोस्कोपी का दूरबीन द्वारा ऑपरेशन
1) ऐशरमैन का इलाज
2) बच्चेदानी के अन्दर की रसौली (हिस्ट्रोस्कोपिक मायोमेक्टोमी)
3) ट्यूब खोलना (हिस्टेरोस्कोपी कम्युलेशन)
4) बच्चेदानी के अन्दर जन्मजात विकृति ठीक करना
5) बच्चेदानी के अन्दर का पॉलिप निकालना (हिस्टेरोस्कोपिक पॉलीएटोनी)

रजिस्ट्रेशन के लिए सम्पर्क करें : 9997015620, 9081800900
कमरा नं. 1178, स्त्री रोग विभाग, रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल, बरेली
एन.ए.वी.एच.* 'राष्ट्रीय स्तर' द्वारा प्रमाणित संस्था

**खेल** 30 मार्च से 2 अप्रैल तक लखनऊ में हुई प्रतियोगिता में जीते 44 स्वर्ण, 35 रजत और 55 कांस्य पदक

# जु-जित्सू टीम ने 134 पदक जीतकर बढ़ाया प्रदेश का मान

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** लखनऊ उत्तर प्रदेश में आयोजित हुई बालक व बालिका वर्ग की सब जूनियर, जूनियर नेशनल जु-जित्सू चैंपियनशिप में उत्तराखंड के जु-जित्सू खिलाड़ियों ने सर्वाधिक 44 स्वर्ण पदक, 35 रजत पदक एवं 55 कांस्य पदक जीते। टीम ने ओवरऑल चैंपियनशिप में सातवीं बार चैंपियन बनकर राज्य का नाम गौरवांवित किया है। प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश दूसरे, मध्य प्रदेश तीसरे व असम चौथे स्थान पर रहे।

लखनऊ से लौटने के बाद शुक्रवार को जु-जित्सू एसोसिएशन ऑफ ऊधमसिंह नगर के महासचिव ऋषि पाल भारती ने बताया कि प्रतियोगिता 30 मार्च से 2 अप्रैल तक आयोजित हुई। प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने जु-जित्सु मार्शल आर्ट्स खेल के विभिन्न इवेंट्स वाजा, जु-जित्सू फाइटिंग, कांटेक्ट, डूओ शो एंड क्लासिक की विभिन्न आयु वर्गों में प्रतिभाग करते हुए 134 पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया।

टीम की जीत पर जु-जित्सू एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड की अध्यक्ष रसिका सिद्दीकी, महासचिव विनय कुमार जोशी, एक्सक्यूटिव डायरेक्टर सतीश जोशी, देवेंद्र रावत, जु-जित्सू एसोसिएशन ऑफ ऊधमसिंह नगर के अध्यक्ष भारत भूषण चुघ, किशोर सिंह, जानकी कार्की, जॉनी हिराम तिग्गा, शोभा तिग्गा, हिमा भट्ट, केनाथ लाल, विनोद लखेरा, शंकर सिंह बसेरा, सुखदेव सिंह, राजीव राणा, रघु रावत, वसीम खान आदि ने बधाई दी।



पदक विजेता जु-जित्सू खिलाड़ियों के साथ अतिथि। ● अमृत विचार

# भुमलाई और मझेड़ा के जंगलों में भड़की आग

## लोहाघाट में आधा हेक्टेयर से अधिक वन संपदा खाक, तेज हवा के कारण आग ने और विकराल रूप धारण किया

संवाददाता, टनकपुर/ लोहाघाट

**अमृत विचार :** गर्मी शुरू होते ही जंगलों में आग लगने का सिलसिला शुरू हो गया है। लोहाघाट क्षेत्र के भुमलाई और मझेड़ा के जंगलों में भी आग भड़क उठी है। आग से आधा हेक्टेयर से अधिक वन क्षेत्र प्रभावित हुआ है। भुमलाई के रामाटाक तोक के जंगल में भीषण आग से बांज, बुरांश, चीड़, देवदार आदि प्रजातियों के छोटे बड़े पेड़ जलने के साथ जंगली जानवरों व पक्षियों के आशियानों पर भी असर पड़ रहा है।

रात भर जंगल में भड़की आग ने तेज हवाओं के साथ और विकराल रूप धारण कर लिया। आरोप है कि इन जलते जंगलों को बचाने के लिए वन विभाग ने कोई खास प्रयास नहीं किया। जंगल में आग लगने से क्षेत्र में धुएं का गुबार फैल गया। न केवल वन संपदा को नुकसान हुआ, बल्कि बुजुर्गों, सांस के मरीजों को भी काफी परेशानी उठानी पड़ी। वहीं मझेड़ा के जंगलों में भी आग से वन संपदा को भारी नुकसान पहुंचा है। वन क्षेत्राधिकारी दीप चंद्र जोशी ने बताया कि आग लगने की सूचना मिलने के बाद वन कर्मियों ने आग पर काबू पाया। उन्होंने लोगों से जंगलों में आग लगाने वाले अराजक तत्वों की सूचना वन विभाग को देने की अपील की।



अल्मोड़ा के बख स्थित पावर हाउस के पास लगी आग से उठता धुआं। ● अमृत विचार

# जंगल की आग से पावर हाउस फुंकने से बचा

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** नगर के बख क्षेत्र में शुक्रवार को बिजली विभाग के पावर हाउस के पास जंगल में अचानक आग लग गई। आग ने थोड़ी ही देर में विकराल रूप धारण कर लिया। हवा के कारण आग तेजी से फैलने लगी।

थोड़ी देर में आग पावर हाउस और दामोधरा की आबादी वाले इलाकों तक पहुंच गई। आनन फानन में सामाजिक कार्यकर्ता गोपाल सिंह चम्याल ने इसकी जानकारी अग्निशमन अधिकारियों को दी।

सूचना के बाद एनटीडी से अग्निशमन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और मोटर फायर इंजन से पंपिंग कर होजरील की मदद से आग को बुझाने का प्रयास शुरू कर दिया। करीब दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद विभाग की टीम ने आग पर काबू पाया और सड़क के ऊपर आबादी की ओर बढ़ रही आग को बुझाया।

स्थानीय लोगों ने बताया कि इस क्षेत्र के आसपास से काफी लोग घूमने आते हैं और जगह जगह घरों का कूड़ा फेंक देते हैं, जिसमें अराजक तत्व आग लगा देते हैं और वह जंगलों तक पहुंच जाती है। फिलहाल आग पर काबू पा लिए जाने के बाद अब आसपास के लोगों ने राहत की सांस ली है।

# अधिवक्ता को एक साल का कारावास

**अल्मोड़ा, अमृत विचार :** न्यायिक मजिस्ट्रेट अल्मोड़ा शुभांगी गुप्ता ने चेक बाउंस के मामले में अधिवक्ता को एक साल के कारावास और 10 लाख रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है। न्यायिक मजिस्ट्रेट ने जुर्माने की रकम में से नौ लाख 90 हजार रुपये पीड़ित को देने और 10 हजार रुपये राजकीय कोष में जमा कराने के आदेश दिए हैं।

वरिष्ठ अधिवक्ता दीवान सिंह बिष्ट और देवेश बिष्ट ने बताया कि यह मामला अगस्त 2018 का है। मिरतोला भनोली निवासी नंदन सिंह नेगी की अधिवक्ता हिमांशु सिन्हा निवासी गैस गोदाम रोड हल्द्वानी से जान पहचान थी। उन्होंने अधिवक्ता को नौ लाख 50 हजार रुपये उधार दिए, बदले में अधिवक्ता ने हस्ताक्षर किए हुए दो चेक दिए। उधार वापस न करने पर उन्होंने बैंक में चेक जमा करवा दिए, लेकिन वह बाउंस हो गए। इसके बाद उन्होंने नोटिस भिजवाए। जिन्हें अधिवक्ता ने रिसीव नहीं किया। परेशान होकर उन्हें न्यायालय की शरण में जाना पड़ा।

## सार-संक्षेप



चिलियानौला में भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में प्रचार करते भाजपाई। ● अमृत विचार

### लोगों को भाजपा की नीतियों से कराया अवगत

**रानीखेत :** भाजपा कार्यकर्ताओं ने दर्जा राज्य मंत्री कैलाश पंत के नेतृत्व में भाजपा प्रत्याशी अजय टम्टा के पक्ष में चिड़ियानौला क्षेत्र में घर-घर जाकर मतदान की अपील की। उन्होंने चिड़ियानौला टैक्सी स्टैंड से लीसा फैक्ट्री, इंडस्ट्रियल एरिया, हैड़ाखान मंदिर से जीडी बिरला स्कूल तक लोगों से मिलकर प्रचार किया। उन्होंने लोगों को भाजपा की नीतियों से अवगत कराया। इस दौरान विमला रावत, मोहन नेगी, सविता डावर, रेखा आर्य, प्रकाश, संदीप, गिरीश पांडे, मदन, मोहित नेगी आदि मौजूद थे।



अल्मोड़ा में उपपा को समर्थन देने की घोषणा करते काशी सिंह ऐरी। ● अमृत विचार

### अल्मोड़ा सीट पर यूकेडी ने उपपा को दिया समर्थन

**अल्मोड़ा :** लोकसभा चुनाव की तिथि नजदीक आते आते अब अल्मोड़ा लोकसभा सीट पर सियासी पारा चढ़ने लगा है। उत्तराखंड की प्रमुख क्षेत्रीय पार्टी उत्तराखंड क्रांति दल ने चुनाव चिन्ह फ्रीज होने और उम्मीदवार अर्जुन देव द्वारा नाम वापस लेने के बाद अब उत्तराखंड परिवर्तन पार्टी की प्रत्याशी किरन आर्या को अपना समर्थन देने की घोषणा कर दी है। यूकेडी के संस्थापक सदस्य काशी सिंह ऐरी ने अल्मोड़ा में इसका ऐलान किया। यूकेडी नेता काशी सिंह ऐरी ने कहा कि यूकेडी ने पौड़ी, हरिद्वार व नैनीताल सीट पर अपने प्रत्याशी चुनाव में उतारे हैं। जबकि अल्मोड़ा से परिवर्तन पार्टी की प्रत्याशी किरन आर्या व टिहरी से बेरोजगार संघ के अध्यक्ष बॉबी पवार का अपना समर्थन दिया है।

### प्रधानाचार्य के पदों पर सीधी भर्ती का विरोध

**अल्मोड़ा :** प्रधानाचार्यों की सीधी भर्ती के आदेश से एलटी शिक्षकों में आक्रोश है। शुक्रवार को बैठक कर सीधी भर्ती नियमावली पर विरोध जताया। एलटी ग्रेड सीधी भर्ती संघर्ष समिति की बैठक में कहा कि इस नियमावली से केवल दस फीसदी शिक्षक ही पदोन्नत हो पाएंगे। पूर्व में शत प्रतिशत पदोन्नति पर एलटी शिक्षकों को 55 फीसदी और प्रवक्ता संवर्ग को 45 फीसदी कोटा देकर प्रधानाध्यापक से प्रधानाचार्य पद पर पदोन्नत किया जाता था, लेकिन अब 50 फीसदी पदों को सीधी भर्ती से भरा जा रहा है।

### अल्मोड़ा पुलिस को मिले 58 नए जवान

**अल्मोड़ा :** अल्मोड़ा पुलिस को 58 नए पुलिस कार्मिक मिले हैं। नए कर्मचारियों की तैनाती के बाद एसएसपी देवेंद्र पींचा ने पुलिस लाइन में सम्मेलन किया। इस दौरान उन्होंने जवानों का परिचय लेकर कहा कि उन्हें देश सेवा का मौका मिला है, इसलिए वह पूरी जिम्मेदारी से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करेंगे। एसएसपी पींचा ने भी जवानों को कर्तव्य निष्ठा और ईमानदारी की सीख दी। उन्होंने कहा कि पुलिस के जवानों को हर समय हर परिस्थिति का सामना करने को तैयार रहना चाहिए।

## सार-संक्षेप

### बजट अवमुक्त नहीं होने पर शिक्षकों ने जताई नाराजगी

**अल्मोड़ा :** उत्तरांचल पर्वतीय कर्मचारी शिक्षक संगठन ने अपनी विभिन्न समस्याओं को लेकर ऑनलाइन बैठक की। इसमें शिक्षकों ने मुख्य रूप से कोषाधिकारी से बिल पास होने के बावजूद बजट ना देने पर नाराजगी जताई। संघ के जिलाध्यक्ष डा. मनोज कुमार जोशी ने कहा कि शिक्षकों की ओर से अंतिम तिथि 31 मार्च तक बिल तैयार किए गए, लेकिन बिल कोषागार से पास होने के बाद भी सचिवालय से बजट अवमुक्त नहीं किया जा रहा, जिससे शिक्षकों में आक्रोश बढ़ रहा है। बैठक में सदस्यों ने कालातीत बिलों की अवधि को विस्तारित कर दो वर्ष करने की मांग की। बैठक में एजुकेशनल मिनिस्टीरियल ऑफीसर्स एसोसिएशन के कुमाऊं मंडल अध्यक्ष पुष्कर सिंह भैसोड़ा सहित कई शिक्षक और कर्मचारी शामिल रहे।

### कार और टिपर में सीधी भिड़ंत से एक घायल

**टनकपुर :** टनकपुर-चम्पावत राष्ट्रीय राजमार्ग पर गांव बस्टिया के पास शुक्रवार को टिपर और कार की सीधी भिड़ंत में कार चालक राजेंद्र (35) पुत्र जगदीश निवासी पिथौरागढ़ घायल हो गया। घायल राजेंद्र को आपात सेवा 108 की एंबुलेंस से टनकपुर उप जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के उसे छुट्टी दे दी गई। दुर्घटना में कार के आगे का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। समाचार लिखे जाने तक मामले में किसी की ओर से कोतवाली में तहरीर नहीं दी गई थी।

### एसपी ने पूर्णागिरि मेले की जिम्मेदारी सौंपी

**टनकपुर :** मां पूर्णागिरि धाम मेले में श्रद्धालुओं को सुरक्षित और बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के के लिए एसपी ने तीन पुलिस अधिकारियों को विशेष जिम्मेदारी सौंपी है। इसमें हयात सिंह, निरीक्षक यातायात, चम्पावत को सम्पूर्ण मेला क्षेत्र में यातायात प्रभारी नियुक्त किया है। वहीं पुलिस उप निरीक्षक सुरेन्द्र सिंह खड़ायत, प्रभारी एएचटीयू को अस्थायी थाना ठूलीगाड़ से भैरव मन्दिर तक तथा उपनिरीक्षक यातायात ज्योति प्रकाश को टनकपुर से ठूलीगाड़ तक यातायात प्रभारी नियुक्त किया गया है।

### दो वाहनों से पकड़े चार लाख 96 हजार रुपये

**अल्मोड़ा :** लोकसभा चुनाव के दौरान निर्धारित सीमा से अधिक धन रखने पर पुलिस और स्टेटिक सर्विलांस ने दो लोगों को पकड़ा है। दोनों के पास से पुलिस को चार लाख 96 हजार से अधिक की धनराशि बरामद हुई है। शुक्रवार को पिथौरागढ़ के घाट बैरियर पर चौकी प्रभारी जावेद हसन के नेतृत्व में चेकिंग अभियान चलाया गया। चंपावत से जिला मुख्यालय की तरफ आ रही कार को संदेह के आधार पर रोका। वाहन में सवार नवीन चंद निवासी नैनीपातल के बैग से तीन लाख 96 हजार पांच सौ रुपये मिले। टीम ने चुनाव में प्रलोभन में इस्तेमाल की आशंका जताकर रुपये जब्त कर लिए। इधर एंचोली बैरियर में पुलिस ने ने वाहन संख्या बीए- 22- एयू-1397 से चेकिंग के दौरान एक बैग से एक लाख रुपये बरामद किए। वाहन चालक संतोष कुमार निवासी ब्रिती टोला गोइना, पश्चिमी चंपारण, बिहार हाल निवासी जाजरदेवल के पास उक्त धनराशि से संबंधित वैध दस्तावेज नहीं थे। जिस कारण इस धनराशि को भी टीम द्वारा जब्त कर लिया गया है।



कांग्रेस के चुनाव कार्यालय के उद्घाटन अवसर पर मौजूद कार्यकर्ता।

### रानीखेत में कांग्रेस के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन

**रानीखेत :** लोकसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन स्टेट बैंक गांधी चौक के निकट किया गया। उद्घाटन के दौरान ब्लॉक प्रमुख हीरा रावत ने कहा कि इस बार केंद्र में कांग्रेस की सरकार बनेगी। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष उमेश भट्ट, ब्लॉक अध्यक्ष गोपाल सिंह देव, महिला जिलाध्यक्ष गीता पवार, महिला नगर अध्यक्ष नेहा साह माहरा, पूर्व ब्लॉक प्रमुख रचना रावत, पूर्व व्यापार मंडल अध्यक्ष यतीश रौतेला, कॉर्डिनेटर कुलदीप कुमार, विश्व विजय सिंह माहरा, चंदन बिष्ट, कुसुम जोशी, बसंती डोरियाल, कंचन आर्या, प्रियंका, गुड्डू खान, मो. इमरान, रमेश मसीह आदि मौजूद थे।

# डीएम ने पैदल चलकर परखी बूथ व्यवस्था

संवाददाता, बागेश्वर

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव की व्यवस्था एवं प्रबंधन का निरीक्षण करने जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराधा पाल सड़क से आठ किलोमीटर पैदल चलकर जिले के सबसे दूरस्थ गांव बोरबलड़ा पहुंची तथा वहां पोलिंग बूथ पर किए गए प्रबंधन का जायजा लिया। मौके पर अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने शत-प्रतिशत मतदान की अपील की।

गुरुवार को जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराधा पाल ने कपकोट के बोरबलड़ा में राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में बनाए गए पोलिंग बूथ का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि जिला मुख्यालय से सबसे दूर इस पोलिंग बूथ पर बिजली, पानी, शौचालय की सुविधा है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि गांव में 259 मतदाता हैं, जिसमें 140 पुरुष और 119 महिला मतदाता शामिल हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने इस दौरान पोलिंग बूथ पर पहली बार बने नये मतदाताओं का स्वागत किया। निरीक्षण के दौरान तहसीलदार आरएस बिष्ट सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। इस दौरान कलाकार किशन सिंह दानू ने भी लोगों से शत प्रतिशत मतदान की अपील की।



बोरबलड़ा में मतदाताओं से शत-प्रतिशत मतदान की अपील करतीं अधिकारी अनुराधा पाल।

### इशारों में किया ग्रामीणों से विकास का वादा

**बागेश्वर :** चुनाव के दौरान सर्वाधिक दूरस्थ मतदान केंद्र के निरीक्षण के बहाने जिलाधिकारी जनपद के सर्वाधिक दूरी पर स्थित उच्च हिमालयी क्षेत्र के बूथ पर पहुंचीं। उन्होंने व्यवस्थाओं का जायजा लिया। साथ ही वहां के ग्रामीणों की समस्याओं को समझा। आचार संहिता के चलते वे यहां के विकास के लिए क्या करेंगी इस संबंध में अपने मन की बात को सार्वजनिक तो नहीं कर पाई परंतु इशारों में कह गईं कि ग्रामीणों की यातायात व अन्य समस्याओं पर प्रशासन गंभीरता से कार्य करेगा।

# मतदान से संबंधित पेन ड्राइव दी





चम्पावत में पीठासीन अधिकारियों को पेन ड्राइव उपलब्ध कराते जिला निर्वाचन अधिकारी नवनीत पांडेय।

संवाददाता, टनकपुर/ चम्पावत

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए शुक्रवार को पीठासीन एवं मतदान अधिकारियों का चार दिवसीय द्वितीय प्रशिक्षण राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में शुरू किया गया।

जिला निर्वाचन अधिकारी नवनीत पांडेय ने सभी पीठासीन अधिकारियों को मतदान से संबंधित पेन ड्राइव उपलब्ध कराई, ताकि सभी जानकारियां बेहतर तरीके से जान सकें। नवाचार के इस अभिनव प्रयास की पहल प्रदेश में चम्पावत जनपद में की गई। चार दिवसीय द्वितीय प्रशिक्षण के प्रथम दिन दोनों पालियों में मास्टर ट्रेनर ने मतदान कार्मिकों को चुनाव प्रक्रिया के संबंध में पावर प्रजेंटेशन की विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी संजय कुमार सिंह, एसडीएम लोहाघाट रिंकु बिष्ट, मुख्य शिक्षा अधिकारी मेहरबान सिंह बिष्ट, मास्टर ट्रेनर जीवन कलोनी, डॉ. एमपी जोशी, पीसी उपाध्याय आदि मौजूद रहे।

### सड़क मार्गों के निर्माण के लिए विस्फोटकों के प्रयोग पर पाबंदी

**अल्मोड़ा, अमृत विचार :** लोकसभा चुनावों को देखते हुए सीमांत जिले पिथौरागढ़ की जिलाधिकारी रीना जोशी ने सड़क निर्माण के कार्य में विस्फोटकों का प्रयोग करने पर पाबंदी लगा दी है। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि जन क्षेत्र में अधिक बर्फबारी और भूस्खलन की संभावना अधिक है, वहां निर्वाचन के दौरान चौबीसों घंटे जेसीबी व अन्य जरूरी मशीनें उपलब्ध होनी चाहिए। ताकि किसी भी हालत में मार्गों को सुचारू रखा जा सके। लोकसभा चुनावों के मद्देनजर जिलाधिकारी रीना जोशी ने जिले में कार्यरत 83, 65, 67, 1447 सीमा सड़क संगठन के ऑफिसर कमांडिंग एवं उनके प्रतिनिधियों के साथ एक बैठक की। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि 16 से बीस अप्रैल तक पोलिंग पार्टियों के मतदान केंद्र तक आवागमन के दृष्टिगत सड़क निर्माण कार्य रोक दिया जाए और विस्फोटकों का प्रयोग ना किया जाए। तहसील धारचूला के दोबाट के निकट लंबे समय तक सड़क मार्ग बाधित होने के दृष्टिगत 65 सीमा सड़क संगठन को निर्देश दिए कि उक्त स्थान पर सोलह से बीस अप्रैल के मध्य अनिवार्य रूप से सड़क मार्ग सुचारू रखा जाए। इ बैठक में लोक निर्माण विभाग, पीएमजीएसवाई, सीमा सड़क संगठन, ग्रामीा निर्माण विभाग, एनएच, परिवहन विभाग, शिक्षा विभाग, आपदा प्रबंधन विभाग समेत अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## वर्ग पहेली-31

**बाएं से दाएं**

3. 1. (काव्यशास्त्र) मुग्धा नायिका के सात भेदों में एक भेद, अंकुरितयौवना 2. नवयुवती।

6. जैसे ही, यदि, यद्यपि।

8. 1. वानप्रस्थ आश्रम में प्रविष्ट व्यक्ति 2. भागवत का एक स्कंध 3. कृष्ण यजुर्वेद की एक शाखा।

11. एक भाववाचक प्रत्यय जो विशेषण और संज्ञा के अंत में लगता है जैसे- सुंदर+ता = सुंदरता।

**ऊपर से नीचे**

1. मतभेद, मतभिन्नता।

2. 1. लत, स्वभाव 2. आदत।


4. 1. नगरवासी, नागरिक 2. चतुर, शिष्ट, सभ्य 3. गुजराती ब्राह्मणों में एक कुलनाम या सरनेम 4. नागरी लिपि का कोई अक्षर 5. एक प्रकार का गृहयुद्ध।

5. आंखों के अंदर का वह अवयव जिसपर दृष्टि-बिंब बनते हैं, आंख के अंदर एक प्रकाश-संवेदी ऊतक पर्त, दृष्टि पटल।

7. 1. गुज़र, निर्वाह 2. जीवनयापन।

9. 1. स्तंभ, खंभा 2. चिट्ठी रखने का लिफ़ाफ़ा 3. संधि, जोड़ 4. जोड़ पर लगाया जाने वाला टांका।

10. 1. व्यक्तियों की पंक्तियां





### वर्ग पहेली -30 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 पी | ■ | ■ | 2 जे | ■ | 3 बे | ■ |
| 4 प | टा | प | टी | ■ | हा | ■ |
| ल | ■ | ■ | ■ | 5 व | ल | न |
| ■ | 6 अ | नु | मे | य | ■ | ■ |
| ■ | भि | ■ | ■ | 7 सं | गि | नी |
| ■ | ष | ■ | ■ | धि | ■ | ■ |
| 8 दे | व | भा | षा | ■ | 9 जा | नँ |

## सुडोकू -110

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | | 3 | | 4 | | 6 |
| | | | | 9 | | | 1 | |
| | | 5 | | | 8 | | | |
| 7 | | 8 | | 6 | | | | 2 |
| | | | 7 | | 2 | 9 | | |
| 2 | | | | 4 | 5 | | | 8 |
| | | | 3 | | | 5 | | |
| | 1 | | | 7 | | | | |
| 6 | | 9 | | 5 | | | 2 | |

### सुडोकू -109 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 5 | 8 | 2 | 6 | 4 | 7 | 1 | 9 |
| 4 | 6 | 1 | 9 | 3 | 7 | 8 | 2 | 5 |
| 7 | 9 | 2 | 8 | 5 | 1 | 4 | 6 | 3 |
| 2 | 7 | 9 | 5 | 1 | 8 | 6 | 3 | 4 |
| 1 | 3 | 5 | 4 | 7 | 6 | 9 | 8 | 2 |
| 6 | 8 | 4 | 3 | 9 | 2 | 1 | 5 | 7 |
| 5 | 4 | 3 | 6 | 8 | 9 | 2 | 7 | 1 |
| 8 | 2 | 7 | 1 | 4 | 3 | 5 | 9 | 6 |
| 9 | 1 | 6 | 7 | 2 | 5 | 3 | 4 | 8 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 6 अप्रैल शनिवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-चैत्र, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-द्वादशी 22.19 तक तत्पश्चात त्रयोदशी।

### आज का पंचांग





दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-वसंत।
चन्द्रबल-मेष, वृषभ, सिंह, कन्या, धनु, कुंभ।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-शतभिषा 15.39 तक तत्पश्चात पूर्व भाद्रपद।

**मेष** — आज गुस्से के बजाय शांतिपूर्वक कार्य करें। सोच-विचार में ज्यादा समय व्यर्थ न गंवाएं। दोपहर के बाद रुके हुए कार्य शुरु होंगे। वैवाहिक जीवन का तनाव दूर होगा। बेवजह के खर्चों से आपको बचना चाहिए।

**वृष** — आज सामाजिक कार्यों में आपकी रुचि बढ़ने वाली है। लोग आपके विचारों को काफी महत्व देंगे। शाम को आपके कार्यों में बाधा आ सकती है। आपकी दिनचर्या काफी अनुशासित रहने वाली है। व्यापार में नए अनुबंध हो सकते हैं।

**मिथुन** — आज जोखिम भरे कार्यों से दूरी बनाकर रखें, लेकिन आपके कार्य बाधा के साथ पूर्ण होंगे। दुष्ट प्रवृत्ति के लोग आपको नुकसान पहुंचाना चाहते हैं। अनुसंधान पूर्ण कार्यों में आप रुचि लेंगे। मान-सम्मान में कमी आ सकती है।

**कर्क** — आज आपको इच्छित जगह पर स्थानांतरण भी मिल सकता है। धार्मिक गतिविधियों में आपकी सक्रियता बढ़ेगी। अविवाहित लोगों को वैवाहिक प्रस्ताव मिलने की संभावना है। जीवनसाथी के परामर्श लेना हितकर होगा।

**सिंह** — आज विरोधियों के सामने आपको सावधान रहना चाहिए। दूसरों के कार्यों में हस्तक्षेप न करें। व्यापार में बड़ा प्रयोग करने से बचना चाहिए। परिजनों के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। नया कार्य शुरू करने में कठिनाइयां होंगी।

**कन्या** — आज सभी काम रुक-रुककर पूर्ण होंगे। प्रेमी आपकी किसी बात का विरोध कर सकता है। प्रभावशाली लोगों के बीच आप काफी लोकप्रिय रहेंगे। व्यापार में नए प्रयोग करने से बचें। जीवनसाथी की सेहत को लेकर कुछ चिंता होगी।

**तुला** — आज भावनात्मक रूप से काफी कमजोर रहेंगे। घर की साफ-सफाई में आप काफी व्यस्त हो सकते हैं। आपको जिम्मेदारी वाले काम मिलने की संभावना है। अपनी योजनाओं को गुप्त रखें। नए विषयों के अध्ययन में आप रुचि लेंगे।

**वृश्चिक** — आज आपके आत्मविश्वास के कारण बॉस प्रसन्न रहेंगे। आपको रिश्तेदारों से कुछ अच्छे समाचार मिल सकते हैं। जीवनसाथी की भावनाओं का ध्यान रखें। दांपत्य जीवन काफी सुखद रहेगा। व्यापारिक यात्राओं के लिए दिन बहुत बढ़िया है।

**धनु** — आज परिवार के किसी सदस्य को लेकर थोड़ी परेशानी होगी। उपयोगी मशीनों का प्रयोग सावधानी पूर्वक करें। पूरा ध्यान अपने काम पर ही रखें। छोटी सी त्रुटि के कारण काम रुक सकते हैं। घर में मांगलिक कार्यक्रम हो सकता है।

**मकर** — आज शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षा में उत्तम सफलता मिल सकती है। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। कार्यक्षेत्र में उच्चाधिकारी काफी प्रसन्न रहेंगे। पदोन्नति मिलने की संभावना बन रही है। घर में मेहमान आ सकते हैं।

**कुंभ** — आज प्रेम संबंधों को लेकर परेशानी का अनुभव होगा। क्रोध के कारण आपके काम बिगड़ सकते हैं। शत्रुओं से आपको सावधान रहना चाहिए। अनावश्यक विषयों पर चर्चा करने से बचें। स्वास्थ्य थोड़ा कमजोर हो सकता है।

**मीन** — आज गुमी वस्तु आपको वापस मिल सकती है। विद्यार्थियों को करियर में बेहतरीन परिणाम मिलेंगे। कड़ी मेहनत का लाभ मिलेगा। घर का माहौल काफी अनुशासित रहने वाला है। आपके जनसंपर्क का दायरा मजबूत होगा।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
- क्यों कि... सुबह : 10.50
- घातक रात : 07.01

SONY MAX
- फिरंगी सुबह : 10.00
- लूसिफर रात : 08.30

SONY PIX
- जर्नी 2 सुबह : 10.52
- जस्टिस लीग रात : 08.50

ZEE CINEMA
- शादी में जरूर आना सुबह : 11.00
- हम साथ साथ हैं रात : 07.00

colors CINEPLEX
- कालिया सुबह : 11.16
- भेड़िया शाम : 05.58

### आज की सुपरहिट फिल्म





जी सिनेमा पर रात : 07.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

बस में एक लड़के की नजर पीछे की सीट पर बैठी लड़की पर पड़ी।
लड़का- पहचाना मुझे!
लड़की- नहीं तो
लड़का- अरे, हम दोनों एक ही क्लास में पढ़ते थे
लड़की- पढ़ती तो मैं थी, तू तो रोज मुर्गा ही बनता था।

पति के जन्मदिन पर पत्नी- क्या गिफ्ट दूं?
पति- तुम मुझे इज्जत दो, कहना मानों यही काफी है।
पत्नी- तुम्हें भी फिर यही देना चाहिए। मैं तो गिफ्ट ही दूंगी

पर्जन्यनाथा : पशवो राजानो मन्त्रिबान्धवा : ।
पतयो बान्धवा : स्त्रीणां ब्राह्मणा वेदबान्धवा : ।।

पशुओं के रक्षक बादल होते है ,राजा के रक्षक उसके मंत्री ,पत्नियों के रक्षक उनके पति तथा वेदों के रक्षक ब्राह्मण ( ज्ञानी पुरुष ) होते हैं ।

## संपादकीय

# मदरसा शिक्षा

उच्चतम न्यायालय ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के उस आदेश पर शुक्रवार को अंतरिम रोक लगा दी जिसमें उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा बोर्ड अधिनियम 2004 को 'असंवैधानिक' और धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांत का उल्लंघन करने वाला करार दिया गया था। शीर्ष अदालत के इस फैसले को मदरसा बोर्ड के लिए एक बड़े फैसले के रूप में देखा जा सकता है। उच्च न्यायालय के फैसले के बाद काफी विवाद हुआ था और इस मामले में उच्चतम न्यायालय का रुख किया गया। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली तीन न्यायाधीशों की पीठ ने उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ याचिकाओं पर केंद्र, उत्तर प्रदेश सरकार और अन्य को नोटिस जारी किया। यूपी मदरसा बोर्ड की तरफ से अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि आज कई गुरुकुल भी प्रसिद्ध हैं, वे अच्छा काम कर रहे हैं तो क्या हमें उन्हें बंद कर देना चाहिए। सुनवाई के दौरान शीर्ष अदालत ने कहा कि यह निर्देश प्रथम दृष्टया उचित नहीं था। उच्च न्यायालय ने 2004 अधिनियम के प्रावधानों की गलत व्याख्या की है, क्योंकि यह धार्मिक शिक्षा प्रदान नहीं करता है और कानून का उद्देश्य और चरित्र नियामक प्रकृति का है। हाईकोर्ट के फैसले के चलते मदरसों में पढ़ रहे लाखों बच्चों के भविष्य पर सवालिया निशान लग गया था। उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से कहा गया कि उच्च न्यायालय के आदेश के बाद मदरसों की मान्यता स्वतः समाप्त हो गई है।

गौरतलब है कि शिक्षा की पश्चिमी शैली के वैकल्पिक मार्ग के रूप में धार्मिक मदरसों ने इस्लामी समाज की शिक्षा आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए इस्लाम के इतिहास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। बचाव पक्ष की ओर से सुप्रीम कोर्ट में कहा गया कि मदरसे की यह व्यवस्था 120 साल से चली आ रही है, ऐसे में इसे समाप्त नहीं किया जा सकता। यह निर्णय छात्रों के अधिकारों पर आघात करेगा,क्योंकि विशेष शिक्षा का चयन करना हमेशा छात्रों और उनके माता-पिता की पसंद रही है। अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी ने कहा कि धर्म का उलझाव अपने आप में संदिग्ध मुद्दा है, जिस पर विचार-विमर्श की जरूरत है। सुप्रीम कोर्ट ने उचित ही कहा कि यदि इस निर्णय का उद्देश्य मदरसों में पढ़ने वाले बच्चों को अच्छी शिक्षा उपलब्ध करवाना था तो कानून को असंवैधानिक न घोषित करके कुछ दिशानिर्देश भी जारी किए जा सकते थे। कहा जा सकता है कि सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले से उत्तर प्रदेश के 25 हजार मदरसों के 17 लाख छात्रों को बड़ी राहत मिली है।

# कुछ सैद्धांतिक समस्याएं भी हैं एक साथ चुनाव कराने में



चंद्रभूषण
वरिष्ठ पत्रकार

भविष्य में अगर कोई केंद्रीय या राज्य सरकार गिर गई और लोकसभा या संबंधित विधानसभा भंग करनी पड़ गई तब सारे चुनाव एक साथ ही कराने के इस प्रावधान का क्या होगा,इस बारे में उच्च स्तरीय समिति की राय स्पष्ट है।

आम चुनाव-2024 की अधिसूचना जारी होने से ठीक दो दिन पहले 'एक देश एक चुनाव' के मुद्दे पर गठित उच्च स्तरीय समिति ने अपनी रिपोर्ट राष्ट्रपति को सौंप दी। समिति की अनुशंसाओं में देश की सभी विधानसभाओं के चुनाव लोकसभा चुनाव (संभवतः 2029 में होने वाले अगले आम चुनाव) के साथ ही कराने की बात सर्वोपरि है। स्थानीय निकायों,ग्राम पंचायतों और नगर पालिकाओं के चुनाव पहली बार इस साझा चुनाव के 100 दिन के अंदर करा लेने और बाद में तीनों स्तरों के चुनाव एक साथ ही कराते रहने की अनुशंसा भी इसमें की गई है।

जाहिर है इसके लिए कुछ विधानसभाओं का कार्यकाल घटाना होगा और कुछ का बढ़ाना होगा जिसके लिए बड़े पापड़ बेलने होंगे। उच्च स्तरीय समिति ने इसके लिए संविधान बदलने का सुझाव दिया है। उसकी सभी अनुशंसाओं को अमल में उतारने के लिए संविधान में कम से कम पांच संशोधन करने होंगे और इतने बड़े पैमाने की चुनावी कसरत से जुड़ी तकनीकी जरूरतें पूरी करने के लिए आठ हजार करोड़ रुपये भी खर्च करने होंगे,लेकिन समिति का कहना है कि देश की राजनीतिक स्थिरता के लिए सरकारों में दूरदृष्टि पैदा करने के लिए और लगातार कहीं न कहीं होते रहने वाले चुनावों के भारी खर्चे से देश को बचाने के लिए यह सब जरूरी है।

भविष्य में अगर कोई केंद्रीय या राज्य सरकार गिर गई और लोकसभा या संबंधित विधानसभा भंग करनी पड़ गई तब सारे चुनाव एक साथ ही कराने के इस प्रावधान का क्या होगा,इस बारे में उच्च स्तरीय समिति की राय स्पष्ट है। उसका कहना है कि अगले चुनाव में जाना पड़ ही गया तो जाएंगे, लेकिन वह सदन अपने पूरे कार्यकाल के लिए नहीं,बचे हुए कार्यकाल के लिए ही चुना जाएगा। यानी चौथे साल में लोकसभा भंग हो गई तो चुनाव की कसरत सिर्फ लोकसभा के लिए ही संपन्न की जाएगी,लेकिन नए सिरे से चुनी गई लोकसभा एक साल ही काम करके भंग हो जाएगी और उसे 'एक देश, एक चुनाव' के तहत जल्द ही दोबारा चुनकर आना होगा। सरकार की कोशिश इस उच्च स्तरीय समिति को पार्टी एजेंडा से ऊपर उठाकर प्रस्तुत करने की रही है। इसीलिए पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के नेतृत्व में कुल आठ सदस्यों की समिति गठित की गई तो लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी को भी इसमें शामिल किया गया था,लेकिन चौधरी ने कुछ ही समय बाद यह कहते हुए इससे अपना नाम वापस ले लिया था कि समिति के लिए जो कार्यभार निर्धारित किया गया है,उसके सारे निष्कर्ष पहले से ही तय हैं,विचार-विमर्श की उसमें कोई गुंजाइश ही नहीं है। नतीजा यह रहा कि व्यवहार में उच्च स्तरीय समिति का स्वरूप पूरी तरह सरकारी हो गया और इसे बीजेपी की ही एक और पहल की तरह देखा जा रहा है।



अध्यक्ष रामनाथ कोविंद के अलावा समिति में शामिल बाकी नाम थे-गृहमंत्री अमित शाह, विधि एवं न्याय राज्यमंत्री अर्जुन राम मेघवाल, हाल तक वित्त आयोग के प्रमुख रहे एन. के. सिंह, फिलहाल अलग पार्टी चला रहे बीजेपी के करीबी और लोकसभा में कांग्रेस के पूर्व नेता गुलाम नबी आजाद, पूर्व सूचना आयुक्त संजय कोठारी, पूर्व संसदीय सचिव सुभाष सी. कश्यप और सत्तापक्ष से जुड़े हाई प्रोफाइल मुकदमे लड़ने वाले वकील हरीश साल्वे। थोड़ा पहले जाकर देखें तो 'एक देश एक चुनाव' का मुद्दा बीजेपी की जन्मकुंडली में पड़े तीनों मुद्दों- संविधान के अनुच्छेद 370 का खात्मा, यूनिफॉर्म सिविल कोड और अयोध्या में बाबरी मस्जिद की जगह पर ही राम जन्मभूमि मंदिर का निर्माण के ठीक बाद आता रहा है। इसकी गिनती एक देश,एक निशान,एक विधान,एक प्रधान, एक इम्तहान,एक संस्कृति,एक बाजार,एक टैक्स, एक वगैरह की श्रेणी में होती रही है। गुजरात का मुख्यमंत्री रहते हुए नरेंद्र मोदी ने 'एक देश एक चुनाव' की व्यवस्था लागू करने की बात कही थी और 2016 में इस पर गठित विधि आयोग ने 2018 में अपनी अनुशंसाएं भी जमा कर दी थीं, लेकिन व्यापकता के ख्याल से इसे यहां तक लाया गया।

व्यापकता का हाल अभी कुल मिलाकर यह है कि उच्च स्तरीय समिति ने 47 पार्टियों के प्रतिनिधियों से बातचीत करने की जानकारी अपनी रिपोर्ट में दी है जिसमें 32 ने 'एक देश एक चुनाव' के पक्ष में और 15 ने इसके विरोध में अपनी राय दी है,लेकिन पार्टियों के नाम पर गौर करें तो ऐसा एक भी दल नहीं दिखता,जो राजनीतिक रूप से बीजेपी का विरोधी हो मगर उसकी राय इस मुद्दे पर सरकारी प्रस्ताव के साथ हो,जो पार्टियां अपनी किसी न किसी मजबूरी में बीजेपी के साथ हैं,वे इस मुद्दे पर भी उसके साथ हैं। बाकी का मानना है कि लोकसभा, विधानसभा और स्थानीय चुनाव पूरे देश में एक साथ कराना न सिर्फ क्षेत्रीय दलों और आकांक्षाओं के लिए हानिकर होगा,उन्हें अप्रासंगिक बना देगा,बल्कि भारत के विराट सांस्कृतिक वैविध्य पर भी यह एक दिन पाटा फेर देगा। इसके जवाब में सरकारी पक्ष का कहना है कि विपक्षी दल इस मुद्दे पर बेकार का वितंडा खड़ा कर रहे हैं,क्योंकि 'एक देश एक चुनाव' की व्यवस्था तो 1967 तक भारत में चल ही रही थी। सभी राज्यों के विधानसभा चुनाव उस समय तक लोकसभा चुनाव के साथ ही होते थे और पंचायती राज वाली मौजूदा व्यवस्था तब तक बनी ही नहीं थी। वह तो 1967 में कई राज्यों में मिली-जुली कांग्रेस विरोधी सरकारें बनीं,जो जल्द ही कांग्रेस की कोशिशों के चलते ही गिर गईं और हर राज्य में अलग-अलग समयों पर विधानसभा चुनाव कराए जाने की परंपरा चल पड़ी।

जो भी हो, हकीकत फिलहाल यही है कि बीजेपी के अलावा देश में कोई भी पार्टी ऐसी नहीं है जिसके पास एक साथ होने वाला देशव्यापी त्रि-स्तरीय चुनाव लड़ने लायक संसाधन और कार्यकर्ता मौजूद हों और बीजेपी ने भी यह ढांचा अपने दम पर नहीं खड़ा किया है। 1925 में स्थापित राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ ने सौ साल की लगातार कोशिशों से गांव-गांव, गली-गली में कार्यकर्ताओं का ढांचा तैयार किया है। बाकी पार्टियों का जमीनी ढांचा चुनाव के समय ही नजर आता है,वह भी तब जब वे सरकार में हों या सरकार बनाने की नजदीकी होड़ में शामिल हों। इस व्यावहारिक समस्या को और इससे जुड़े एकदलीय-एक सांस्कृतिक शिकंजे के खतरे को एक तरफ रख दें तो सारे चुनाव एक साथ कराने की बात में कुछ सैद्धांतिक समस्याएं भी जुड़ी हैं। आकार के मामले में दुनिया में भारतीय लोकतंत्र की कुछ बराबरी अमेरिका के साथ ही खोजी जा सकती है,जहां हर दो साल पर बड़ी चुनावी हलचलें देखने को मिलती हैं। राष्ट्रपति चुनाव चार साल पर होते हैं,लेकिन जैसे ही अमेरिकी राष्ट्रपति का कार्यकाल आधे पर पहुंचता है,बहुत बड़े पैमाने पर गवर्नरों और सीनेटरों के चुनाव होते हैं। इन चुनावों में ऐसा अक्सर होता है कि राष्ट्रपति की पार्टी संसद के दो में से एक सदन में या कभी-कभी दोनों में ही अल्पमत में आ जाती है। चलताऊ जुबान में लोग इसे राष्ट्रपति का कुड़क मुर्गी वाली स्थिति में पहुंच जाना कहते हैं,लेकिन इसे अपने सिस्टम की शक्ति मानते हैं।

अमेरिका से तुलना करके देखें तो भारत में राजनीतिक व्यवस्था की समस्या कुछ और है, जिस पर हमारे यहां कोई बात ही नहीं होती। यह समस्या है पार्टियों में स्थानीय जनतंत्र की संपूर्ण अनुपस्थिति। अमेरिका में दोनों प्रमुख पार्टियों की टोला-मोहल्ला स्तर की समितियां हैं और पूरे धूमधाम से उनके चुनाव होते हैं। जितनी चर्चा वहां राष्ट्रपति चुनाव की होती है,उतनी ही दोनों पार्टियों की, खासकर चुनौती देने वाली पार्टी के उम्मीदवार के चुनाव की भी होती है।

कैसी विडंबना है कि दुनिया की और ब्रह्मांड की सबसे बड़ी पार्टी होने का दावा करने वाले भारतीय दलों में ऐसे भीतरी चुनावों की कोई परंपरा ही नहीं है। पार्टी का पूरा ढांचा ऊपर से या कहीं बाहर से मनोनीत किया गया होता है। ऐसे में लोकतंत्र के सारे हल्ले के बावजूद भारत की राजनीतिक व्यवस्था किसी न किसी की मनमानी पर ही टिकी है। जड़ में घुन जैसी इस बीमारी का इलाज क्या 'एक देश, एक चुनाव' जैसे किसी ऊपरी नुस्खे से हो जाएगा?

## प्रसंगवश

# फुरसत एक हसरतें अनेक

इन क्षणों का आनंद आपके अंदर जिस आनंद,जिस सकारात्मकता का समावेश करता है,उसका भौतिक मूल्यांकन संभव नहीं।

बड़े फुरसत से आए हो,फुरसत मिली तो सोचा मिलता चलूं,फुरसत ही कहां मिली,मरने की भी फुरसत नहीं,फुरसत ही नहीं मिलती,बड़े दिनों के बाद फुरसत के ये पल नसीब हुए हैं,कितनी मुश्किल से आज फुरसत का यह पल निकाला है। जैसे जुमलों के बीच फुरसत शब्द अपने आप में बड़ा ही सुकूनदायक है,रोमांचकारी है। भागती- दौड़ती जिंदगी की पटकथा में लगने वाला अल्पविराम है यह। एक फुरसत है और इसको खर्च करने के अनेक विकल्प। फुरसत की जल्द ढल जाने वाली शाम कई रास्तों की ओर फिसल, फिसल जाना चाहती है।

फुरसत मिली तो यह कर डाला,फुरसत मिली तो आज लॉन्ग ड्राइव पर निकल गए,फुरसत मिली तो आज यह चित्र पूर्ण उकेरन को पा गया,फुरसत मिली तो आज यह सिनेमा देख ली,फुरसत मिली तो आज इस पुस्तक को पढ़ डाला,फुरसत निकाल कर हम उनसे मिलने गए। मतलब एक फुरसत और अनेक हसरतें। यह फुरसत आपको जाड़े की गुनगुनी धूप में बैठने का आनंद देता है तो मदमाती चांदनी में नहाने का भी। उत्तम स्वास्थ्य हेतु श्रम और विश्राम का सधा हुआ संतुलन फुरसत लेकर आता है। आप इन पलों में वे करते हैं,जो आप सच में करना चाहते हैं,जिसे कर आपको जीवन जीने का सबसे सुखद अनुभव होता है।



रीता रानी
जमशेदपुर, झारखंड

इन क्षणों का आनंद आपके अंदर जिस आनंद,जिस सकारात्मकता का समावेश करता है,उसका भौतिक मूल्यांकन संभव नहीं। एक फुरसत आपको संगीत ,कैनवास, बागवानी,सैर -सपाटा, चलचित्र की ओर खींचे लिए बढ़ जाता है। एक फुरसत और अनेक रचनात्मकता के द्वार। लगातार काम के बाद ये केवल आराम के पल नहीं होते,बल्कि वे पल होते हैं जिनमें आप अपने सपनों के साथ जीते हैं। क्षमता फिर से उर्जान्वित होती है और जिंदगी उदास,नीरस व बोझिल होने से बच जाती है।

# ताकि लोकतंत्र रहे बेदाग



शिशिर शुक्ला
असिस्टेंट प्रोफेसर
शाहजहांपुर

राजनीति में अपराध का समावेश लोकतंत्र पर एक धब्बा है और यह धब्बा सबसे ज्यादा अगर किसी को नुकसान पहुंचता है तो वह है-देश की जनता।

भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। लोकतंत्र का सीधा सा अर्थ है-जनता का शासन। किसी लोकतंत्र का सबसे बड़ा उत्सव वहां आयोजित होने वाले चुनाव होते हैं। किसी भी लोकतंत्र की सफलता के लिए उसका अपराध के कलंक से दूर रहना नितांत आवश्यक है। हाल ही में एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स ने एक रिपोर्ट जारी की है। रिपोर्ट यह कहती है कि निवर्तमान 514 लोकसभा सदस्यों के द्वारा प्रस्तुत किए गए चुनावी हलफनामों में 225 सदस्यों के द्वारा अपने खिलाफ आपराधिक मामले होने की घोषणा की गई है। यह संख्या कुल सदस्य संख्या का लगभग 44 प्रतिशत है। इनमें से पांच प्रतिशत ऐसे हैं जिनकी संपत्ति 100 करोड़ रुपए से अधिक है। रिपोर्ट बताती है कि आपराधिक मामलों वाले निवर्तमान सांसदों में 29 प्रतिशत ऐसे हैं जिनके खिलाफ गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। ये मामले हत्या, हत्या का प्रयास, अपहरण, महिलाओं के खिलाफ अपराध एवं सांप्रदायिक तनाव को बढ़ाने जैसे गंभीर कृत्यों के खिलाफ दर्ज किए गए हैं। नौ सांसद ऐसे भी हैं जिनके खिलाफ हत्या के मामले दर्ज हैं। जबकि 28 ऐसे हैं जिनके खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया गया है।

इसके अतिरिक्त रिपोर्ट के आंकड़े बताते हैं कि 16 निवर्तमान सांसदों के विरुद्ध महिलाओं के खिलाफ अपराध के मामले दर्ज हैं, वहीं तीन के खिलाफ बलात्कार के मामले भी दर्ज हैं। कितनी चिंताजनक रिपोर्ट है यह। जरा कल्पना कीजिए कि हमारे देश के कर्णधारों में से 50 प्रतिशत ऐसे हैं,जो अपराधी हैं अथवा जिनकी छवि में कहीं न कहीं दाग लगा हुआ है। क्या यह स्थिति देश के विकास एवं प्रगति में सहायक होगी। क्या अपराध के छींटों को आगे बढ़ाकर हम भारत की छवि को विश्व पटल पर बेदाग रूप में स्थापित कर पाएंगे। राज्यों के मामले में रिपोर्ट यह कहती है कि उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, बिहार, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना एवं हिमाचल प्रदेश के 50 प्रतिशत से अधिक सांसद आपराधिक आरोपों का सामना कर रहे हैं। निस्संदेह यह एक बेहद गंभीर स्थिति है, किंतु ऐसी स्थिति आखिरकार कैसे उत्पन्न हुई। यह एक कड़वा सच है कि इन स्थितियों को जन्म देने वाले स्वयं हम एवं हमारा तंत्र है।

यहां पर विचारणीय प्रश्न यह उठता है कि अपराध में संलिप्त लोगों को लोकतंत्र की कमान कैसे मिल जाती है? कोई भी राजनीतिक पार्टी अपने एजेंडे के पहले बिंदु के रूप में इस संकल्प को क्यों नहीं शामिल करती कि वह जुर्म की दुनिया से जुड़े किसी भी शख्स को पार्टी की तरफ से चुनाव लड़ने के लिए टिकट नहीं प्रदान करेगी। अंततः देश की जनता भी अपराध के प्रतीक ऐसे चेहरों को अपने प्रतिनिधि के रूप में क्यों चुन लेती है? जनप्रतिनिधि के चयन की कसौटियां शायद आज बदल चुकी हैं। यही वजह है कि आपराधिक गतिविधियों से जुड़े हुए व्यक्ति भी लोकतंत्र के मसीहा बनने का सौभाग्य बड़ी आसानी से प्राप्त कर ले रहे हैं।

जनता जनार्दन भी अपने मताधिकार का प्रयोग करते समय उन लक्ष्यों एवं एजेंडों को ध्यान में नहीं रखती जोकि समग्र विकास एवं उन्नति का मार्ग प्रशस्त करते हैं,लिहाजा जुर्म से जुड़े हुए लोग बड़ी आसानी से लोकतंत्र के महल की राह खोज लेते हैं। जहां लोकसभा एवं विधानसभा में एक प्रत्याशी के लिए खर्च की अधिकतम सीमा क्रमशः 95 लाख एवं 40 लाख रुपए निर्धारित की गई है,वहीं दूसरी तरफ वास्तविकता तो कुछ और ही रहती है। प्रत्याशियों के द्वारा चुनाव जीतने के लिए बेतहाशा पैसा खर्च किया जाता है। जनता का कुछ प्रतिशत ऐसा भी है जिसको धन के माध्यम से खरीदने का प्रयास किया जाता है और यह वर्ग भी लालच अथवा अपनी मजबूरी के वशीभूत होकर अपना मत बेचने पर सहमत हो जाता है।

राजनीति में अपराध का समावेश लोकतंत्र पर एक धब्बा है और यह धब्बा सबसे ज्यादा अगर किसी को नुकसान पहुंचता है तो वह है-देश की जनता। जब तक अपराध राजनीति में किसी न किसी रास्ते से प्रवेश पाता रहेगा तब तक देश के हालात सुधरने वाले नहीं हैं। इन चुनौतियों से निपटने का उपाय यही है कि अपराधियों के राजनीति में प्रवेश पर पूर्ण पाबंदी हो एवं जनता भी अपने मत का सदुपयोग बेखौफ होकर एवं सोच विचार कर करे।

## सोशल फोरम

# सबसे बड़ा रोड़ा

दुआ और प्रार्थना में भले ही आपसी झगड़े हों,लेकिन गति दोनों की एक सी ही है। लाखों फलस्तीनियों का जो हाल है वो बद से बदतरीन होता जा रहा है। किस इस्लामिक मुल्क के मुस्लिम इनके लिए दुआ नहीं मांगते होंगे। इस ईद पर सारे इस्लामी मुल्क उनके लिए फिर एक बार दुआ करेंगे, लेकिन कोई दुआ असर करती नजर नहीं आती। अब या तो दुआ मांगने वालों में ही कोई खोट है या ये एक गलतफहमी है कि दुआ से कुछ होता है।




तजिंदर सिंह
जमशेदपुर, झारखंड

यही हाल प्रार्थनाओं का हैं। करोड़ों लोग रोज प्रार्थना करते हैं। खैर किसी की प्रार्थना/दुआ के बारे में बहुत दावा नहीं कर सकता,लेकिन मेरी एक प्रार्थना आज तक पूरी नहीं हुई और अगर कहीं ये पूरी हो जाए तो देश की आधी समस्याएं छू मंतर हो जाएंगी। अपनी इस प्रार्थना के पीछे की कहानी कहना भी थोड़ा जरूरी है। वरना आप समझ नहीं पाएंगे। हुआ यूं कि एक नए शहर में मेरी बदली हुई। शहर में मुझे कुछ पाइप खरीदने थे तो दुकानदार ने कहा कि चलिए अपने गोदाम से दे देता हूं। उसका गोदाम भी सरकारी जगह घेर कर बनाए धर्म स्थल के अंदर ही था। धार्मिक स्थलों के नाम पर जगह घेर उनका व्यवसायिक उपयोग बहुत सामान्य बात है। किसी भक्त को इससे कोई कष्ट नहीं होता। हमारे शहर में टाटा कंपनी ने लोगों के सार्वजनिक उपयोग के लिए बहुत सी खाली जगह छोड़ रखी थी, लेकिन धंधेबाजों ने हर जगह धर्म स्थल खड़े कर दिए। एक ही लाइन से पास-पास तीन चार धर्म स्थल देख अफसोस होता है।

कायदे से हम उतने धार्मिक नहीं जितना होने का दिखावा करते हैं और जितने धर्म स्थल बना डालते हैं। इस सार्वजनिक पैसे से इन खुली जगहों पर जनता के हित में अनेक काम किए जा सकते हैं,लेकिन धंधेबाजों को इससे क्या मतलब और शायद भक्तों को भी इससे कोई तकलीफ नहीं। चलते रास्तों को अवरुद्ध कर जिस तरह धर्म स्थल इस देश में बनाए गए हैं। ऐसे धर्म स्थलों के सामने से मैं जब भी गुजरता हूं तो एक बार वहां के ऊपर वाले से अपने भक्तों को ज्ञान देने की प्रार्थना/दुआ जरूर करता हूं। अब ब्राह्मण तो मैं हूं नहीं वरना श्राप (बदुआ) जरूर दे देता। वैसे इस कलियुग में दुआ, प्रार्थना और श्राप की एक ही गति है। ये सब मानसिक स्खलन से ज्यादा कुछ भी नहीं। **-फेसबुक वॉल से**

# लोकप्रिय संस्कृति और लोक संस्कृति



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

आज की व्यावसायिकता ने इस लोकनृत्य की पवित्रता को खत्म कर इसे एक 'डिस्को कल्चर' में बदल दिया। श्रद्धा का स्थान अब एक भोंडी लोकप्रियता ने ले लिया है।

लोक साहित्य अथवा लोक संस्कृति सामान्यजन की रचना होती है,समष्टिजन की रचना होती है,उसकी एक निरंतर परंपरा होती है तथा उसकी चेतना सर्वमंगल से परिपूर्ण होती है,सब के भले में भला। लोक गीत,लोक कहानी, गाथा और पुराण पूरे समाज की थाती होती है तथा समाज उनके द्वारा मनुष्य के प्रति तथा मनुष्य की प्रकृति के प्रति दृष्टिकोण और व्यवहार को नियमित निर्धारित करता है।

लोक कथा प्रक्रिया या समष्टि प्रक्रिया में संपूर्ण समाज या संपूर्ण लोक जीवन की भागीदारी होती है। लोक साहित्य की चेतना सर्वजन चेतना है। इसके विपरीत लोकप्रिय संस्कृति की रचना व्यावसायिक कलाकारों द्वारा होती है। हालांकि वे अपनी वस्तु,विचार और अभिव्यक्ति शिल्प लोक संस्कृति से ही प्राप्त करते हैं और उनके द्वारा लोगों को आकर्षित भी करते हैं। अधिक श्रोता और दर्शकों को पाने की होड़ में वे सेक्स, अपराध और दुस्साहसिक प्रवृत्तियों और प्रकृत जीवन को भी लोकप्रिय संस्कृति में समाविष्ट कर लेते हैं। अभिजात वर्ग विकसित देशों के जीवन की होड़ करता है तथा लोकप्रिय संस्कृति इस वर्ग की नकल करती है। लोक संस्कृति की प्राचीन परंपरा का विवेक, दर्शन और सहज ज्ञान तो लोकप्रिय संस्कृति में नहीं होता है,क्योंकि लोकप्रिय संस्कृति भोगवादी है। वह आध्यात्मिक प्रेरणा देने में असमर्थ है,उसमें आंतरिक प्रेरणा का स्रोत नहीं है। वह व्यक्ति स्वार्थ से प्रेरित है। आह और कराह के भी पैसे लिए जाते हैं। लोक संस्कृति में सभी दर्शक सभी पात्र स्वतः प्रेरित हैं। जबकि लोकप्रिय संस्कृति में कुछ किराए पर लाए गए पात्र स्टेज पर हैं,बाकी उस दृश्य के उपभोक्ता हैं।

लोकप्रिय साहित्य के अंग-उपांग लोकजीवन की नकल से बनते हैं, लोकजीवन से राग या लय ले ली, शैली ग्रहण कर ली,कहानी ले ली,लेकिन उसकी चेतना लोक चेतना नहीं होती,वह वर्ग या व्यक्तिचेतना होती है, उसमें लोकहित के आवरण में व्यक्ति या वर्ग स्वार्थ की चेतना होती है। उससे कमाई करना,दोहन और शोषण करना। उदाहरण के लिए लोकनृत्य गरबा को देखें, गरबा मूलतः एक आनुष्ठानिक लोकनृत्य है। गो ब्रजरमण लालजी की ब्रजयात्रा का अवसर था। गुजराती महिलाएं यात्रा कर रही थीं,मधुवन का पड़ाव था, यात्रा लौट करके जल्दी आ गई। संध्या के समय महिलाओं ने गरबा का आयोजन किया, कितना भक्तिभाव-विभोर नृत्य था, जैसे जसोदा का लाला उनके साथ मौजूद है। वे बार-बार भावों में उसकी बलैया लेती नाच रही थीं।

आज की व्यावसायिकता ने इस लोकनृत्य की पवित्रता को खत्म कर इसे एक 'डिस्को कल्चर' में बदल दिया। श्रद्धा का स्थान अब एक भोंडी लोकप्रियता ने ले लिया और अब वह एक युगल 'क्लब डांस' बन चुका है। लोकप्रिय गरबा ने मध्यम वर्ग व महिलाओं को इससे दूर कर दिया,इनकी जगह किशोर या युवा वर्ग आ गया है। डांडिया खेलने वालों में अधिकतर 18-25 वर्ष के लोग नजर आते हैं। सुना है कि अब उसमें शामिल होने की टिकट भी बेची जाती है। यही बात हम फिल्म के क्षेत्र में देख रहे हैं। लोक साहित्य और लोकप्रिय साहित्य में वही अंतर है,जो एक जमाने के राष्ट्रीय नेताओं की स्वतः स्फूर्त जनसभा और आज की रैली (जिसमें किराए की भीड़ जुटाई जाती है) में है।

# कौन संभालेगा बिजनेस

करोल बाग के अजमल खान पार्क में सुबह तीन दोस्त घूमने के बाद एक बैंच पर बैठे हैं। कायदे से लंबी सैर के बाद इन सबको खुश होना चाहिए,पर सबके चेहरे पर तनाव की लकीरों को पढ़ा जा सकता है। इन सबकी चिंता एक जैसी है। इनके बच्चे अपने फैमिली बिजनेस का हिस्सा नहीं बनना चाहते। वे कुछ हटकर करना चाहते हैं या करने ही लगे हैं। इस कारण से जमे-जमाए हुए बिजनेस पर संकट आ गया है। कुछ के बच्चे भारत से बाहर कनाडा, अमेरिका, दुबई या आस्ट्रेलिया में सेटेल हो गए हैं,जो बाहर चले गए हैं,वे वापस आने को तैयार नहीं हैं।

ये स्थिति सिर्फ करोल बाग में ही नहीं है। ये सारी दिल्ली में हो रहा है। दर्जनों बिजनेस करने वाले परिवारों के बच्चे अपने तरीके से जिंदगी जीना चाहते हैं। वे उसी लाइन पर चलने को राजी नहीं हैं,जो उनके बड़े-बुजुर्गों ने खींची है। लाजपत नगर सेंट्रल मार्केट और विकास मार्ग में अपने स्थापित कपड़ों और ज्यूलरी के शो-रूम चला रहे कई परिवार अब अन्य विकल्पों के बारे में सोच रहे हैं। एक विकल्प यह है कि वे अपने स्पेस को रेंट पर दे दें। कुछ समय पहले करोल बाग में एक पुराने स्थापित साउथ इंडियन रेस्तरां और ड्राई फ्रूट की दुकान को रेंट पर दे दिया गया है। इसकी वजह वही है। नई पीढ़ी अपने परिवार के बिजनेस को करने में दिलचस्पी नहीं ले रही।



विवेक शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार

दरअसल जिन्हें अपने परिवार के बिजनेस को संभालना चाहिए था,वे सुबह 10 बजे से रात के 9-10 बजे तक शो-रूम में बैठने को तैयार नहीं हैं। कनॉट प्लेस के एक प्रसिद्ध शूज शोरूम के मालिक जॉर्ज च्यू भी अपने शोरूम पर ताला लगाने के बारे में सोचने लगे थे जब उनका बड़ा बेटा कुछ साल पहले कनाडा सेटेल हो गया था। छोटे बेटे के पास आईआईटी, दिल्ली से बी.टेक की डिग्री लेने के बाद देश-दुनिया से नौकरियों के बहुत सारे शानदार प्रस्ताव थे। वह टॉपर टाइप था आईआईटी में। उसने पिता की चिंता को समझा और वह अपने शोरूम को देखने लगा जिसे उसके दादा ने 1937 में शुरू किया था। बिजनेसमैन नरेन भीखूराम जैन का परिवार दिल्ली में एक सदी से भी अधिक समय से बिजनेस कर रहा है। उन्हें हर दूसरे-तीसरे दिन उनका कोई जान-पहचान का व्यक्ति वही बात बताता है जिसकी वजह से न जाने कितने व्यापारियों की पेशानी से पसीना निकल रहा है। नरेन के पिता भीखूराम जैन दिल्ली से सांसद भी रहे थे। स्थिति यह हो चुकी है कि दशकों से जमा हुआ बिजनेस करने वाले कई परिवार भी अपने कारोबार के भविष्य को लेकर परेशान हैं। उनके कामकाज को आगे लेकर जाना वाला कोई नहीं है। हालांकि काम सही चल रहा है और मुनाफा कमाकर दे रहा है।

आज से करीब बीसेक साल पहले कनॉट प्लेस का मशहूर नरूलाज रेस्तरां बंद हो गया था। वह तब अपनी लोकप्रियता के पीक पर था। नरूलाज के पिज्जा, आइसक्रीम, चाइनीज फूड, पेस्ट्रीज, केक वगैरह के जायके लाजवाब होते थे। कनॉट प्लेस का 1933 में श्रीगणेश हुआ और उसके अगले ही साल 1934 में एल ब्लाक में लक्ष्मी चंद नरूला तथा मदन नरूला ने नरूलाज होटल शुरू कर दिया। नरूलाज में 1950 में 'चाइनीज रूम' नाम से चाइनीज रेस्तरां शुरू हुआ। इसे राजधानी का पहला चाइनीज रेस्तरां माना जाता है। इसके बंद होने की वजह थी कि नरूलाज के मालिकों के बच्चे भारत से बाहर सेटेल हो गए थे वे उम्र दराज होने लगे थे। आखिर में उन्होंने अपना सारा बिजनेस समेट लिया,पर अब तो नरूलाज जैसे हालात बहुत व्यापक स्तर पर पैदा हो रहे हैं। इसका क्या हल है,यह चिंता न जाने कितने कारोबारी परिवारों को खाए जा रही है।

# भाजपा के गढ़ में बसपा के बागी पर कांग्रेस का दांव

अनंत कृष्णन, मऊ


पूर्वांचल के वीआईपी जिलों की श्रेणी में आने वाले गोरखपुर जिले की बांसगांव सुरक्षित लोकसभा सीट पर चाय-पान की दुकानों में इस बार भी मुकाबला कांटे का ही होने की उम्मीद जताई जा रही है। यहां भाजपा ने तीन बार से लगातार जीत रहे कमलेश पासवान पर जहां पुनः भरोसा जताया है तो इंडिया गठबंधन की प्रमुख पार्टी कांग्रेस ने बसपा के बागी सदल प्रसाद पर दांव लगाया है। सदल प्रसाद 2004, 2014 और 2019 के चुनाव इस सीट पर हार चुके हैं। लेकिन 2014 व 19 में उनकी हार का अंतर कम रहा था। बसपा ने अभी इसी सीट पर अपने पत्ते नहीं खोले हैं।

**बांसगांव संसदीय सीट**


बांसगांव से भाजपा प्रत्याशी सांसद कमलेश पासवान को अपने विकास कार्यों और मोदी की गारंटी के साथ राम मंदिर से बने माहौल में आश्वस्त हैं कि वह जीत का चौका लगाने में कामयाब होंगे। कमलेश पासवान भाजपा के उन सांसदों में हैं, जिनकी संसद में उपस्थिति 75 प्रतिशत रही है। उन्होंने पिछले कार्यकाल में संसद में लिखित व मौखिक रूप से 150 से अधिक सवाल पूछे थे। उनके मुकाबले इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार चुनाव जीतने के लिए रात दिन एक कर रहे हैं। सदल प्रसाद को उम्मीद है कि इस बार उन्हें संसद में पहुंचने का रास्ता मिल जाएगा। हालांकि हर किसी की निगाह बसपा के हाथी की चाल पर लगी हुई है कि जातीय समीकरणों के लिहाज से वह किस करवट बैठेगा।

- जीत का चौका लगाने के लिए भाजपा प्रत्याशी सांसद कमलेश पासवान कर रहे जी तोड़ मेहनत
- लगातार दो बार से बसपा के टिकट पर लड़ रहे सदल प्रसाद इस बार कांग्रेस-सपा गठबंधन से दे रहे चुनौती

**75%** रही है संसद में कमलेश पासवान की उपस्थिति



**प्रमुख राजनीतिक दलों का वोट शेयर (प्रतिशत)**




कांग्रेस नेता महावीर प्रसाद यहां से चार बार चुने जा चुके सांसद, 1980, 84 और 89 के बाद 2004 में जीते

## किस विस में कितने मतदाता

- बांसगांव लोकसभा क्षेत्र में कुल मतदाताओं की संख्या 21,96,918 है। चौरी चौरा विधानसभा क्षेत्र में कुल मतदाता 3,55,437 हैं। पुरुष मतदाताओं की संख्या 1,91,459 और महिला मतदाताओं की संख्या 1,63,938 है। बांसगांव विधानसभा क्षेत्र में कुल मतदाता 3,79,709 है। इनमें पुरुष 2,07,012 और महिला 1,72,680 हैं। चिल्लूपार विधानसभा क्षेत्र में कुल मतदाता 4,36,617 हैं। इनमें पुरुष 2,34,961 और महिला मतदाता 2,01,650 हैं। रुद्रपुर विधानसभा क्षेत्र में कुल मतदाता 3,16,397 हैं। इनमें पुरुष 1,63,109 और महिलाएं 1,53,274 हैं। बरहज में कुल मतदाता 3,18,481 हैं। इनमें पुरुष मतदाता 1,64,338 और महिला मतदाता 1,54,132 हैं।

## बांसगांव सीट : जीत-हार का इतिहास

- बांसगांव सीट पर 1952 और 1962 के चुनाव में कांग्रेस को जीत मिली थी। इसके बाद यहां से संयुक्त सोशलिस्ट पार्टी ने जीत दर्ज की। 1971 में यह सीट पुन: कांग्रेस के खाते में आई लेकिन 1977 में जनता पार्टी की लहर में कांग्रेस को यह सीट गंवानी पड़ी थी।
- 1980 में चुनाव हुआ तो कांग्रेस के महावीर प्रसाद ने यहां जीत दर्ज की और वे लगातार तीन चुनाव जीतने में कामयाब हुए। इस सीट को कांग्रेस का गढ़ माना जाने लगा था। लेकिन 1991, 1996, 1998 और 1999 के चुनावों में कांग्रेस को यहां करारी हार झेलनी पड़ी।
- 2004 के लोकसभा चुनाव में शाइनिंग इंडिया का नारा फेल होने के बाद कांग्रेस के महावीर प्रसाद पुन: जीते। पर 2009 में यह सीट भाजपा के पास चली गई। कमलेश पासवान यहां से सांसद बने और लगातार जीत रहे हैं।



**13495** वोट पड़े थे नोटा में वर्ष 2014 के चुनाव में

**14093** नोटा को वोट 2019 के लोकसभा चुनाव में

**03** नंबर पर थे 2019 चुनाव में नोटा के मिले वोट

**17** प्रदेश की आरक्षित सीटों में यहीं भाजपा प्रत्याशी चौथी बार

### राम लहर में खुला भाजपा का खाता

- 1991 की राम लहर में यह सीट भाजपा के खाते में आई। 1996 में जब चुनाव हुआ तो समाजवादी पार्टी ने यहां से भाजपा के वर्तमान सांसद कमलेश पासवान की मां सुभावती पासवान को यहां से मैदान में उतारा और वह जीत गईं। तब सुभावती को सहानुभूति का लाभ मिला था क्योंकि उनके पति पूर्व विधायक ओमप्रकाश की हत्या हो गई थी। हालांकि 1998 और 1999 में यह सीट पुन: भाजपा के कब्जे में आई। सुभावती पासवान यहां से लगातार हारीं तो उन्होंने राजनीतिक विरासत पुत्र कमलेश पासवान को सौंप दी। 2009 के लोकसभा चुनाव से पहले कमलेश ने गोरक्षपीठ का रुख किया और भाजपा में शामिल होकर चुनाव लड़ा और ऐसा जीते कि तीन बार से जीत रहे हैं।



### सदल प्रसाद का अपना आधार



- कांग्रेस प्रत्याशी सदल प्रसाद का क्षेत्र में अपना मजबूत आधार है। उनकी बसपा के काडर वोट पर मजबूत पकड़ है। वे बसपा के परंपरागत मतदाताओं से लगातार संपर्क कर रहे हैं। सदल प्रसाद 2004 में महावीर प्रसाद से 16 हजार से अधिक वोटों से हारे थे। 2009 में प्रदेश सरकार में मंत्री होने के कारण सदल प्रसाद लोकसभा चुनाव नहीं लड़े थे। हालांकि उनकी मेहनत का ही परिणाम था कि बसपा यहां दूसरे और कांग्रेस के महावीर प्रसाद चौथे नंबर पर चले गए थे।

### बसपा का नहीं खुला खाता

- इस सीट पर बसपा का अभी तक खाता नहीं खुला है। पार्टी सदल प्रसाद के दम पर ही इस सीट को जीतने की लगातार कोशिश करती रही पर उसे सफलता नहीं मिली। अब देखना यह है कि पार्टी यहां किस चेहरे पर दांव लगाती है।



### पांचों विधानसभा में भाजपा के विधायक

बांसगांव लोकसभा क्षेत्र में गोरखपुर की चौरीचौरा, बांसगांव, चिल्लूपार और देवरिया जिले की रुद्रपुर और बरहज विधानसभा सीटें आती हैं। इस क्षेत्र में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का जबरदस्त प्रभाव है। उनकी कड़ी मेहनत और क्षेत्र के विकास की वजह से ही पार्टी के पास यहां पांचों विधानसभाओं में भाजपा के विधायक हैं।

### मोलहू प्रसाद का अनोखा प्रचार

बांसगांव लोकसभा सीट पर चुनाव प्रचार का एक अलग अंदाज 1967 के लोकसभा चुनाव में मोलहू प्रसाद ने दिखाया था। वह साइकिल पर सवार होकर खजड़ी बजाते, लोक गीत गाते हुए क्षेत्र में निकलते और लोगों से मिलते थे। मोलहू प्रसाद सांसद चुन लिए गए थे।

---

## राष्ट्रीय दलों का पंजाब के साथ हमेशा उपेक्षा भरा बर्ताव

**लुधियाना।** शिरोमणि अकाली दल (शिअद) के अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल ने राष्ट्रीय दलों पर हमला बोलते हुए कहा है कि वे पंजाब को ईस्ट इंडिया कंपनी के प्रांत जैसा मानते हैं और इसे 'हड़पना' चाहते हैं। उन्होंने राज्य में फ्लाईओवर, पुल, सीवरेज सिस्टम और सौंदर्यीकरण परियोजनाओं जैसे प्रमुख बुनियादी ढांचों पर बात करते हुए दावा किया कि ऐसे सभी काम शिअद कार्यकाल के दौरान हुए थे। बादल पंजाब के पूर्व मंत्री जगदीश सिंह गरचा के स्वागत समारोह में बोल रहे थे, जो चार साल के अंतराल के बाद गुरुवार को शिरोमणि अकाली दल (शिअद) में लौट आए। बादल ने कहा कि राष्ट्रीय दल पंजाब को ईस्ट इंडिया कंपनी के प्रांत के रूप में मानते हैं और राज्य के लोगों का दिल जीतने की कोशिश करने के बजाय इसे अपने कब्जे में लेना चाहते हैं। पूर्व उप मुख्यमंत्री ने कहा का शिअद के लिए पंजाब और पंजाबियों के हितों की रक्षा सर्वोपरि है। हम राष्ट्रीय पार्टियों की तरह पंजाब के मूल मुद्दों पर कभी समझौता नहीं कर सकते। कानून-व्यवस्था के मुद्दे को लेकर आप सरकार पर निशाना साधते हुए बादल ने कहा, एक बार शिरोमणि अकाली दल के सत्ता में लौटने पर कोई भी गैंगस्टर या उनके संरक्षक राज्य में नहीं रहेंगे। मादक पदार्थों के खतरे को खत्म करना उनकी पहली प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और आप के सात वर्षों के शासन के दौरान, विकास कार्यों में रुकावट का सामना करना पड़ा, नागरिक बुनियादी ढांचा तक बदहाल है। बादल ने यह भी कहा कि आप और कांग्रेस पंजाब में 'छद्म युद्ध' में शामिल हैं। उन्होंने कहा कि ये दोनों पार्टियां केंद्र में गठबंधन में हैं और मुख्यमंत्री भगवंत मान ने हाल ही में दिल्ली में कांग्रेस नेतृत्व के साथ मंच भी साझा किया था। लेकिन दोनों पार्टियां पंजाब में लोगों को गुमराह कर रही हैं।



सुखबीर सिंह बादल




**सबका ख्याल** नागपुर में लोकसभा चुनाव प्रचार के लिए एक दुकान पर विभिन्न राजनीतिक दलों से संबंधित प्रचार सामग्री को तैयार करने में जुटा कारोबारी।

## संजय निरुपम नवरात्र में करेंगे खुलासा

**मुंबई।** कांग्रेस ने वरिष्ठ नेता संजय निरुपम को अनुशासनहीनता में निष्कासित कर दिया है, हालांकि निरुपम का दावा है कि वह पार्टी से पहले ही इस्तीफा दे चुके थे। अब संजय निरुपम ने साफ कर दिया है कि वह इस बार भी लोकसभा का चुनाव लड़ेंगे और उत्तर पश्चिम मुंबई लोकसभा सीट से ही लड़ेंगे। वह निर्दलीय उम्मीदवार के लिए रूप में नहीं, बल्कि किसी पार्टी के टिकट पर उतरेंगे। इसके लिए सभी को नवरात्र तक इंतजार करना चाहिए। अभी तक के संकेतों में वह भाजपा या उसके किसी सहयोगी दल में जा सकते हैं। संजय निरुपम ने गुरुवार को कहा था कि महाराष्ट्र में मुंबई की उत्तर पश्चिम सीट से खिचड़ी चोर अमोल कीर्तिकर को उम्मीदवार बनाया है। महा विकास अघाड़ी के इस प्रत्याशी को वह कभी स्वीकार नहीं करेंगे।

## भाजपा की हैट्रिक रोक पाएगी कांग्रेस!

महेश शर्मा

**गाजियाबाद।** दिल्ली की करवट में बसे गाजियाबाद लोकसभा क्षेत्र में नामांकन प्रक्रिया पूरी होने के साथ ही चुनाव प्रचार ने जोर पकड़ना शुरू दिया है। यहां से वर्तमान सांसद जनरल (रि) वीके सिंह की जगह भाजपा ने हापुड़ के अतुल गर्ग को मैदान में उतारा है। उनके प्रचार अभियान को धार देने के लिए गाजियाबाद लोकसभा क्षेत्र के प्रभारी कानपुर के एमएलसी मानवेंद्र सिंह प्रवास कर रहे हैं। पीएम नरेंद्र मोदी शनिवार को रोड शो करके यहां मतदाताओं को रिझाएंगे। दूसरी तरफ सपा समर्थित कांग्रेस की डॉली शर्मा मैदान में हैं। हालांकि यहां बसपा का भी प्रत्याशी है, लेकिन शुरुआती तस्वीर में भाजपा और कांग्रेस के बीच सीधी लड़ाई नजर आ रही है।

परिसीमन के बाद बनी गाजियाबाद लोकसभा सीट पर पहला चुनाव 2009 में हुआ था। भाजपा अध्यक्ष रहे रक्षामंत्री राजनाथ सिंह यहां से विजयी हुए थे। हालांकि वह 2014 में लखनऊ से लड़ने चले गए थे। इस पर पार्टी ने यहां से पूर्व सेनाध्यक्ष जनरल (रि) को उतारा। वह चुनाव जीतकर लोकसभा पहुंचे। गाजियाबाद 23 लाख मतदाताओं के कारण देश के बड़े लोकसभा क्षेत्रों में शामिल है। इसमें लोनी, मुरादनगर, साहिबाबाद, गाजियाबाद और धौलाना विधानसभा क्षेत्र आते हैं। यह क्षेत्र अब भाजपा की परंपरागत सीट बन चुका है। पिछले चुनाव में भाजपा प्रत्याशी ने 9,44,503 वोट पाकर करीब पांच लाख मतों से सीट जीती थी। सपा-बसपा के प्रत्याशी सुरेश बंसल को 4.43 लाख मत ही मिले थे। 2014 में भी जनरल वीके सिंह जीते थे, तब कांग्रेस के राज बब्बर को 1.91 लाख ही वोट मिले थे। इस बार भाजपा प्रत्याशी अतुल गर्ग हापुड़ के हैं। हरियाणा के भिवानी के रहने वाले जनरल वीके सिंह (रि) दो बार तो परिसीमन से पहले आगरा निवासी डा.रमेश चंद्र तोमर चार बार सांसद चुने गए। गाजियाबाद को पूर्व सीएम एनडी तिवारी ने नेहरू जयंती पर 14 नवंबर 1976 को जिला घोषित किया था। कांग्रेस प्रत्याशी डॉली शर्मा इसे उपलब्धि बताती हैं। 2019 के चुनाव में वह 1.12 लाख वोट पाकर तीसरे नंबर पर रही थीं।

इस लोकसभा क्षेत्र में सात बार भाजपा, पांच बार कांग्रेस का कब्जा रहा। 1952 में यह हापुड़ लोकसभा क्षेत्र का हिस्सा था। कृष्णचंद शर्मा, प्रकाशवीर शास्त्री, बीपी मौर्य, कुंअर महसूद अली, केसी त्यागी जैसे दिग्गजों ने यहां से लोकसभा का प्रतिनिधित्व किया है। 72 फीसदी हिंदू आबादी के कारण यहां हिंदुत्व की लहर का खासा असर रहता है। गाजियाबाद मे छह लाख ब्राह्मण, तीन-तीन लाख वैश्य और जाटव हैं। ढाई लाख राजपूत व ठाकुर और दो लाख जाट मतदाता हैं। बसपा जाटव व मुसलमान वोटरों पर असर डालती है तो यह लड़ाई त्रिकोणात्मक भी हो सकती है।

### गाजियाबाद में मोदी के रोड शो के लिए उत्साह

गाजियाबाद। लोकसभा क्षेत्र प्रभारी एमएलसी मानवेंद्र सिंह ने इस वीआईपी सीट पर विजय का समीकरण बनाने को डेरा डाले हैं। संगठन ने उन्हें बड़ी जिम्मेदारी दी है। शुक्रवार को उन्होंने स्थानीय पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करके प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रोड शो की तैयारी पर चर्चा की और रोड शो की सफलता के लिए दायित्व सौंपें। मानवेंद्र का कहना है कि मोदी के रोड शो के लिए मतदाताओं में भारी उत्साह है। पार्टी पिछली बार से बड़ी जीत हासिल करेगी।

- **मतदाताओं को रिझाने के लिए पीएम मोदी आज करेंगे रोड शो**
- **पिछले चुनाव में भाजपा यहां करीब पांच लाख वोटों से जीती थी**

---

**वोट की पहचान** कर्नाटक सरकार का उपक्रम मैसूर पेंट्स एंड वार्निश लिमिटेड ही यह स्याही बनाता, कंपनी ने उत्तर प्रदेश को मांग के मुताबिक अमिट स्याही की कर दी आपूर्ति

## प्रदेश में मतदान के लिए लगेंगी अमिट स्याही की 3 .58 लाख शीशियां

मनोज त्रिपाठी

**कानपुर।** देश में किसी मतदाता ने चुनाव में वोट दिया है, इसकी एक ही निशानी होती है, अंगुली पर लगी नीली-बैंगनी रंग की अमिट स्याही। लोग स्याही लगी अपनी अंगुली की तस्वीर व्हाट्सएप, फेसबुक, ट्विटर और इंस्टाग्राम पर पोस्ट करते हैं। इस बार लोकसभा चुनाव के लिए उत्तर प्रदेश को अमिट स्याही की सबसे बड़ी खेप की आपूर्ति की गयी है। कर्नाटक सरकार के उपक्रम मैसूर पेंट्स एंड वार्निश लिमिटेड (एमपीवीएल) के पास सबसे बड़ा ऑर्डर उत्तर प्रदेश से ही था। उसने राज्य को स्याही की 3.58 लाख शीशियां भेजी हैं, जबकि सबसे कम लक्षद्वीप को अमिट स्याही की 110 शीशियों की आपूर्ति की गई है।

चुनाव में अमिट स्याही के जरिए यह सुनिश्चित किया जाता है कि कोई भी मतदाता दो बार वोट न करने पाए। धोखाधड़ी और कई बार की वोटिंग से बचने में इस स्याही की महत्वपूर्ण भूमिका है।

चुनाव आयोग मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जागरूकता और प्रचार अभियान में अमिट स्याही लगी अंगुली को प्रमुखता से प्रदर्शित करता है। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में आयोग ने अमिट स्याही की 26 लाख शीशियां खरीदी थीं, जिस पर 33 करोड़ रुपये खर्च आया था।

इस बार आयोग ने करीब 55 करोड़ रुपये से 26.55 लाख स्याही की शीशियां खरीदी हैं। यह स्याही देश में सिर्फ एक ही कंपनी कर्नाटक सरकार के उपक्रम मैसूर पेंट्स एंड वार्निश लिमिटेड (एमपीवीएल) द्वारा बनाई जाती है। कंपनी ने लोकसभा चुनाव के लिए देश के विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को अमिट स्याही की शीशियों की आपूर्ति कर दी है। कंपनी वर्ष 1962 से केवल निर्वाचन आयोग के लिए अमिट स्याही का निर्माण कर रहा है। मैसूर पेंट्स एंड वार्निश लिमिटेड की वर्ष 1937 में स्थापना हुई थी। मैसूर के महाराजा कृष्णराजा वडयार ने इसकी शुरुआत की थी। लेकिन कंपनी तरक्की की राह पर तब आगे बढ़ी जब चुनाव आयोग ने केंद्रीय कानून मंत्रालय, राष्ट्रीय भौतिक प्रयोगशाला और राष्ट्रीय अनुसंधान विकास निगम (एनआरडीसी) के सहयोग से चुनावों के लिए इस स्याही की आपूर्ति पर कंपनी के साथ समझौते पर हस्ताक्षर किए।

1962 के चुनाव में इस स्याही को चुनाव में शामिल कराने का श्रेय देश के पहले मुख्य चुनाव आयुक्त सुकुमार सेन को जाता है। तब से लगातार इस स्याही का प्रयोग हो रहा है, और चुनाव आयोग इसके दूसरे विकल्प को नहीं तलाश पाया है।



**1962** से किया जा रहा इस्तेमाल चुनाव आयोग दूसरा विकल्प नहीं तलाश पाया

**26.55** लाख स्याही की शीशियां आयोग ने इस बार लोकसभा चुनाव के लिए खरीदी हैं

- 26 लाख अमिट स्याही की शीशियां 2019 के लोकसभा चुनाव में आयोग ने खरीदी थीं
- 33 करोड़ रुपये अमिट स्याही पर 2019 में खर्च आया था
- 55 करोड़ रुपये 2024 के चुनाव में अमिट स्याही पर आया खर्च

### सिल्वर नाइट्रेट केमिकल का होता इस्तेमाल

- अमिट स्याही को बनाने में सिल्वर नाइट्रेट केमिकल का इस्तेमाल किया जाता है। इसके कारण एक बार त्वचा के किसी भी हिस्से पर स्याही लगने के बाद उसे कम से कम 72 घंटे तक त्वचा से हटाया नहीं जा सकता। सिल्वर नाइट्रेट पानी के संपर्क में आने पर काला हो जाता है। सिल्वर नाइट्रेट हमारे शरीर में मौजूद नमक के साथ मिलकर सिल्वर क्लोराइड बनाता है। सिल्वर क्लोराइड पानी में नहीं घुलता और त्वचा से जुड़ा रहता है। इसे साबुन से नहीं धोया जा सकता। एक बार लगाने के बाद यह तब खत्म होता है जब त्वचा की कोशिकाएं पुरानी हो जाती हैं और निकलने लगती हैं।

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**–शिवालिक 1010 फ्लैग 1115 डीएमओ 890 बोल्ड 1180, **सम्भल-चन्दौसी**–शिवालिक 995 फ्लैग 1110 बोल्ड 1160 डीएमओ 880।

## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन**–तुलसी 1880, राज श्री 1370, फॉर्चून कि. 1810, रविन्द्रा 1835, फॉर्चुन ली0 1660, जय जवान 1465, सचिन 1620, सूरज 1490, अवसर 1670, राग गोल्ड 1710, गृहणी 1620, क्लासिक (किलो) 1745, मोर 1610, चक्र टिन 1695, ब्लू 1740, आशीर्वाद मस्टर्ड 1760, स्वास्तिक 1850, **किराना (प्रति कु.)**–हल्दी निजामाबाद 17500, जीरा 40000, लाल मिर्च 20000-24000, धनिया 9000-11000, अजवायान 16000-24000, मेथी 8600, सौंफ 12000-18000, सोंठ 45000, (प्रति कि.) लौंग 920-1000, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140-180, मखाना 650-950, **चावल (प्रति कु.)**–डबल चाबी सेला 10200, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, डायमंड मंसूरी 4300, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9500, राजभोग 7350, हरी पत्ती (1 किलो, 5 किलो) 10600, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4250, खजाना 425, **दाल दलहन**–मूंग दाल इंदौर 11500, मूंग धोवा काला क्राउन 11100, राजमा चित्रा 13200-14100, राजमा भूटान नया 11500, मलका काली 6750-7100 मलका दाल 7150-7700, मलका छाँटी 7350, दाल उड़द बिलासपुर 9800-10500, मसूर दाल छोटी 9000-9600, दाल उड़द दिल्ली 12000, उड़द साबुत दिल्ली 11800, उड़द धोवा इंदौर 13500, उड़द धोवा 11500-12100, दाल चना 7150, लाल हिंदुस्तान 7250, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 8100, चना अकोला 8200, डबरा 9000-11500, सच्चा हीरा 10700, मोटा हीरा 11800, अरहर गोला मोटा 13100, अरहर पटका मोटा 13400, अरहर कोरा मोटा 13900, अरहर पटका छोटा 13900-14300, अरहर कोरी छोटी 15300, **चीनी**–डालमियां 4020, पीलीभीत 3980, नवाबगंज (नई) 3970, बहेड़ी (नई) 3980 रुपये।

# विदेशी मुद्रा भंडार सर्वकालिक उच्चस्तर पर

## आरबीआई के मुताबिक, 2.95 अरब डॉलर बढ़कर 645.58 अरब डॉलर पहुंच गया

मुंबई, एजेंसी



देश का विदेशी मुद्रा भंडार 29 मार्च को समाप्त सप्ताह में 2.95 अरब डॉलर से अधिक बढ़कर 645.58 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया। भारतीय रिजर्व बैंक ने यह जानकारी दी है।

यह लगातार छठा सप्ताह है, जब विदेशी मुद्रा भंडार में बढ़ोतरी हुई है। इससे एक सप्ताह पहले देश का कुल विदेशी मुद्रा भंडार 14 करोड़ डॉलर बढ़कर 642.63 अरब डॉलर हो गया था। सितंबर, 2021 में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 642.45 अरब डॉलर के उच्चस्तर पर पहुंच गया था। लेकिन वैश्विक गतिविधियों के कारण उत्पन्न दबावों के बीच केंद्रीय बैंक ने रुपये की गिरावट को थामने के लिए पूंजी भंडार का उपयोग किया, जिससे मुद्रा भंडार में थोड़ी कमी आई थी।

रिजर्व बैंक के आंकड़ों के मुताबिक, 29 मार्च को समाप्त सप्ताह में मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा मानी जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियां 2.35 अरब डॉलर बढ़कर 570.61 अरब डॉलर हो गईं। डॉलर के संदर्भ में उल्लिखित विदेशी मुद्रा आस्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं की घट-बढ़ का प्रभाव शामिल होता है। रिजर्व बैंक ने कहा कि समीक्षाधीन सप्ताह के दौरान स्वर्ण आरक्षित भंडार का मूल्य 67.3 करोड़ डॉलर बढ़कर 52.16 अरब डॉलर हो गया। रिजर्व बैंक ने कहा कि विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 7.3 करोड़ डॉलर घटकर 18.14 अरब डॉलर रह गया। रिजर्व बैंक के मुताबिक, अंतर्राष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) के पास भारत की आरक्षित जमा भी 20 लाख डॉलर घटकर 4.66 अरब डॉलर रह गई।

### यूरोपीय, लातिनी अमेरिकी देशों को निर्यात में वृद्धि

**नई दिल्ली।** भारतीय निर्यातकों ने 2023 में यूरोपीय और लातिनी अमेरिकी देशों को निर्यात में अच्छी वृद्धि दर्ज की। इस दौरान रोमानिया, मोंटेनेग्रो, ऑस्ट्रिया और ग्वाटेमाला में खासतौर से भारतीय उत्पादों की मांग बढ़ी। वाणिज्य मंत्रालय के एक अधिकारी ने यह जानकारी देते हुए कहा कि जीवनयापन की ऊंची लागत, कमजोर बाहरी मांग और मौद्रिक सख्ती के कारण यूरोपीय संघ और ब्रिटेन जैसे बड़े बाजारों में प्रतिकूल परिस्थितियों का सामना करना पड़ रहा है। इसके बावजूद 2023 में यूरोपीय संघ को भारत का वस्तुओं का निर्यात 2.1 प्रतिशत बढ़ गया। अधिकारी ने कहा–2023 में वैश्विक चुनौतियों के बावजूद भारत के वस्तु निर्यात में अच्छी वृद्धि हुई। इस दौरान रोमानिया, चेक गणराज्य, मोंटेनेग्रो, फिनलैंड, नीदरलैंड, पुर्तगाल, लक्जमबर्ग, आइसलैंड, आयरलैंड और ऑस्ट्रिया जैसे यूरोपीय देशों को भारत के निर्यात में स्वस्थ वृद्धि हुई। अधिकारी ने कहा कि ये रुझान यूरोप में मौजूदा अनिश्चितताओं और मंदी के बावजूद भारत के व्यापार में जुझारूपन को दर्शाते हैं। इसी तरह, 2023 में लातिनी अमेरिकी देशों में क्यूबा, उरुग्वे, पैराग्वे, गुयाना, पेरू, मेक्सिको और ग्वाटेमाला को भारत के निर्यात में उच्च वृद्धि दर्ज की गई।

### ई-गेमिंग से संबंधित दायर याचिकाएं न्यायालय ने अपने पास हस्तांतरित की


**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने ई-गेमिंग कंपनियों पर 28 प्रतिशत वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) लगाए जाने के विरुद्ध नौ उच्च न्यायालयों में दाखिल 27 याचिकाओं पर प्रामाणिक निर्णय संबंधी केंद्र की याचिका शुक्रवार को स्वीकार कर ली तथा सभी याचिकाएं अपने पास हस्तांतरित कर ली।

प्रधान न्यायाधीश डी.वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे. बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने केंद्र की याचिका मंजूर करते हुए उसे ऑनलाइन गेमिंग कंपनियों की लंबित याचिकाओं पर 20 अप्रैल तक जवाब दाखिल करने को कहा है। पीठ ने एक नोडल अधिवक्ता को भी नियुक्त किया है, जो मामले में रिकॉर्ड एकत्र करेगा। अब इन याचिकाओं पर मई के पहले सप्ताह में सुनवाई होगी।

# भारत 2025 के अंत तक यूरिया का आयात बंद कर देगा: मांडविया

नई दिल्ली, एजेंसी

- केंद्रीय मंत्री बोले-वैकल्पिक उर्वरकों को बढ़ावा देने पर है जोर



रसायन व उर्वरक मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा है कि भारत 2025 के अंत तक यूरिया का आयात बंद कर देगा। उन्होंने कहा कि घरेलू विनिर्माण पर बड़े पैमाने पर जोर देने से आपूर्ति और मांग के बीच अंतर को पाटने में मदद मिली है। मांडविया ने कहा कि भारतीय कृषि के लिए उर्वरकों की उपलब्धता बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि देश पिछले 60-65 साल से फसल उत्पादन बढ़ाने के लिए रासायनिक उर्वरकों का इस्तेमाल कर रहा है। अब सरकार नैनो लिक्विड यूरिया और नैनो लिक्विड डाइ-अमोनियम फॉस्फेट (डीएपी) जैसे वैकल्पिक उर्वरकों को बढ़ावा देने के प्रयास कर रही है।

मंत्री ने कहा-वैकल्पिक उर्वरकों का उपयोग फसल और मिट्टी की गुणवत्ता के लिए अच्छा है। हम इसे बढ़ावा दे रहे हैं। यूरिया उत्पादन में आत्मनिर्भरता हासिल करने के बारे में पूछे जाने पर मांडविया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नीत सरकार ने यूरिया आयात पर निर्भरता खत्म करने के लिए दोतरफा रणनीति अपनाई है। मंत्री ने बताया सरकार ने चार बंद यूरिया संयंत्रों को फिर शुरू किया है और एक अन्य कारखाने को वापस चालू करने का काम जारी है।

## सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चॉंदी 999 (प्रति किलो) | 81,350 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 71,700 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 53,400-53,600 |

**लखनऊ**

| | |
|---|---|
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 71,100 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 69,950 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 78,500 |
| चांदी तैयार | 78,600 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |

**बरेली**

| | |
|---|---|
| सोना जेवरात पक्के | 69,500 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 68,500 |
| चांदी पक्की | 770 (अनुमानित) |

**मुरादाबाद**

| | |
|---|---|
| सोना 24 कैरेट | 69,350 |
| चांदी आभूषण | 78,100। |

## हल्द्वानी मंडी

**चावल**–शरबती 60-75 मसूरी 45-65 बासमती 105, **दाल दलहन**–काला चना 70-75 साबुत चना दाल 74 मूंग साबुत 115 राजमा 120 दाल उड़द 115 साबुत मसूर दाल 73 मसूर दाल 85 उड़द साबुत 117 काबुली चना 98-120 अरहर दाल 135-160 लोबिया/करमानी 104 सोयाबीन 48-60 मूंगफली 75 मटर (सूखी) 65 मक्का 18 रुपये।

## मुरादाबाद मंडी

**दालों का भाव**–दाल चना : 75 से 76 रुपये मसूर : 88 से 90 रुपये मलका : 82 से 85 रुपये अरहर : 118 से 125 रुपये उड़द : 95 से 101 रुपये धोआ उड़द : 110 से 120 रुपये मूंग धोआ : 104-106 मूंग छिलका : 102 रुपये मूंग साबुत : 100 रुपये चना देसी : 80 चना कावली : 145 से 160 राजमा लाल : 155 राजमा चित्ता : 145 लोबिया लाल 94 रुपये लोबिया सफेद 98 रुपये।

# आयुर्वेद उत्पाद बाजार 2027-28 तक 1.2 लाख करोड़ तक पहुंचने का अनुमान

नई दिल्ली, एजेंसी

- आयुर्वेद प्रौद्योगिकी स्टार्टअप ने जारी किए आंकड़े

भारत का आयुर्वेद उत्पादों का बाजार वित्त वर्ष 2027-28 तक 16.27 अरब डॉलर यानी 1.2 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचने का अनुमान है। एक अध्ययन रिपोर्ट में यह अनुमान जताया गया है।

आयुर्वेद प्रौद्योगिकी स्टार्टअप निरोगस्ट्रीट ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में प्राकृतिक एवं हर्बल उपचार की बढ़ती मांग, आयुर्वेदिक चिकित्सकों की संख्या बढ़ने, सरकारी पहल और नए उद्यमियों के आने से आयुर्वेद उत्पाद बाजार तेजी से बढ़ रहा है। फिलहाल इसका बाजार सात अरब डॉलर यानी 57,450 करोड़ रुपये है। निरोगस्ट्रीट ने एक सर्वेक्षण का हवाला देते हुए कहा कि भारत में आयुर्वेद उत्पाद बाजार वित्त वर्ष 2027-28 तक 1,20,660 करोड़ रुपये (16.27 अरब डॉलर) तक पहुंच जाने की उम्मीद है। सर्वेक्षण के मुताबिक, आयुर्वेदिक उत्पादों एवं सेवाओं का समग्र बाजार वित्त वर्ष 2022-23 से वित्त वर्ष 2027-28 तक 15 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि से बढ़ने का अनुमान है।

# केंद्रीय बैंक डिजिटल मुद्रा लेन-देन में आई कमी : शंकर

मुंबई, एजेंसी

- भारतीय रिजर्व बैंक के डिप्टी गवर्नर ने दी जानकारी



भारतीय रिजर्व बैंक के डिप्टी गवर्नर टी रबी शंकर ने शुक्रवार को कहा कि केंद्रीय बैंक डिजिटल मुद्रा (सीबीडीसी) लेन-देन संख्या दिसंबर 2023 में 10 लाख पार कर गई लेकिन उसके बाद इसमें कमी आई है। शंकर ने कहा कि प्रायोगिक आधार पर एक दिसंबर 2022 को सीबीडीसी पेश किये जाने के बाद से लेन-देन की कुल संख्या 2.2 करोड़ तक पहुंच गई है। इसमें प्रतिभागियों की संख्या 50 लाख हो गई है।

उन्होंने कहा-संख्या पहले जैसी नहीं रही है, उसमें कमी आई है। एक दिन में 10 लाख का लक्ष्य लोकप्रिय यूपीआई (यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस) मंच के साथ जोड़े जाने जैसे उपायों के कारण पहले ही पूरा कर लिया गया था। एक खबर के अनुसार बैंकों ने दिसंबर में डिजिटल रुपये का उपयोग कर कर्मचारी लाभ वितरित किये। इससे भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) को 10 लाख दैनिक लेनदेन के लक्ष्य को पूरा करने में मदद मिली। शंकर ने कहा कि अभी सीबीडीसी में 46 लाख उपयोगकर्ता और चार लाख कारोबारी लेनदेन कर रहे हैं। जैसे-जैसे सीबीडीसी की स्वीकार्यता बढ़ रही है, व्यक्तियों और कारोबारियों के बीच (पी2एम) होने वाले लेनदेन में वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा-अधिक कारोबारियों के आने के साथ संख्या पी2पी (कारोबारियों के बीच) से पी2एम की ओर स्थानांतरित हो रही है। शंकर ने यह भी कहा कि सीबीडीसी पर एक सुविधा शुक्रवार को शुरू हुई। विशेष रूप से तैयार इस सुविधा के तहत एक किसान को कृषि कच्चा माल खरीदने के लिए धन हस्तांतरित किए गए।

## राष्ट्रीय

## एक नजर

### वडोदरा में 22 लाख रु. के एमडी ड्रग्स के साथ एक व्यक्ति गिरफ्तार

**वडोदरा।** गुजरात में वडोदरा शहर के कुंभारवाडा क्षेत्र में विशेष अभियान ग्रुप (एसओजी) की टीम ने 22 लाख रुपये से अधिक कीमत के मादक पदार्थ एमडी (मेफेड्रोन) के साथ एक व्यक्ति को शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि सूचना के आधार पर हाथीखाना इलाके में खत्रीवाड के नाके अताए नसीर बिल्डिंग की तीसरी मंजिल निवासी गुलामहैदर र. शेख के घर पर छापा मारा गया। इस दौरान मौके से 22,11,300 रुपये कीमत का 221.13 ग्राम एमडी ड्रग्स, 4500 रुपये नकद, 5500 रुपये कीमत के दो मोबाइल फोन तथा अन्य सामान जब्त करके उसे पकड़ लिया गया। पुलिस ने मामला दर्ज करके आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है।

### दो इनामी नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

**सुकमा/बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बस्तर क्षेत्र में एक महिला नक्सली समेत दो इनामी नक्सलियों ने सुरक्षाबलों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया तथा सुरक्षाबलों ने दो उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि सुकमा जिले में आठ–आठ लाख रुपए के इनामी दो नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर दिया है तथा बीजापुर जिले में सुरक्षाबलों ने दो नक्सलियों को गिरफ्तार किया है।

# हमारा काम तो एक ट्रेलर, अभी बहुत कुछ करना है

## राजस्थान की चुनावी रैली में विपक्षी दलों के गठबंधन पर प्रधानमंत्री मोदी का कटाक्ष

जयपुर, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दस साल में किए गए अपने काम को महज एक ट्रेलर (नमूना) और मुख्य भोजन से पहले परोसे जाने वाला ऐपेटाइजर बताते हुए कहा कि अभी तो पूरी थाली बाकी है और हमें देश को बहुत आगे लेकर जाना है। विपक्षी दलों के गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) पर निशाना साधते हुए मोदी ने कहा कि वे सिर्फ अपना हित देखते हैं, उन्हें गरीब, दलित, शोषित-वंचित वर्ग के कल्याण से, उनके सम्मान से कोई मतलब नहीं है। उन्होंने कहा कि सेनाओं का अपमान और देश का विभाजन कांग्रेस की पहचान है। भारतीय सेना की ओर से की गई एयर एवं सर्जिकल स्ट्राइक की ओर इशारा करते हुए मोदी ने कहा-ये नया भारत है। ये नया भारत घर में घुसकर मारता है।



राजस्थान के चुरु जिले में लोकसभा चुनाव से पहले एक सार्वजनिक बैठक के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। • एजेंसी

मोदी चुरू में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने केंद्र में अपनी सरकार के दस साल के कार्यकाल की तुलना रेस्टोरेंट में मुख्य भोजन से पहले परोसे जाने वाले 'ऐपेटाइजर' और फिल्म के ट्रेलर से की। उन्होंने कहा-जीवन के हर पड़ाव पर भाजपा सरकार गरीब के साथ खड़ी है।

### नया भारत तो घर में घुसकर मारता है: मोदी

उन्होंने कहा-आज दुश्मन को भी पता है कि यह मोदी है, यह नया भारत है। यह नया भारत घर में घुसकर मारता है। मोदी ने कहा कि 2014 में जब भाजपा केंद्र में सत्ता में आई तो देश खस्ता हालत था। उन्होंने कहा-हम जो ठान लेते हैं वो पूरा करके दिखाते हैं। पिछले 10 साल में आपने देश को बदलते हुए देखा है। आप याद करिए कांग्रेस के शासन में 10 साल पहले देश कितनी खस्ता हालत में था।

### भाजपा कार्यकर्ता की मौत की जांच एनआईए को सौंपने का निर्देश

**कोलकाता।** कलकत्ता उच्च न्यायालय ने केंद्र सरकार को पश्चिम बंगाल में वर्ष 2023 के पंचायत चुनाव से पहले हुई हिंसा में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के एक कार्यकर्ता की मौत की जांच राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) को सौंपने का शुक्रवार को निर्देश दिया।

मृतक बिजय कृष्ण मोहंती के बेटे प्रसेनजीत ने एक याचिका दायर करके राज्य पुलिस से जांच को एनआईए को हस्तांतरित करने का अनुरोध किया है। प्रसेनजीत ने याचिका में कहा है कि पूर्वी मिदनापुर जिले के मोयना इलाके में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) समर्थकों ने उनके भाजपा कार्यकर्ता पिता पर बम और अन्य हथियारों से हमला कर दिया, जिससे उनकी मौत हो गई।

# केजरीवाल को जेल भेजने के पीछे गहरी साजिश : संजय सिंह

नई दिल्ली, एजेंसी

- जेल से बाहर आने के बाद आप के राज्यसभा सांसद ने किया दावा



आम आदमी पार्टी (आप) के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने शुक्रवार को दावा किया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेताओं ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को आबकारी नीति मामले में जेल की सलाखों के पीछे डालने की साजिश रची।

सिंह ने जेल से बाहर आने के दो दिन बाद संवाददाताओं को संबोधित करते हुए भाजपा पर केजरीवाल के खिलाफ गलत बयान देने के लिए मगुंटा राघव रेड्डी पर दबाव बनाने का भी आरोप लगाया। रेड्डी दिल्ली आबकारी नीति मामले में आरोपी से सरकारी गवाह बने हैं। दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल को 21 मार्च को आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन के मामले में गिरफ्तार किया गया है। सिंह ने कहा कि राघव रेड्डी के पिता, वाईएसआर कांग्रेस पार्टी के लोकसभा सांसद मगुंटा श्रीनिवासुलु रेड्डी के खिलाफ 16 सितंबर, 2022 को कार्रवाई की गई थी। सिंह को भी आबकारी नीति मामले के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया था। सिंह ने आरोप लगाया, उन पर केजरीवाल के खिलाफ गलत बयान देने के लिए दबाव डाला गया लेकिन जब उन्होंने इनकार कर दिया तो उनके बेटे राघव रेड्डी को गिरफ्तार कर लिया गया।

# भाजपा नेता की याचिका पर यूट्यूब चैनल सोशल मीडिया हैंडल को नोटिस जारी

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने भाजपा नेता एवं वरिष्ठ अधिवक्ता गौरव भाटिया से नोएडा की एक अदालत में हुई बदसलूकी की घटना के संबंध में उनके खिलाफ मानहानिकारक टिप्पणियों को लेकर कई यूट्यूब चैनल और सोशल मीडिया हैंडल को नोटिस जारी किया। न्यायमूर्ति नीना बंसल कृष्णा ने मामले में अन्य पक्षों को सुने बिना आदेश पारित करने से इनकार कर दिया। उच्च न्यायालय ने आपत्तिजनक सामग्री को हटाने के लिए अंतरिम राहत की याचिका पर 13 प्रतिवादी यूट्यूब चैनल और 'एक्स' हैंडल को नोटिस जारी किया। अदालत ने मानहानि मुकदमे पर समन जारी किया और मामले को आठ अप्रैल को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध कर दिया। उच्च न्यायालय ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) और गूगल को भी नोटिस जारी किया।

# न्यायालय ने शोमा कांति सेन को दी जमानत

नई दिल्ली, एजेंसी

**एल्गार परिषद-माओवादी संबंध मामला**

उच्चतम न्यायालय ने एल्गार परिषद-माओवादी संबंध मामले में जून 2018 में गिरफ्तार महिला अधिकार कार्यकर्ता शोमा कांति सेन को शुक्रवार को जमानत दे दी। न्यायमूर्ति अनिरुद्ध बोस और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने निर्देश दिया कि उन्हें ऐसी शर्तों पर जमानत पर रिहा किया जाए, जिन्हें विशेष अदालत उपयुक्त और उचित समझे। पीठ ने कहा कि जमानत की शर्तों में यह शामिल होगा कि सेन विशेष अदालत की अनुमति के बिना महाराष्ट्र नहीं छोड़ेंगी।

पीठ ने आदेश सुनाते हुए कहा-अपीलकर्ता (सेन) को एनआईए (राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण) के जांच अधिकारी को उस पते के बारे में सूचित करना होगा, जहां वह जमानत पर रहने के दौरान निवास करेंगी। इसने कहा कि सेन जमानत पर रहने के दौरान केवल एक मोबाइल फोन नंबर का उपयोग करेंगी और इसे जांच अधिकारी के साथ साझा करेंगी। पीठ ने कहा, अपीलकर्ता को यह भी सुनिश्चित करना होगा कि मोबाइल चौबीस घंटे चालू और चार्ज रहे, ताकि वह जमानत पर रहने की पूरी अवधि के दौरान लगातार उपलब्ध रहें।

# दिल्ली में पत्नी और बेटी की हत्या करने के बाद व्यक्ति ने की आत्महत्या

**नई दिल्ली।** बाहरी दिल्ली के निहाल विहार इलाके में 48 वर्षीय एक व्यक्ति ने धारदार हथियार से अपनी पत्नी और बेटी की कथित तौर पर हत्या करने के बाद खुद भी अपने घर में फांसी लगा ली। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। बाहरी दिल्ली के पुलिस उपायुक्त जिमी चिरम ने बताया कि आरोपी अजय के शव को सबसे पहले उसके बेटे कुशल (22) ने तब देखा जब वह शुक्रवार सुबह काम के बाद घर लौटा। अधिकारी के अनुसार, कुशल ने घर को बंद पाया तो उसने खिड़की से झांका और भीतर अपने पिता को लटका हुआ देखा। पुलिस उपायुक्त ने के अनुसार, पेशे से हलवाई अजय ने पहले अपनी पत्नी टीना (38) और बेटी वर्षा (4) की धारदार हथियार से हत्या कर दी और फिर खुद आत्महत्या कर ली।

# आयुर्वेद, योग को आयुष्मान भारत में शामिल करने की याचिका स्वीकार करे केंद्र : न्यायालय

नई दिल्ली, एजेंसी

- दिल्ली हाईकोर्ट ने संबंधित मंत्रालय को दिया निर्देश




दिल्ली उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को केंद्र से उस याचिका को प्रतिवेदन के तौर पर स्वीकार करने कहा, जिसमें आयुर्वेद, योग और प्राकृतिक चिकित्सा को राष्ट्रीय जन स्वास्थ्य बीमा योजना आयुष्मान भारत में शामिल करने का अनुरोध किया गया है। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति मनमीत पी एस आरोड़ा की पीठ ने प्रतिवेदन पर शीघ्रता से निर्णय लेने का निर्देश देने के बाद जनहित याचिका का निस्तारण कर दिया।

उच्च न्यायालय ने याचिका बरकरार करने की याचिकाकर्ता की अर्जी स्वीकार कर ली और मंत्रालय से इसे प्रतिवेदन के रूप में स्वीकार करने को कहा। अदालत ने आयुष मंत्रालय द्वारा दाखिल हलफनामे पर गौर करते हुए यह आदेश जारी किया। हलफनामे में कहा गया है कि भारतीय स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली को प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना में शामिल करने के लिए कदम उठाने के वास्ते स्वास्थ्य मंत्रालय के साथ समन्वय किया जा रहा है। पिछले साल, उच्च न्यायालय ने केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, आयुष, वित्त और गृह मंत्रालय तथा दिल्ली सरकार को नोटिस जारी किया था तथा उनसे याचिकाकर्ता-अधिवक्ता अश्विनी कुमार उपाध्याय द्वारा दायर जनहित याचिका पर अपना जवाबी हलफनामा दाखिल करने को कहा था। वहीं आयुर्वेद, योग प्राकृतिक चिकित्सा को पीएम जन आरोग्य योजना में शामिल करने का याचिका में अनुरोध किया गया है।

### सीबीआई को कविता से तिहाड़ जेल में पूछताछ की मिली अनुमति

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी की एक अदालत ने दिल्ली आबकारी नीति मामले में गिरफ्तार भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की नेता के. कविता से तिहाड़ जेल में पूछताछ करने की केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को शुक्रवार को अनुमति दे दी।

कविता को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में 15 मार्च को गिरफ्तार किया था। सीबीआई की याचिका पर अदालत ने यह आदेश जारी किया। जांच एजेंसी ने न्यायिक हिरासत में कविता से पूछताछ करने की अदालत से अनुमति मांगी थी।

# मुख्तार अंसारी के बेटे की याचिका पर यूपी सरकार से जवाब-तलब

नई दिल्ली, एजेंसी

- मामले की अगली सुनवाई 9 अप्रैल को होगी



उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को जेल में बंद विधायक अब्बास अंसारी की उस याचिका पर उत्तर प्रदेश सरकार से जवाब मांगा, जिसमें उन्होंने 10 अप्रैल को अपने पिता मुख्तार अंसारी की फातेहा (विशेष प्रार्थना) में शामिल होने की अनुमति मांगी है।

गैंगस्टर से नेता बने मुख्तार अंसारी की 28 मार्च को उत्तर प्रदेश के बांदा के एक अस्पताल में दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई थी। एक आपराधिक मामले में न्यायिक हिरासत में बंद अब्बास अंसारी ने उच्च न्यायालय में याचिका दायर कर अपने पिता के अंतिम संस्कार में हिस्सा लेने की अनुमति मांगी थी। शुक्रवार को अब्बास के वकील ने न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ को बताया कि उनकी याचिका समय पर अदालत के समक्ष सूचीबद्ध नहीं हो सकी और अंतिम संस्कार हो चुका है। वकील ने कहा कि उन्हें याचिका में संशोधन करने और 10 अप्रैल को होने वाली फातेहा में शामिल होने की अनुमति दी जाए। उन्होंने कहा कि वह खुद ही आज संशोधित याचिका दायर करेंगे। पीठ ने कहा-याचिकाकर्ता के वकील ने शुरू में कहा कि चूंकि अंतिम संस्कार पहले ही हो चुका है, याचिकाकर्ता रिट याचिका में संशोधन करना चाहता है ताकि वह 10 अप्रैल को होने वाली फातेहा में शामिल हो सके। नोटिस जारी करें, और 9 अप्रैल तक इस पर जवाब मांगें। अदालत ने कहा-मामले की सुनवाई 9 अप्रैल को होगी।

### धन जारी नहीं करने पर दिल्ली जल बोर्ड को नोटिस

उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को दिल्ली सरकार की उस याचिका पर दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) को नोटिस जारी किया, जिसमें राजधानी में जलापूर्ति के लिए जिम्मेदार निकाय को धन जारी नहीं करने का आरोप लगाया गया है। प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने दिल्ली सरकार के प्रधान सचिव (वित्त) को डीजेबी के लिए जरूरी धनराशि जारी करने का निर्देश दिया। पीठ ने कहा कि वह जल बोर्ड से पानी को लेकर बकाया धनराशि के बारे में जानना चाहती है। पीठ ने दिल्ली सरकार की याचिका को आगे 10 अप्रैल को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया है। शीर्ष अदालत ने एक अप्रैल को प्रधान सचिव (वित्त) को उस याचिका पर नोटिस जारी किया था, जिसमें आरोप लगाया गया था कि अधिकारी विधानसभा द्वारा बजटीय मंजूरी के बावजूद दिल्ली जल बोर्ड को धन जारी नहीं कर रहे।

## ऑरेंज कैप

| खिलाड़ी | मैच | रन |
|---|---|---|
| विराट कोहली (आरसीबी) | 04 | 203 |
| रियान पराग (आरआर) | 03 | 181 |
| हेनरिक क्लासेन (एसआरएच) | 04 | 177 |

## पर्पल कैप

| खिलाड़ी | मैच | विकेट |
|---|---|---|
| मुस्तफिजुर रहमान (सीएसके) | 03 | 07 |
| मोहित शर्मा (जीटी) | 04 | 07 |
| मयंक यादव (एलएसजी) | 02 | 06 |

## अंकतालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | टाई | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| कोलकाता नाइट राइडर्स | 03 | 03 | 00 | 00 | 06 | +2.518 |
| राजस्थान रॉयल्स | 03 | 03 | 00 | 00 | 06 | +1.249 |
| चेन्नई सुपरकिंग्स | 04 | 02 | 02 | 00 | 04 | +0.517 |
| लखनऊ सुपर जायंट्स | 03 | 02 | 01 | 00 | 04 | +0.483 |
| सनराइजर्स हैदराबाद | 04 | 02 | 02 | 00 | 04 | +0.409 |
| पंजाब किंग्स | 04 | 02 | 02 | 00 | 04 | -0.220 |
| गुजरात टाइटंस | 04 | 02 | 02 | 00 | 04 | -0.580 |
| रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 04 | 01 | 03 | 00 | 02 | -0.876 |
| दिल्ली कैपिटल्स | 04 | 01 | 03 | 00 | 02 | -1.347 |
| मुंबई इंडियंस | 03 | 00 | 03 | 00 | 00 | -1.423 |

# आरसीबी और रॉयल्स को शीर्ष बल्लेबाजों से प्रदर्शन की उम्मीद

जयपुर, एजेंसी

- दो अर्धशतक समेत 203 रन बनाकर ऑरेंज कैप हासिल कर चुके हैं विराट कोहली

खराब फॉर्म से जूझ रही रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और शानदार प्रदर्शन कर रही राजस्थान रॉयल्स दोनों को शनिवार को इंडियन प्रीमियर लीग के मुकाबले में अपने शीर्षक्रम से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी। आरसीबी फिलहाल दस टीमों में आठवें स्थान पर है जो उसके खराब प्रदर्शन की बानगी देता है। वहीं रॉयल्स दूसरे स्थान पर है लेकिन उसके शीर्षक्रम ने अच्छा प्रदर्शन नहीं किया है।

आरसीबी के पास शीर्षक्रम में कप्तान फाफ डु प्लेसी, ग्लेन मैक्सवेल, कैमरन ग्रीन और रजत पाटीदार जैसे शानदार आक्रामक बल्लेबाज हैं लेकिन कोई भी एक ईकाई के रूप में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सका। स्टार बल्लेबाज विराट कोहली दो अर्धशतक समेत 203 रन बनाकर आरेंज कैप हासिल कर चुके हैं लेकिन उन्हें दूसरे छोर से सहयोग नहीं मिला। पाटीदार ने लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ 29 रन बनाये लेकिन उनसे इससे बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद है। सवाई मानसिंह स्टेडियम की पिच आरसीबी के घरेलू मैदान चिन्नास्वामी स्टेडियम से मिलती जुलती है जिस पर बल्लेबाजों को शॉट्स खेलने में आसानी होगी। दूसरी ओर रॉयल्स के बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल अच्छा फॉर्म लेकर आईपीएल में आये थे लेकिन तीन मैचों में 39 रन ही बना सके हैं। जोस बटलर की भी यही कहानी है। इंग्लैंड के टी20 कप्तान ने तीन मैचों में 35 रन बनाये हैं और उनका स्ट्राइक रेट 85 का रहा है। रॉयल्स की बल्लेबाजी की धुरी कप्तान संजू सैमसन (109 रन) और रियान पराग (181 रन) रहे हैं। दोनों को दूसरे बल्लेबाजों से भी सहयोग की जरूरत होगी। गेंदबाजी में राजस्थान का पलड़ा भारी है, जिसके पास तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट और नांद्रे बर्गर के अलावा अनुभवी लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल हैं। ये तीनों मिलकर 16 विकेट ले चुके हैं। अनुभवी रविचंद्रन अश्विन ने हालांकि तीन मैचों में एक ही विकेट लिया है। आरसीबी के गेंदबाजों में मोहम्मद सिराज महंगे साबित हुए हैं जिन्होंने 10 से ऊपर की औसत से रन दिये हैं। अलजारी जोसेफ और रीसे टॉप्ले भी चल नहीं सके हैं ।

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु :** फाफ डु प्लेसी (कप्तान), ग्लेन मैक्सवेल, विराट कोहली, रजत पाटीदार, अनुज रावत, दिनेश कार्तिक, सुयश प्रभुदेसाई, विल जैक्स, महिपाल लोमरोर, कर्ण शर्मा, मनोज भंडागे, मयंक डागर, विजयकुमार विशक, आकाश दीप। मोहम्मद सिराज, रीस टॉप्ले, हिमांशु शर्मा, राजन कुमार, कैमरून ग्रीन, अल्ज़ारी जोसेफ, यश दयाल, टॉम कुरेन, लॉकी फर्ग्यूसन, स्वप्निल सिंह, सौरव चौहान। **राजस्थान रॉयल्स :** संजू सैमसन (कप्तान), आबिद मुश्ताक, अवेश खान, ध्रुव जुरेल, डोनोवन फरेरा, जोस बटलर, कुलदीप सेन, कुणाल सिंह राठौड़, नंद्रे बर्गर, नवदीप सैनी, रविचंद्रन अश्विन, रियान पराग, संदीप शर्मा, शिमरोन हेटमायर, शुभम दुबे, रोवमैन पॉवेल, टॉम कोहलर-कैडमोर, ट्रेंट बोल्ट, यशस्वी जायसवाल, युजवेंद्र चहल और तनुष कोटियान।
**समय :** मैच शाम सात बजकर 30 मिनट पर शुरू होगा।

## खेल डायरी

### सेंथिल जर्मन ओपन स्क्वाश के क्वार्टर फाइनल में

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रीय चैम्पियन वेलावन सेंथिल कुमार ने आठवीं वरीयता प्राप्त इंग्लैंड के जॉर्ज पार्कर को हराकर हैम्बर्ग में जर्मन ओपन स्क्वाश के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। पिछले साल एशियाई रजत पदक विजेता सेंथिल ने 61 मिनट तक चले मुकाबले में 11-5, 11-8, 9-11, 11-9 से जीत दर्ज की। अब उनका सामना मलेशिया के चौथी वरीयता प्राप्त इयेन योउ एंग से होगा। इससे पहले सेंथिल ने मिस्र के यासिन एल्शाफेइ को 6-11 , 7-11, 11-6, 11-3, 11-9 से हराया था।

### बालाजी-बेजेमैन एटीपी ह्यूस्टन के सेमीफाइनल में

**ह्यूस्टन।** भारत के एन श्रीराम बालाजी और जर्मनी के आंद्रे बेजेमैन की जोड़ी भारत के अर्जुन खाड़े और जीवन नेदुंचेझियान को सीधे सेटों में हराकर एटीपी ह्यूस्टन ओपन टेनिस के सेमीफाइनल में पहुंच गई। इससे पहले शीर्ष वरीयता प्राप्त अमेरिका के राजीव राम और आस्टिन क्राइसेक को हराने वाले बालाजी और बेजेमैन ने 59 मिनट में 6-0, 6-3 से जीत दर्ज की। अब उनका सामना चौथी वरीयता प्राप्त आस्ट्रेलिया के मैक्स पर्सेल और अमेरिका के जोर्डन थॉम्पसन की जोड़ी से होगा।

### युकी-ओलिवेट्टी मराकेश ओपन के सेमीफाइनल में



**मराकेश (मोरक्को)।** भारत के युकी भांबरी और फ्रांस के अलबानो ओलिवेट्टी ने तीसरी वरीयता प्राप्त निकोलस बारियेंटोस और रफेल माटोस को हराकर एटीपी मराकेश ओपन पुरुष युगल सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। युकी और अलबानो की गैर वरीय जोड़ी ने कोलंबिया के निकोलस और ब्राजील के रफेल को 7-6, 6-7, 10-7 से हराया। अब उनका सामना आस्ट्रिया के दूसरी वरीयता प्राप्त लुकास मीडलेर और अलेक्जेंडर एर्लेर से होगा। विश्व युगल रैंकिंग में 62वें स्थान पर काबिज युकी दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी रोहन बोपन्ना के बाद भारत के दूसरे सर्वोच्च रैंकिंग वाले युगल खिलाड़ी हैं।

### कैंडिडेट्स शतरंज : प्रज्ञानानंदा ने फिरोजा को ड्रॉ पर रोका

**टोरंटो।** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट के पहले दौर में फ्रांस के फिरोजा अलीरजा से ड्रॉ खेला जबकि डी गुकेश को विदित गुजराती ने ड्रॉ पर रोका। पुरुष वर्ग में पहले दिन चारों मुकाबले ड्रॉ रहे जबकि महिला वर्ग में जोंग्यी तान ने हमवतन टी लेइ को हराया। भारत की आर वैशाली ने हमवतन कोनेरू हम्पी को ड्रॉ पर रोका। रूस की अलेक्जेंड्रा गोरियाश्किना ने कैटरीना लागनो से ड्रॉ खेला। वहीं बुल्गारिया की नूरगुल सलीमोवा ने अन्ना मुजिचुक को ड्रा पर रोका। पुरुष वर्ग में फेबियानो कारूआना और हिकारू नकामूरा का मुकाबला ड्रॉ रहा जबकि अजरबैजान के निजात अबासोव ने रूस के इयान नेपोमनियाश्ची को ड्रा पर रोका।

### नडाल ने मोंटे कार्लो मास्टर्स से नाम लिया वापस




**पेरिस।** स्पेन के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी राफेल नडाल ने स्वास्थ्य कारणों से मोंटे कार्लो मास्टर्स से नाम वापस ले लिया है। नडाल की इस घोषणा के बाद मई के आखिर में होने वाले 15वें फ्रेंच ओपन में उनके खेलने की संभावना भी कम दिख रही है। नडाल ने गुरुवार को सोशल मीडिया पर लिखा, "ये मेरे लिए बहुत कठिन समय है दुर्भाग्य से मुझे आपको बताना पड़ रहा है कि मैं मोंटे-कार्लो में नहीं खेलूंगा। मेरा शरीर मुझे इसकी इजाजत नहीं दे रहा। भले ही मैं कड़ी मेहनत कर रहा हूं और खेलने की पूरी इच्छा के साथ हर दिन अधिकतम प्रयास कर रहा हूं। उन टूर्नामेंटों में फिर से प्रतिस्पर्धा करू जो मेरे लिए बहुत महत्वपूर्ण रहे हैं, सच्चाई यह है कि मैं आज नहीं खेल सकता।"

# सनराइजर्स हैदराबाद ने चेन्नई सुपरकिंग्स को 6 विकेट से रौंदा

## हैदराबाद के मार्करम ने 50 रन और अभिषेक ने 37 रनों की पारी खेली





एडेन मार्करम

हैदराबाद, एजेंसी

एडेन मार्करम 50 रन और अभिषेक शर्मा 37 रनों की तूफानी पारी की बदौलत पर सनराइजर्स हैदराबाद ने शुक्रवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 18वें मुकाबले में चेन्नई सुपर किंग्स को छह विकेट हरा दिया है। हैदराबाद की चार मैचों में यह दूसरी जीत है।

हैदराबाद की ट्रैविस हेड और अभिषेक शर्मा की सलामी जोड़ी ने शानदार शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए ताबड़तोड़ अंदाज में 2.4 ओवर में 46 जोड़ डाले। अभिषेक शर्मा ने 12 गेंदों में तीन चौके और चार छक्कों लगाते हुए 37 रन बनाये। उन्हें चाहर ने जडेजा के हाथों कैच आउट कराया। अभिषेक ने मुकेश के एक ही ओवर में 27 रन ठोके डाले। 10वें ओवर में ट्रैविस हेड 31 रन के रूप में हैदराबाद का दूसरा विकेट गिरा। 14वें ओवर में एडन मार्करम को मोईन अली ने पगबाधा आउट कर दिया। उन्होंने 36 गेंदों में चार चौकों और एक छक्का लगाते हुए 50 रन बनाये। शाहबाज अहमद 18 रन को भी मोईन अली ने पगबाधा आउट किया। हेनरिक क्लासेन 10 रन और नितीश कुमार रेड्डी 14 रन बनाकर नाबाद रहे। नितीश कुमार रेड्डी ने 19वें ओवर की पहली गेंद पर छक्का लगाकर हैदराबाद को छह विकेट से जीत दिलाई। चेन्नई सुपर किंग्स की ओर से मोईन अली ने दो विकेट लिये। दीपक चाहर और महीश थीक्षणा ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले शिवम दुबे की 45 रनों और अजिंक्य रहाणे की 35 रनों की पारियों के दम पर चेन्नई सुपर किंग्स ने सनराइजर्स हैदराबाद को जीत के लिए 166 रनों का लक्ष्य दिया था। सनराइजर्स हैदराबाद के कप्तान पैट कमिंस ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। चौथे ओवर में सलामी बल्लेबाज रचिन रविंद्र 12 रन का विकेट गवां दिया। इसके बाद आठवें ओवर में कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ 21 गेंदों में तीन चौके और एक छक्के की मदद से 26 रन बनाकर पवेलियन लौट गये। अजिंक्य रहाणे ने 30 गेंदों में दो चौके और एक छक्के की मदद से 35 रन बनाये। शिवम दुबे ने 24 गेदों में दो चौके और चार छक्के लगाते हुए 45 रन ठोके डाले। डैरिल मिचेल 13 रन बनाकर आउट हुये। रवींद्र जाडेजा 31 रन और महेन्द्र सिंह धोनी एक रन बनाकर नाबाद रहे। चेन्नई ने निर्धारित 20 ओवरों में पांच विकेट पर 165 रन का स्कोर खड़ा किया। हैदराबाद की ओर से भुवनेश्वर, टी नटराजन , पैट कमिंस, शाहबाज अहमद और जयदेव उनादकट को एक-एक विकेट मिला।

### चेन्नई 165/5

20 ओवर, अतिरिक्त : 02

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| रचिन रविंद्र का मार्कराम बो भुवनेश्वर | 12 | 09 | 2/0 |
| ऋतुराज गायकवाड़ का समद बो शाहबाज | 26 | 21 | 3/1 |
| अजिंक्य रहाणे का मार्कंडेय बो उनादकट | 35 | 30 | 2/1 |
| शिवम दुबे का भुवनेश्वर बो कमिंस | 45 | 24 | 2/4 |
| रविंद्र जडेजा नाबाद | 31 | 23 | 4/0 |
| डेरिल मिचेल का समद बो नटराजन | 13 | 11 | 1/0 |
| महेंद्र सिंह धोनी नाबाद | 01 | 02 | 0/0 |

**गेंदबाजी :** अभिषेक 1-0-7-0, भुवनेश्वर 4-0-28-1, नटराजन 4-0-39-1, कमिंस 4-0-29-1, मार्कंडेय 2-0-21-0, शाहबाज 1-0-11-1, उनादकट 4-0-29-1

### हैदराबाद 166/4

18.1 ओवर, अतिरिक्त : 06

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| ट्रेविस हेड का रविंद्र बो तीक्षणा | 31 | 24 | 3/1 |
| अभिषेक शर्मा का जडेजा बो चाहर | 37 | 12 | 3/4 |
| एडेन मार्करम पगबाधा मोईन | 50 | 36 | 4/1 |
| शाहबाज अहमद पगबाधा मोईन | 18 | 19 | 0/1 |
| हेनरिक क्लासेन नाबाद | 10 | 11 | 1/0 |
| नीतिश रेड्डी नाबाद | 14 | 08 | 1/1 |

**गेंदबाजी :** चाहर 3.1-0-32-1, मुकेश 1-0-27-0, तीक्षणा 4-0-27-1, देशपांडे 2-0-20-0, जडेजा 4-0-30-0, मोईन 3-0-23-2, रचिन 1-0-3-0

## बेंगलुरु में आईपीएल मैच एनजीटी की निगरानी में होगा

**बेंगलुरु।** राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने शहर में पानी के बढ़ते संकट के बीच कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ (केएससीए) और अन्य संबंधित राज्य अधिकारियों को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मुकाबलों के दौरान इस्तेमाल किये जाने वाले पानी की जानकारी का ब्यौरा देने को कहा है। एनजीटी ने राज्य क्रिकेट संघ के अलावा बेंगलुरु जल आपूर्ति और सीवरेज बोर्ड (बीडब्ल्यूएसएसबी) और कर्नाटक राज्य नियंत्रण बोर्ड (केएसपीसीबी) से भी पानी के स्रोत और इसकी मात्रा के बारे में दो मई तक जानकारी सौंपने को कहा है। केएससीए के मुख्य कार्यकारी अधिकारी शुभेंदू घोष ने कहा, हमने नोटिस देख लिया है।

# सूर्यकुमार के फिट होने से मुंबई इंडियंस ने ली राहत की सांस



मुंबई, एजेंसी

इंडियन प्रीमियर लीग के मौजूदा सत्र में संघर्ष कर रही मुंबई इंडियंस ने शुक्रवार को टीम के अभ्यास सत्र में दुनिया के नंबर एक टी20 बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव के शामिल होने से राहत की सांस ली। लंबे समय तक चोट के कारण खेल से दूर रहने वाले सूर्यकुमार ने नेट सत्र में अभ्यास करके बिना किसी परेशानी के बड़े शॉट लगाये। इससे यह उम्मीद जगी कि वह दिल्ली कैपिटल्स के आगामी मैच में मैदान में उतर सकते हैं।

पांच बार की चैम्पियन मुंबई की टीम ने इस सत्र में नये कप्तान हार्दिक पंड्या की अगुवाई में अपने तीनों मैच हारकर बेहद निराशाजनक शुरुआत की है। यह 33 साल का आक्रामक बल्लेबाज जनवरी से ही खेल से दूर है। उन्हें स्पोर्ट्स हर्निया से उबरने के लिए सर्जरी का सहारा लेना पड़ा। वह टखने की चोट से भी जूझ रहे थे जो उन्हें पिछले साल के अंत में भारत के दक्षिण अफ्रीका दौरे के दौरान लगी थी। सूर्यकुमार वानखेड़े स्टेडियम में अभ्यास सत्र के लिए पहुंचने वाले पहले खिलाड़ी थे। वह दोपहर के सत्र में टीम के अन्य खिलाड़ियों से एक घंटे से अधिक समय पहले पहुंचे थे। उन्होंने नेट सत्र में एक घंटे से अधिक समय तक बल्लेबाजी का अभ्यास का अभ्यास किया। कुछ दिन पहले उन्हें राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) ने मुंबई इंडियंस की टीम में शामिल होने की मंजूरी दे दी थी। दाएं हाथ के बल्लेबाज ने थ्रोडाउन विशेषज्ञों और स्पिनर कुमार कार्तिकेय के खिलाफ बल्लेबाजी करते हुए मैदान के सभी हिस्सों में स्ट्रोक लगाए। उन्होंने गेंद को बिल्कुल वैसे ही मारा जैसा वह चाहते थे।

## मयंक यादव को टेस्ट में खिलाना जल्दबाजी होगी : शेन वाटसन

कोलकाता, एजेंसी

आस्ट्रेलिया के दो बार के विश्व कप विजेता आलराउंडर शेन वाटसन का मानना है कि भले ही मयंक यादव ने अपनी गेंदबाजी से मौजूदा आईपीएल में सभी को आकर्षित किया है लेकिन उन्हें टेस्ट क्रिकेट में खिलाने की जल्दबाजी करना समझदारी नहीं है।

पंजाब किंग्स के खिलाफ पदार्पण करने के बाद लखनऊ सुपर जायंट्स के 21 साल के तेज गेंदबाज ने लगातार मैच विजयी प्रदर्शन करते हुए अपनी टीम के अभियान में मदद की है। वाटसन ने 'जियोसिनेमा' से कहा, ''निश्चित रूप से मयंक यादव के बारे में काफी चर्चा हो रही है जिनकी रफ्तार विश्व स्तरीय है और उन्होंने विश्व स्तरीय कौशल भी दिखाया है। लखनऊ सुपर जायंट्स भाग्यशाली है कि उनके पास ऐसा खिलाड़ी है। '' उन्होंने कहा, ''बड़े मंच पर दुनिया के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों के खिलाफ प्रदर्शन करना और उन पर दबदबा बनाना बहुत विशेष है।'' तो क्या वह टेस्ट के लिए तैयार है क्योंकि टीम को साल के अंत में आस्ट्रेलिया में पांच मैच की शृंखला खेलनी है। वाटसन ने कहा, निश्चित रूप से आप उसे टेस्ट क्रिकेट में खिलाना पसंद करोगे।

## बॉलीवुड हलचल

# सोनाक्षी सिन्हा ने हीरामंडी के सेट पर एक शॉट को रिकॉर्ड-ब्रेकिंग में पूरा किया



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा ने अपनी आने वाली वेब सीरीज हीरामंडी : द डायमंड बाजार सेट पर एक शॉट को रिकॉर्ड-ब्रेकिंग 20 मिनट में पूरा कर दिया। संजय लीला भंसाली की फिल्म हीरामंडी : द डायमंड बाजार में मनीषा कोइराला, सोनाक्षी सिन्हा, अदिति राव हैदरी, शर्मिन सहगल, ऋचा चड्ढा और संजीदा शेख जैसे कलाकार शामिल हैं। हीरामंडी : द डायमंड बाजार का दूसरा गाना 'तिलस्मी बाहें' रिलीज हो गया है। इस गाने में सोनाक्षी सिन्हा नजर आ रही हैं। सोनाक्षी सिन्हा ने इस फिल्म के सेट पर एक शॉट को रिकॉर्ड-ब्रेकिंग 20 मिनट में यानि पहले टेक में ही पूरा कर इतिहास भी रच दिया है। बताया जा रहा है कि दमदार दृश्य की शूटिंग के बाद सेट पर मौजूद पूरी टीम के साथ-साथ संजय लीला भंसाली ने भी सोनाक्षी को स्टैंडिंग ओवेशन दिया था। हीरामंडी : द डायमंड बाज़ार वेश्याओं और उनकी जिंदगी को लेकर बुनी गई है। वर्ष 1940 के दशक के भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की उथल-पुथल भरी पृष्ठभूमि पर आधारित, ''हीरामंडी'' ''कोठों'' में प्यार, विश्वासघात, उत्तराधिकार और राजनीति की कहानी को बयां करती है।




## ईद के अवसर पर मास्क टीवी पर रिलीज होगी कोड ब्लू

**मुंबई, एजेंसी।** ओटीटी प्लेटफार्म मास्क टीवी पर ईद के अवसर पर 10 अप्रैल को फिल्म कोड ब्लू रिलीज होगी। मास्क टीवी की चैनल प्रोड्यूसर मानसी भट्ट ने बताया, कोड ब्लू 10 अप्रैल को रिलीज हो जाएगी। कोड ब्लू एक समाजिक कुरीतियों पर आधारित तीन तलाक के ऊपर आधारित फिल्म है जिसमें समाज के अंदर मुस्लिम महिलाओं की एक अलग किस्म की पीड़ा की नई परिभाषा से दर्शक रूबरू होंगे। इस फ़िल्म के माध्यम से महिलाओं के उत्पीड़न और उनके मूलाधिकारों के बारे में जागरूक करने का काम किया गया है। मास्क टीवी ओरिजनल के तहत फ़िल्म कोड ब्लू का निर्माण टैग प्रोडक्शसन ने किया है जिसके निर्माता अंजू भट्ट और चिरंजीवी भट्ट हैं। लेखक निर्देशक अलीना खान ने बताया कि फ़िल्म कोड ब्लू के जरिये दर्शकों को हम इस दुनिया में बसी एक अलग दुनिया से साक्षात्कार कराने जा रहे हैं। इसमें हमने ट्रिपल तलाक की विभीषिका को झेलने के बाद उसकी शिकार महिला की मानसिकता को दिखाया है। ट्रिपल तलाक एक जुर्म है, इससे एक झटके में किसी नवविवाहिता या फिर किसी बुजुर्ग महिला की जिंदगी तबाह हो जाती है।

# नेहा कक्कड़ ने प्रतियोगी निशांत गुप्ता और देवनश्रिया की तारीफ की



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड की जानी मानी गायिका नेहा कक्कड़ ने सोनी एंटरटेनमेंट पर प्रसारित हो रहे सिंगिग रियलिटी शो के प्रतियोगी निशांत गुप्ता और देवनश्रिया की तारीफ की है। इस रविवार सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविज़न के सिंगिंग रियलिटी शो सुपरस्टार सिंगर 3 के 'प्यारेलाल जी स्पेशल' में दिग्गज संगीतकार प्यारेलाल रामप्रसाद शर्मा नजर आयेंगे। सभी प्रतियोगी और कैप्टन संगीत सम्राट प्यारेलाल जी और उनकी पत्नी सुनीला शर्मा की उपस्थिति में प्यारेलाल जी की कुछ कालजयी धुनों पर प्रदर्शन करते हुए अपनी सिंगिंग क्षमता दिखाएंगे, जिसमें क्लासिक फिल्मी गानों से लेकर कदम थिरकाने वाली धुनें शामिल हैं। कैप्टन मोहम्मद दानिश की टीम के प्रतिभाशाली प्रतियोगियों - निशांत गुप्ता और देवनश्रिया के डुएट गाने 'वो हैं ज़रा खफा खफा' और 'हम तुम दोनों जब मिल जाएंगे' हर किसी को मंत्रमुग्ध कर देंगे। प्यारेलाल शर्मा ने कहा, आप दोनों ने पूरे दिल से यह गाना गाया, इतनी सुंदरता और सटीकता से धुनों और हारमनी को बुना। यह वाकई उल्लेखनीय था और आप में से हर किसी ने सहजता से अपनी अनूठी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। जब आपने गाना शुरू किया तो मैंने देखा कि आप मेरे अलावा हर जगह देख रहे थे। आप घबराहट महसूस कर रहे थे, इसलिए आपने मंच पर अपनी निगाहें टिकाए रखकर गाया। आपके परफॉर्मेंस ने मुझे गहराई से छू लिया और मैं अवाक हूं क्योंकि मेरे पास यह बताने के लिए शब्द नहीं है कि आप कितने बेहतरीन परफॉर्मर हैं।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अजय कुमार सक्सेना द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।**

# कच्चातिवु वापस करने के भारत के अनुरोध का कोई आधार नहीं

**कोलंबो, एजेंसी**

- श्रीलंकाई मंत्री ने भारत के दावे को किया खारिज

कच्चातिवु द्वीप को लेकर भारत में लगातार बयानबाजी चल रही है। मामले की गंभीरता को देखते हुए श्रीलंका पलटवार किया है। श्रीलंका के मत्स्यपालन मंत्री डगलस देवानंद ने कहा है कि कच्चातिवु द्वीप को वापस लेने के भारत के बयानों का कोई आधार नहीं है। यह कहकर श्रीलंका के मंत्री ने भारत के कच्चातिवु द्वीप पर दावों को खारिज कर दिया।

श्रीलंका के मंत्री का यह बयान तब सामने आया है, जब भारत में पीएम मोदी और उनकी सरकार कांग्रेस पार्टी और डीएमके पार्टी पर कच्चातिवु द्वीप को लेकर राष्ट्रीय हितों की अनदेखी करने का आरोप लगा रहे हैं। भाजपा सरकार का आरोप है कि कांग्रेस और डीएमके ने कच्चातिवु द्वीप के आसपास मछली पकड़ने वाले मछुआरों के हितों की अनदेखी की। अब इस पर श्रीलंका के मंत्री डगलस देवानंद ने कहा है कि यह भारत में चुनाव का समय है और कच्चातिवु द्वीप को लेकर ऐसी बातें सुनना असामान्य नहीं है।

देवानंद ने कहा कि मुझे लगता है कि भारत अपने हितों के लिए काम कर रहा है और कोशिश कर रहा है कि उस जगह पर भारतीय मछुआरे मछली पकड़ सकें। हालांकि उन्होंने कहा कि कच्चातिवु पर श्रीलंका के कब्जे को लेकर जारी बयानों का कोई आधार नहीं है।

# अमेरिका के मंदिर में 11 साल के बच्चे को गर्म सरिया से दागा

**ह्यूस्टन।** अमेरिका के टेक्सस में एक 11 साल के बच्चे को गर्म सरिए से दागने के मामले में एक मंदिर और उसके मूल संगठन पर बच्चे के पिता ने केस कर एक मिलियन डॉलर मुआवजे की मांग की है।

फोर्ट बेंड काउंटी में रहने वाले विजय चेरुवु ने कहा कि पिछले साल अगस्त में टेक्सास के शुगरलैंड में श्री अष्टलक्ष्मी मंदिर में एक धार्मिक समारोह के दौरान उनके बेटे को गर्म लोहे की छड़ से दागा गया था। दायर मुकदमे के अनुसार, बच्चे को बहुत दर्द और स्थायी विकृति का सामना करना पड़ा, जिसमें बच्चे के पिता चेरुवु मंदिर और जेईटी यूएसए, इंक. के खिलाफ मुकदमे में 1 मिलियन डॉलर से अधिक की क्षतिपूर्ति की मांग कर रहा है। बच्चे के पिता ने कहा कि बेटे के कंधे पर भगवान विष्णु की आकृति में दो भागों पर उसे दागा गया।


# पेनल्टी चार्ज लोन राशि में नहीं जोड़ सकेंगे बैंक, 1 अप्रैल से लागू

*लोन अकाउंट्स पर पेनल चार्ज और पेनल इंटरेस्ट से संबंधित रिजर्व बैंक की नई गाइडलाइंस 1 अप्रैल से लागू हो गई हैं। ये नियम पेनल्टी को लेकर बैंकों और फाइनेंस कंपनियों की मनमानी पर रोक लगाते हैं। जानते हैं कि बैंक अब क्या नहीं कर सकते...*

- कमाई बढ़ाने के लिए चार्ज नहीं लगा सकते पेनल चार्ज का उद्देश्य कर्जधारकों के बीच कर्ज चुकाने के मामले में अनुशासन की भावना पैदा करना है। दिशानिर्देश में कहा गया है कि इन चार्ज का इस्तेमाल कमाई बढ़ाने के लिए नहीं किया जा सकता। केंद्रीय बैंक की समीक्षा में पाया गया कि बैंक और फाइनेंस कंपनियां इनकम बढ़ाने के लिए जुर्माना और चार्ज लगाते हैं, जिसको लेकर ग्राहकों की शिकायतें बढ़ी हैं।




## क्या कहते हैं नए दिशानिर्देश




आरबीआई ने बैंकों और फाइनेंस कंपनियों को पेनल्टी इंटरेस्ट लेने से रोक दिया है, जो अक्सर ईएमआई के भुगतान में देरी होने पर वसूला जाता है। इसके अलावा, कर्जदाता विकल्प के रूप में ब्याज दर में अतिरिक्त कम्पोनेंट पेश नहीं कर सकते। आरबीआई ने दंडात्मक शुल्क लगाने की अनुमति दी है, लेकिन उन्हें सुनिश्चित करना होगा कि ये पेनल्टी चार्ज लोन अमाउंट में न जुड़े और ऐसे शुल्क पर अतिरिक्त ब्याज न लगे।

## पेनल चार्ज, पेनल इंटरेस्ट में क्या है अंतर

पेनल चार्ज और पेनल इंटरेस्ट दंडात्मक शुल्क और दंडात्मक ब्याज दरों के रूप में जुर्माना हैं। दंडात्मक शुल्क एक निश्चित भुगतान है। इसे ब्याज में नहीं जोड़ा जाता, जबकि दंडात्मक ब्याज ग्राहक से ली जाने वाली मौजूदा ब्याज दर में जोड़ी जाने वाली रेट है। आरबीआई ने बैंकों को ये भी निर्देश दिया कि वे पेनल चार्जेस का कैपिटलाइजेशन न करें। मतलब ऐसे चार्जेस पर आगे कोई ब्याज की गणना नहीं की जाएगी।

## पेनल्टी चार्ज पर आरबीआई के नियम

दंडात्मक शुल्क और दंडात्मक ब्याज से जुड़े ये नए नियम 1 अप्रैल से लागू हो चुके हैं। मौजूदा लोन 1 जून 2024 से नए नियमों के अधीन होंगे। बता दें कि इन नियमों को आरबीआई 1 जनवरी 2024 से ही लागू करने वाला था। लेकिन वित्तीय संस्थान को ख्याल करते हुए तारीख आगे बढ़ा दी गई थी।

## बैंकों को अतिरिक्त शुल्क वसूलने का अधिकार नहीं

बैंकों और एनबीएफसीएस को उधारकर्ताओं से अतिरिक्त शुल्क लेने से रोकने के लिए ऐसे काम करेंगे आरबीआई के नए नियम... आरबीआई ने लोन की राशि में दंडात्मक शुल्क शामिल न करने करने का निर्देश दिया है। साथ ही इन शुल्कों पर अतिरिक्त ब्याज की गणना करने से भी मना किया है। बता दें, बैंक लोन के ईएमआई में देरी करने पर ग्राहकों पर दंडात्मक ब्याज लगते हैं। साथ ही अतिरिक्त शुल्क भी जोड़ते हैं। लेकिन आरबीआई के निर्देशानुसार अब बैंकों और वित्त कंपनियों को दंडात्मक ब्याज वसूलने का अधिकार नहीं होगा। उन्हें एडिशनल चार्ज जोड़ने की अनुमति भी नहीं होगी। हालांकि अभी भी बैंक जुर्माना लगा सकते हैं। नए नियमों के तहत बैंक और वित्तीय संस्थान डिफॉल्ट राशि के आधार पर दंडात्मक शुल्क को निर्धारित करेंगे। रिजर्व बैंक ने अनुमोदित नीति के अनुसार निष्पक्ष और लगातार चार्ज लगाने का निर्देश जारी किया है।

## एक नजर

### हाशिम बाबा और लॉरेंस बिश्नोई गिरोह का शार्पशूटर गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने हाशिम बाबा और लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के राष्ट्रीय स्तर पर मुक्केबाज रहा शार्पशूटर को गिरफ्तार किया है। दिल्ली पुलिस ने बताया है कि आरोपी अभिनव वर्मा दिल्ली के कीर्ति नगर और फर्श बाजार में व्यापारियों पर गोलीबारी के दो मामलों में वांछित था। पुलिस को सूचना मिली थी कि अभिनव 27 मार्च को राहिणी में अपने सहयोगियों से मिलने आ रहा है। पुलिस उपायुक्त (विशेष शाखा) अमित कौशिक ने कहा, रोहिणी सेक्टर-तीन में जाल बिछाया गया और आरोपी को पकड़ लिया गया। बता दें, रोहित गोदारा, हाशिम बाबा, काला जठेड़ी और लॉरेंस बिश्नोई गिरोह का सहयोगी रहा है। उसके कब्जे से एक देशी पिस्तौल और दो कारतूस जब्त किए गए हैं।

### पुणे में सिपाही ने पुलिस थाने में गोलीमार कर की आत्महत्या

**पुणे।** महाराष्ट्र के पुणे में 33 वर्षीय एक सिपाही ने शुक्रवार को एक पुलिस थाने में अपनी सर्विस राइफल से कथित तौर पर खुद को गोली मार ली। पुलिस अधिकारी के मुताबिक मृतक भारत असमर शुक्रवार पेठ इलाके में लोहिया नगर पुलिस चौकी में रात की ड्यूटी पर थे। भारत असमर ने अपने एक सहकर्मी को बताया कि उन्हें सिरदर्द है और वह चौकी की पहली मंजिल पर कर्मचारियों के विश्रामगृह में लेटना चाहते हैं। इसके बाद उसने कमरा भीतर से बंद कर लिया और अपनी सर्विस बंदूक से खुद को गोली मार ली। असमर शादीशुदा था और उसकी एक बेटी है। पुलिस ने कहा है निजी कारणों का मामला लग रहा है। जांच की जा रही है।

### बुशरा के निजी डॉक्टर ने जहर देने के दावे को किया खारिज

**इस्लामाबाद।** इमरान की पत्नी बुशरा बीबी के निजी चिकित्सक ने बुशरा को जहर दिए जाने के दावे को खारिज कर दिया है। डॉक्टर ने जांच के बाद बताया है कि, उन्हें (बुशरा बीबी को) कोई जहरीला पदार्थ नहीं दिया गया है। पूर्व प्रधानमंत्री खान द्वारा उनके निजी आवास में कैद में रखे जाने के दौरान बुशरा बीबी को जहर दिए जाने के आरोप लगाने के बाद उनके चिकित्सक का यह बयान आया है। बता दें, इमरान ने कहा था कि जहर से नकारात्मक प्रभाव के रूप में बुशरा की त्वचा और जीभ पर निशान हो गए हैं। खान इसके लिए सेना प्रमुख को जिम्मेदार ठहराया था।

### यूक्रेन ने रूस पर 53 ड्रोन से किया हमला, ऊर्जा संयंत्र तबाह

**कीव।** रूसी सीमा के रोस्तोव क्षेत्र में यूक्रेन ने 53 ड्रोन से हमले किया है। इसे यूक्रेन की ओर से सबसे बड़े हवाई हमलों में एक माना जा रहा है। हालांकि रूसी सेना की ओर से दावा किया गया है कि इनमें से 44 ड्रोन को मार गिराया गया। इन्हें मोरोजोस्की जिले में मार गिराया गया। रोस्तोव गवर्नर ने कहा है कि हमले में एक पावर सबस्टेशन को क्षति पहुंची है। रूसी मीडिया ने कहा कि मोरोजोस्की के पास सैन्य हवाई क्षेत्र स्थित है। हालांकि, साफ नहीं हो पाया है कि उनका निशाना सैन्य हवाई क्षेत्र था या नहीं।

# पाकिस्तानी सूफी संत की अस्थियों को भारत लाने की अर्जी पर सुप्रीम इनकार

## याचिका खारिज, कोर्ट ने कहा- पाकिस्तानी नागरिक के शव को देश में लाने का अधिकार नहीं

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सुप्रीम कोर्ट में भारत में जन्मे पाकिस्तानी सूफी संत के अस्थियों को बांग्लादेश से लाने के लिए अर्जी दाखिल की गई। सूफी संत हजरत शाह मुहम्मद अब्दुल मुक्तदिर शाह मसूद अहमद की 2022 में बांग्लादेश में मृत्यु हो गयी थी। उनके पार्थिव शरीर को प्रयागराज में दफनाने के लिए केंद्र को निर्देश देने की मांग वाली याचिका सुप्रीम कोर्ट में दाखिल की गई थी, जिसे सीजेआई ने खारिज कर दिया।

याचिका में 1992 में पाकिस्तानी नागरिकता हासिल करने वाले प्रयागराज के पूर्व मूल निवासी सूफी संत की वसीयत का हवाला दिया गया था। इसमें कहा गया है कि उनके पार्थिव शरीर को उत्तर प्रदेश के शहर की दरगाह में दफनाया जाएगा, जिसकी उन्होंने अध्यक्षता की थी। शीर्ष अदालत ने कहा आप कैसे उम्मीद कर सकते हैं कि भारत सरकार उसके अवशेषों को भारत में दफनाने के लिए लाएगी। ऐसा कोई अधिकार नहीं है जिसके प्रवर्तन की मांग की जा सके। सीजेआई और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने कहा, हमें संवैधानिक अधिकारों के प्रवर्तन के सिद्धांतों के अनुसार भी चलना होगा। उन्होंने कहा कि अगर वह भारतीय नागरिक होते तो याचिका पर ध्यान दिया गया होता। दरगाह की ओर से पेश वकील ने कहा कि अहमद का पाकिस्तान में कोई परिवार नहीं है और इसके अलावा, सूफी संत दरगाह के 'सज्जादा नशीन' थे। पीठ ने यह स्पष्ट कर दिया कि भारत लाने की मांग संवैधानिक रूप से योग्य अधिकार नहीं है, क्योंकि वह पाकिस्तानी नागरिक थे।

### चंडीगढ़ चुनाव अधिकारी मसीह ने सुप्रीम कोर्ट से माफी मांगी



**नई दिल्ली।** चंडीगढ़ महापौर चुनाव के लिए निर्वाचन अधिकारी अनिल मसीह ने अपने आचरण के लिए शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट से बिना शर्त माफी मांग ली है। बता दें, न्यायालय ने फरवरी में चंडीगढ़ महापौर चुनाव का नतीजा पलट दिया था। शीर्ष कोर्ट ने मसीह को फटकार लगाते हुए उनके खिलाफ मतगणना के दौरान गंभीर कदाचार के लिए मुकदमा चलाने का आदेश दिया था। मसीह ने कहा कि वह पहले दिया हलफनामा वापस लेंगे, जिसमें कहा गया था कि वह अवसाद और बैचेनी से गुजर रहे थे और इसमें उन्होंने मतपत्रों में छेड़छाड़ के आरोपों से इनकार किया था। उन्होंने हलफनामे में कहा था, जनवरी को चुनाव प्रक्रिया की एक कथित वीडियो रिकॉर्डिंग ऑनलाइन लीक हो गई थी। इसके बाद, प्रतिवादी (मसीह) को राजनीतिक दलों के सदस्यों की लगातार आलोचना और टीका-टिप्पणियों का सामना करना पड़ा।

### एआईएफएफ की याचिकाओं पर विचार करेगा सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) से संबंधित याचिकाओं पर विचार करने और शीर्ष अदालत के पूर्व जज एल. नागेश्वर राव द्वारा तैयार इसके संविधान को अंतिम रूप देने पर विचार के लिए शुक्रवार को सहमति जताई। सीजेआई, न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने न्यायमित्र के तौर पर अदालत की सहायता कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता गोपाल शंकरनारायण की इस बात पर गौर किया कि याचिकाओं पर सुनवाई की जानी चाहिए। शंकरनारायण ने कहा, 19 मार्च को कहा गया था कि याचिकाओं को पांच अप्रैल को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया जाएगा और आज पांच अप्रैल है। इसके बाद पीठ ने आश्वासन दिया कि मामले को सुनवाई के लिए जल्द सूचीबद्ध किया जाएगा।

# अमस में भीड़ ने की नेपाली पर्यटक से अभद्रता, केस दर्ज

**जोरहाट।** असम के जोरहाट जिले में एक विदेशी महिला के साथ अभद्रता का मामला सामने आया है। नेपाल से आई पर्यटक ने आरोप लगाया कि स्थानीय लोगों की भीड़ ने उसके साथ अभद्रता की है। हालांकि पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए एफआईआर दर्ज कर ली और जांच शुरू कर दी है।

असम पुलिस ने गुरुवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि नेपाल की महिला पर्यटक से अभद्रता के स्थनीय लोगों पर आरोप लगे हैं। हालांकि मामला दर्ज कर दिया गया है। टिटाबोर के उप विभागीय पुलिस अधिकारी ने कहा कि वह पीड़िता संपर्क में है। कानून के मुताबिक, आगे की कार्रवाई की जा रही है। पीड़िता द्वारा गुरुवार को एक सोशल मीडिया वीडियो के जरिए अभद्रता और पुलिस निष्क्रियता के आरोप लगाए गए थे।

पीड़ित महिला पर्यटक ने दावा किया कि मारियानी इलाके में भीड़ ने सिर्फ उसके साथ इसलिए अभद्रता की क्योंकि उन्हें मेरे लड़कों की तरह पहने कपड़ों से आपत्ति थी। महिला ने आरोप लगाया कि वहां के स्थानीय लोगों ने उनके साथ अभद्रता की और मेरे कपड़ों को फाड़ दिया गया।

# विमान में महिलाओं के सामने यात्री ने कप में किया पेशाब

**सिडनी, एजेंसी**

- शर्मनाक हरकत करने से यात्री पर 600 डॉलर का जुर्माना लगाया

सिडनी हवाईअड्डे पर एक यात्री विमान में की गई शर्मनाक हरकत सामने आई है। विमान में देरी के दौरान यात्री ने महिलाओं के सामने कप में पेशाब किया, और उसके उतरते ही उसपर कार्रवाई की गई।

अधिकारियों ने बताया कि यह घटना, पिछले दिसंबर में ऑकलैंड से एयर न्यूजीलैंड की उड़ान में 3 घंटे की देरी हुई थी और सिडनी की एक अदालत ने फरवरी में ऐसे व्यवहार के लिए 53 वर्षीय व्यक्ति पर 600 डॉलर का जुर्माना लगाया था। यह घटना लोगों के ध्यान में तब आई, जब न्यूजीलैंड की समाचार वेबसाइट स्टफ ने बताया कि उसी पंक्ति में एक महिला यात्री, जिसकी पहचान होलव के रूप में हुई, उसने बताया कि उसने एयर क्रू को इस व्यवहार की सूचना दी थी। महिला यात्री ने कहा कि वह और उसकी 15 वर्षीय बेटी सब सीट पर बैठी थीं, तभी खिड़की वाली सीट पर बैठा व्यक्ति एक कप में पेशाब कर रहा था। उसने कहा कि वह आदमी साफ तौर पर नशे में था और विमान से बाहर निकलते ही उसने एक फ्लाइट अटेंडेंट पर पेशाब गिरा दिया। ऑस्ट्रेलियाई पुलिस ने कहा कि नशे सहित गलत व्यवहार के लिए हर महीने पांच से 10 यात्रियों पर एयरलाइन प्रतिबंध लगाता है।

### केरल के कन्नूर में विस्फोट, एक की मौत, 3 घायल

**कन्नूर।** केरल के कन्नूर जिले में स्थित पनूर इलाके के पास शुक्रवार को एक धमाका हुआ, जिसमें व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया है। इस घटना के बाद से राजनीतिक बयानबाजी का दौर शुरू हो गया है। कांग्रेस और भाजपा दोनों ने सीपीआई पर गंभीर आरोप लगाए हैं। हालांकि वामपंथी दल ने इस घटना में किसी भी तरह की संलिप्तता से इनकार किया है। विपक्षी कांग्रेस ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा, सीपीआई समर्थकों द्वारा देशी बमों को बनाने के दौरान यह घटना घटी। वहीं, भाजपा ने भी सीपीआई को आड़े हाथ लिया। उन्होंने कहा कि बम के जरिए वाम दल दहशत फैलाने की कोशिश कर रही है। सीपीआई ने कहा राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी लोगों को गुमराह करने के लिए जानबूझकर झूठा प्रचार कर रहे हैं।

## गुलमर्ग गुलजार...



**गुलमर्ग :** हिमालयी क्षेत्र में बर्फबारी जारी है। इस कारण जम्मू-कश्मीर के प्रसिद्ध पर्यटक स्थल गुलमर्ग की वादियों पर बर्फ की चादर बिछी है। इनका दीदार करने और वहां स्कीइंग का लुत्फ उठाने के लिए सैलानी लगातार उमड़ रहे हैं। इस महीने गुलमर्ग में 10 सेमी बर्फबारी हो चुकी है। उधर, हिमाचल के कुल्लू और लाहौल की चोटियों पर बर्फबारी का दौर जारी है। गुरुवार रात को अटल टनल के साथ रोहतांग दर्रा सहित ऊंची चोटियों में बर्फबारी हुई। रोहतांग दर्रा व कुंजम दर्श में 10 सेंटीमीटर और बारालाचा में 5 सेंटीमीटर बर्फ रिकॉर्ड की गई। लाहौल के नॉर्थ पोर्टल, सिस्सू में ताजा बर्फबारी के बाद सैलानी पहुंच रहे हैं। शुक्रवार को भी कुछ क्षेत्रों में बारिश-बर्फबारी हुई है। हालांकि शनिवार को मौसम साफ होने के आसार हैं। ● एजेंसी

# भारतीय तटरक्षक बल ने 27 बांग्लादेशी को बचाया

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- नाव खराब होने से बीच समुद्र में फंसे मछुआरों को बांग्लादेश को सौंपा

भारतीय तटरक्षक बलों ने बीच समुद्र में फंसे 27 बांग्लादेशी मछुआरों की जान बचाई और शुक्रवार को उनको बांग्लादेश को सौंप दिया। भारतीय तटरक्षक बल ने पहले तो उनकी नाव को ठीक करने की कोशिश की, जब नांव ठीक नहीं हो पाई तो सभी को सुरक्षित निकाल लिया।

कोलकाता स्थित भारतीय तटरक्षक क्षेत्रीय मुख्यालय के एक अधिकारी ने कहा, तटरक्षक बल का आदर्श वाक्य है वयम् रक्षाम (हम रक्षा करते हैं), जिसे हमने साबित करके दिखाया। भारतीय तटरक्षक बल ने बताया है कि, नौका स्टीयरिंग गियर टूटने के बाद भारतीय जल क्षेत्र में आ गई थी और वे सभी समुद्र में फंस गए थे। भारतीय तट रक्षकर बल के एक



अधिकारी ने बताया कि एक त्वरित ऑपरेशन करके भारतीय तटरक्षक (आईजीसी) गुरुवार रात को समुद्र में अपनी मछली पकड़ने वाली नाव पर फंसे 27 बांग्लादेशी मछुआरों को बचाया। रात करीब 11.30 बजे भारतीय तटरक्षक जहाज अमोघ ने भारत-बांग्लादेश अंतर्राष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा (आईएमबीएल) पर गश्त के दौरान एक बांग्लादेशी मछली पकड़ने वाली नाव को भारतीय जल क्षेत्र में बहते हुए देखा। आईसीजी जहाज ने जांच के लिए बोर्डिंग टीम को भेजा। जांच के दौरान पता चला कि नाव का पिछले दो दिनों से स्टीयरिंग गियर खराब था और तब से वह भटक रही थी, जिसके कारण नाव भारतीय जल सीमा के अंदर चली गई। बीएफबी में 27 चालक दल/मछुआरे सवार थे। अधिकारी ने बताया भारतीय तटरक्षक तकनीकी टीम ने खराबी की पहचान करने और उसे ठीक करने की कोशिश की, लेकिन जब देखा कि नाव का पतवार पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है और समुद्र में इसकी मरम्मत नहीं की जा सकी। समुद्र की स्थिति और मौसम की स्थिति अनुकूल थी, इसलिए यह निर्णय लिया गया कि संकटग्रस्त नाव को भारत-बांग्लादेश आईएमबीएल में लाया गया।

# असम कांग्रेस अध्यक्ष का हिमंत पर 10 करोड़ का मानहानि का केस

**गुवाहाटी।** असम के कांग्रेस अध्यक्ष भूपेन कुमार बोरा ने एक स्थानीय अदालत में मुख्यमंत्री हिमंत विश्व सरमा के खिलाफ 10 करोड़ रुपये का मानहानि का मामला दायर किया है। कांग्रेस नेता ने अपनी शिकायत में कहा है कि हिमंत विश्व सरमा के कई बयानों ने उनकी सार्वजनिक छवि और पार्टी को नुकसान पहुंचाया है।

बोरा ने गुरुवार को सिविल जज सह सहायक सत्र न्यायाधीश नंबर एक, कामरूप मेट्रो की अदालत में मामला दर्ज कराया। एक प्रमुख स्थानीय दैनिक और उसके संपादक को मामले में प्रतिवादी बनाया गया है। आरोप लगाया है कि शर्मा ने राज्य के कांग्रेस प्रमुख जल्द ही पार्टी छोड़ देंगे, जिससे उनकी सार्वजनिक छवि को नुकसान पहुंचा है।

**विज्ञान** नए शोध में नॉर्थ वेस्टर्न यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों ने किया तारों के रहस्य का खुलासा

# भ्रमित करने वाले एक हजार तारों की खोज

**नैनीताल कार्यालय**

**अमृत विचार :** तारों के बारे में जैसा हम समझते हैं, वैसा न होकर ये कहीं अधिक अनसुलझी गुत्थियों से उलझे हुई है। एक नए शोध से कुछ ऐसा ही पता चला है। जिसमें भ्रमित करने वाले हजार तारों का चौंकाने वाला रहस्य उजागर हुआ है। नॉर्थ वेस्टर्न यूनिवर्सिटी वैज्ञानिकों ने यह आश्चर्यजनक खोज की है।

नए मॉडल का उपयोग कर खगोल भौतिकीविदों ने हमारी आकाशगंगा के केंद्रीय सुपरमैसिव ब्लैक होल के सैजिटेरियस ए (एसजीआर ए) की परिक्रमा कर रहे 1,000 भ्रम मे डालने वाले नकली सितारों को पता लगाया है, जो बेहद हिंसात्मक हैं और तेज़ गति के साथ एक दूसरे से टकराते हैं। टकराव के बाद कुछ एक दूसरे में विलय हो जाते हैं, जबकि कुछ तरोताजा दिखते हैं। साथ ही तारे बहुत कुछ कारण से युवा दिखते हैं।

यह जानकारी भी सामने आई है कि टकराव से बचे तारे अपना द्रव्यमान खो देते हैं और कम द्रव्यमान वाले तारे बन जाते हैं या फिर अन्य तारों के साथ विलय करके विशाल और पुनर्जीवित हो जाते हैं। शोध का नेतृत्व कर रही वैज्ञानिक सानिया सी. रोज़ के अनुसार केंद्रीय ब्लैक होल के आसपास का क्षेत्र बेहद तेज़ गति से घूमने वाले तारों से भरा पड़ा है।

उनके आपस मे एक दूसरे के बहुत करीब से गुजरने पर गुरुत्वाकर्षण के कारण परस्पर टकराव की स्थिति उत्पन्न होती है। हमारी आकाशगंगा के केंद्र में यह बेहद अजीब जगह है। जहाँ तारों की संख्या दस लाख से भी अधिक है। जिसमें ब्लैकहोल के समीपवर्ती तारों का व्यवहार हमारी कल्पना से परे बेहद अजीब है। हमारा सूर्य ब्लैकहोल से लगभग चार प्रकाश वर्ष दूर है। जिस कारण हमारी सूर्य के आसपास की दुनिया शांत है।



ब्लैकहोल के साथ नजदीकी तारों का चित्र।

### छोटे तारों को निगल जाते हैं बड़े तारे

एस्ट्रोफिजिकल जर्नल लेटर्स द्वारा द एस्ट्रोफिजिकल जर्नल में यह शोध प्रकाशित होने जा रहा है। दअरसल गुरुत्वाकर्षण प्रभाव जितना रोचक है, उतना ही ख़तरनाक भी है। जिसके परिणामस्वरूप बड़े तारे कम गुरुत्वाकर्षण वाले तारों को निगल जाते हैं और ब्लैकहोल अपने नजदीकी तारों को।

# ब्रिटेनः भारतीय छात्रों ने शुरू किया फेयर वीजा फेयर चांस अभियान

**लंदन।** ब्रिटेन में भारतीय छात्रों ने 'ग्रैजुएट रूट' वीजा के पक्ष में 'फेयर वीजा, फेयर चांस' नाम से एक नया अभियान शुरू किया। 'ग्रैजुएट रूट' वीजा अंतर्राष्ट्रीय स्नातकों को उनकी डिग्री के बाद दो साल के लिए ब्रिटेन में रहने और कार्य अनुभव प्राप्त करने का मौका देता है। दरअसल, एक स्वतंत्र विस्थापन सलाहकार समिति (एमसीए) को ब्रिटेन के गृह मंत्री जेम्स क्लेवरली ने 'ग्रैजुएट रूट' वीजा की समीक्षा की जिम्मेदारी सौंपी है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि यह उस उद्देश्य को पूरा करता है या नहीं, जिसके लिए इसे बनाया गया है। माना जा रहा है कि समिति अगले माह तक अपनी रिपोर्ट सौंप देगी। छात्रों ने चेतावनी दी कि यदि ब्रिटेन के लिए अपने पैर पर कुल्हाड़ी मारने जैसा होगा, क्योंकि अंतर्राष्ट्रीय छात्र ब्रिटेन की अर्थव्यवस्था में 42 अरब जीबीपी का योगदान करते हैं।

# भारतीयों के लिए नई वीजा कैटेगरी शुरू करेगा अमेरिका

**वाशिंगटन, एजेंसी**

- जून से शुरू होने वाली ई-1 और ई-2 कैटेगरी में 40 हजार भारतीय कर सकेंगे आवेदन

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने भारतीयों को प्रवेश देने के लिए नई वीजा कैटेगरी की शुरुआत की है। जून के अंत अथवा जुलाई के पहले सप्ताह में शुरू होने वाली ई-1 और ई-2 कैटेगरी में 40 हजार भारतीय आवेदन कर सकेंगे।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, इसके लिए अमेरिका ने भारत को ट्रीटी कंट्री (समझौता देश) का दर्जा दिया है। इस कदम से एच-1 बी वर्क वीजा के लिए वेटिंग लिस्ट में शामिल लगभग 3 लाख भारतीयों को बड़ी राहत मिलने की संभावना है। एच-1 बी वीजा का इंतजार कर रहे भारतीय अब ई-1 और ई-2 में आवेदन कर सकेंगे। उल्लेखनीय है कि अमेरिका में एच-1 बी वर्क वीजा की पेंडेंसी लगभग 134 साल है। उल्लेखनीय है कि अमेरिका ने 2023 में




भारतीय को रिकॉर्ड 14 लाख वीजा जारी किए थे। इनमें 50 फीसदी संख्या अमेरिका में उच्च शिक्षा के लिए जाने वाले भारतीय छात्रों की थी।

ई-1 वीजा में आवेदक को संपत्ति माना जाएगा, फैमिली भी ला सकेंगे, ई-1 वीजा कैटेगरी में आवेदक को संपत्ति (असेट) माना जाएगा। इन्वेस्टर, एग्जीक्यूटिव, सुपरवाइजर और अन्य किसी भी स्किल्ड वर्कर का मूल्यांकन संपत्ति के तौर पर होगा। अमेरिकी इमिग्रेशन डिपार्टमेंट हर आवेदक रिकॉर्ड को देखकर अर्थव्यवस्था में उसके योगदान को तय करेगा। ई-2 कैटेगरी में आवेदक को अपने मूल देश में इन्वेस्टमेंट को बताना होगा। उदाहरण के लिए ई-2 कैटेगरी का आवेदक ये बताएगा कि भारत में उसके व्यापार में से 50 फीसदी के बराबर का निवेश वह अमेरिका में भी करेगा। दोनों कैटेगरी में वीजा मिलने पर आवेदक अपनी फैमिली को अमेरिका ला सकेगा।

### अमेरिका में हर साल करोड़ों का योगदान देते हैं भारतीय प्रोफेशनल

भारतीय प्रोफेशनल अमेरिका के सर्विस सेक्टर में लगभग 2 .65 लाख करोड़ रुपए का योगदान देते हैं। अमेरिका ने इसका लक्ष्य 2024 में तीन लाख करोड़ रुपए रखा है। पिछले साल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी अमेरिका यात्रा के दौरान राष्ट्रपति बाइडन के समक्ष ट्रीटी कंट्री का दर्जा देने की बात उठाई थी। बाइडन ने इसे मंजूरी प्रदान कर संभावना जताई है कि वीसा बैकलॉग भी इससे कम हो सकेगा।